राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 12 अंक - 58
लखनऊ, सोमवार 14 अक्टूबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





नागरिकों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : सीएम योगी 03

उत्तराखंड सरकार चलाएगी 'आओ अपने गांव, वापस आओ' अभियान 12


# बाबा सिद्दीकी की हत्या के आरोपी गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज

**बहराइच/मुंबई।** पूर्व मंत्री और राकांपा (एपी) नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में शामिल तीसरे आरोपित की पहचान भी कर ली गई है। वहीं बाबा सिद्दीकी हत्याकांड मामले में पुलिस को एक और सफलता हाथ लगी है। घटना से जुड़ा चौथा आरोपी भी गिरफ्तार किया जा चुका है। बाबा सिद्दीकी मर्डर केस के चौथे आरोपी जीशान अख्तर को पंजाब के जालंधर से गिरफ्तार किया गया है। जीशान जालंधर का ही रहने वाला बताया जा रहा है। जीशान अख्तर 2022 में गिरफ्तारी के बाद जब जेल गया था, तब पटियाला जेल में उसकी मुलाकात लॉरेंस गैंग से हुई थी। इसके बाद जब वह जेल से बाहर आया तो मुंबई चला गया था। जीशान अख्तर जालंधर के नकोदर इलाके के शकर गांव का रहने वाला है।

आरोपितों में एक का संबंध विश्नोई गैंग से जुड़ा बताया जा रहा है। बाबा सिद्दीकी के पार्थिव शरीर का पोस्टमार्टम कूपर अस्पताल में किया गया और बाबा सिद्दीकी को मरीन लाईंस कब्रिस्तान में दफनाया गया।



**बाबा सिद्दीकी पर छह बार किया था राउंड फायर, तीन गोलियां सिद्दीकी को लगी जबकि एक गोली उनके सहयोगी को लगी**

पुलिस के अनुसार शनिवार रात हमलावरों ने बांद्रा के खेरवाड़ी इलाके बाबा सिद्दीकी पर छह राउंड फायर किया था। इनमें से तीन गोलियां बाबा सिद्दीकी को लगी, जबकि एक गोली उनके सहयोगी को लगी। इसके बाद तत्काल घायल बाबा सिद्दीकी को लीलावती अस्पताल में पहुंचाया गया, लेकिन उससे पहले ही उनकी मौत हो गई थी। घटना में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।

दोनों की पहचान करनैल सिंह और धर्मराज कश्यप के रूप में की गई है। इस घटना में तीसरा आरोपित दूर से मॉनिटर कर रहा था, जो फरार है। उसकी पहचान शिवा के रूप में की गई है। अब तक जांच में पता चला है कि आरोपित बाबा सिद्दीकी के कार्यालय और घर की एक महीने से रेकी कर रहे थे। इनमें से दो आरोपित कुर्ला में किराए के मकान में रह रहे थे। अब तक की छानबीन में पता चला है कि हत्या मामले में चार आरोपित शामिल हो सकते हैं। मुंबई पुलिस आयुक्त विवेक फलसणकर ने रविवार सुबह घटनास्थल का मुआयना किया।



सांसद पप्पू यादव ने सोशल मीडिया पर लिखा कि जेल में बैठा अपराधी चुनौती दे रहा है, लोगों की हत्या कर रहा है, सब मूकदर्शक बने हैं। कभी मूसेवाला, कभी करणी सेना के प्रमुख और अब एक उद्योगपति राजनेता की हत्या कर दी गई। इसके साथ ही पप्पू यादव ने लॉरेंस बिश्नोई को खुली चुनौती देते हुए कहा कि अगर कानून इजाजत दे तो लॉरेंस बिश्नोई जैसे घटिया अपराधी का पूरा नेटवर्क 24 घंटे में ध्वस्त कर दूंगा।

– पप्पू यादव, पूर्णिया सांसद

## लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली बाबा सिद्दीकी हत्याकांड की जिम्मेदारी

**नई दिल्ली।** कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने बाबा सिद्दीकी हत्याकांड की जिम्मेदारी ली है। गैंग की तरफ से एक फेसबुक पोस्ट वायरल हो रहा है। जिसमें गैंग ने दावा किया है कि वे सलमान खान से कोई झगड़ा नहीं चाहते थे लेकिन बाबा की हत्या की वजह उनका दाऊद इब्राहिम और अनुज थापन के साथ जुड़ाव था। बिश्नोई गैंग की तरफ किए गए पोस्ट में कहा गया है, ॐजीवन का मूल समझता हूं, जिस्म और धन को मैं धूल समझता हूं। किया वही सत्कर्म था, जो निभाया मित्रता का धर्म था। बिश्नोई गैंग ने फेसबुक पोस्ट में कहा, ॐसलमान खान हम ये जंग चाहते नहीं थे। पर तुमने हमारे भाई (लॉरेंस बिश्नोई) का नुकसान करवाया। आज जो बाबा सिद्दीकी की शराफत के पुल बांधे जा रहे हैं, वो एक टाइम में दाऊद के साथ मकोका एक्ट में था। इसके मरने का कारण अनुज थापन और दाऊद को बॉलीवुड, राजनीति, प्रॉपर्टी डीलिंग से जोड़ना था। पोस्ट में आगे लिखा गया है कि हमारी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है, पर जो भी सलमान खान और दाऊद गैंग की हेल्प करेगा, अपना हिसाब-किताब लगा के रखना। हमारे किसी भी भाई को कोई भी मरवाएगा, तो हम प्रतिक्रिया जरूर देंगे। हमने पहले वार कभी नहीं किया। पुलिस सूत्रों की मानें तो घटना के बाद से ही लॉरेंस बिश्नोई गैंग के ऊपर शक जताया जा रहा था। वहीं इस पोस्ट के बाद मामला साफ हो गया है। फिलहाल पुलिस लॉरेंस बिश्नोई से पूछताछ कर आगे की जांच करेगी।

## बढ़ाई गई मुख्यमंत्री के आवास की सुरक्षा

**मुंबई।** बांद्रा में पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद रविवार को मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और दोनों उप मुख्यमंत्रियों के बंगले पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इसी तरह मालाबार हिल क्षेत्र में अन्य मंत्रियों के बंगलों के बाहर भी गश्त बढ़ा दी गई है। बांद्रा के खेरवाड़ी इलाके में शनिवार रात को राकांपा (एपी) के नेता बाबा सिद्दीकी गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। बाबा सिद्दीकी फिल्म अभिनेता सलमान खान के करीबी थे, इसलिए पुलिस ने तत्काल सलमान खान के आवास पर पुलिस गश्त बढ़ा दी थी। हत्या के 28 घंटे बाद लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट कर हत्या की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि सलमान खान और दाऊद की मदद करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इस पोस्ट में लॉरेंस बिश्नोई ग्रुप और अनमोल बिश्नोई को हैशटैग किया गया है। लॉरेंस फिलहाल गुजरात की साबरमती जेल में है। बाबा सिद्दीकी की हत्या की जिम्मेदारी करते हुए किए गए सोशल मीडिया के पोस्ट में अनुज थापन का भी नाम है। अनुज थापन सलमान खान के आवास पर हुई फायरिंग मामले में आरोपित था और उसने पुलिस कस्टडी में आत्महत्या कर ली थी। इसी वजह से इस सोशल के पोस्ट के बाद मुख्यमंत्री, दोनों उपमुख्यमंत्री के आवास के बाहर दोपहर बाद सुरक्षा बढ़ा दी।

## सलमान खान की सुरक्षा बढ़ी

सिद्दीकी के करीबी सलमान खान की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। राजनीति में दिलचस्पी ना रखने वाले लोग बाबा सिद्दीकी को उनकी इफ्तार पार्टियों के लिए जानते थे। सालाना रमजान के मौके पर मुंबई में होने वाली इस पार्टी में बॉलीवुड सेलेब्स की भीड़ रहती थी। ये बात कम लोग ही जानते हैं कि यही पार्टी शाहरुख खान और सलमान खान का सालों पुराना झगड़ा खत्म होने की वजह रही थी। हर साल की तरह साल 2013 में भी बाबा सिद्दीकी ने इफ्तार पार्टी का आयोजन किया था। सलमान इस पार्टी में पहले से मौजूद थे, जबकि शाहरुख खान उनके बाद पहुंचे थे। संयोग से जिस समय शाहरुख पार्टी में पहुंचे, सलमान भी वहीं मौजूद थे।

# ट्रक व कार की टक्कर, दो विदेशी महिलाओं समेत तीन की मौत

समृद्धि न्यूज

**▸ आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर हुआ भीषण हादसा**

**इटावा।** उत्तर प्रदेश के इटावा में एक भीषण हादसा हो गया। यहां पर आगरा-लखनऊ 'एक्सप्रेस वे पर एक ट्रक से टक्कर होने पर कार में सवार दो विदेशी महिलाओं समेत तीन लोगों की मौत हो गयी और तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

जिले से होकर निकले आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर तीन लोगों के लिए शनिवार की रात आखिरी रात बन गई। यहां सड़क दुर्घटना में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बताते चलें कि मामला उसराहार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे के किलोमीटर संख्या 125 का है। यहां शनिवार की रात 10.15 पर किया नाम की कार 6 लोग सवार होकर लखनऊ से आगरा की तरफजा रहे थे तभी अज्ञात वाहन से कार जा जा टकराई। इस हादसे के बाद कार का अगला हिस्सा बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गया तो वहीं कार में मौजूद तीन लोगों की मौत हो गई जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां उनका इलाज किया जा रहा। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर हुए हादसे के बारे में बताया गया कि कार की अधिक स्पीड होने के वजह से वह आगे चल रहे अज्ञात वाहन से टकरा गई। हादसे में दो विदेशी नागरिक समेत एक भारतीय की भी मौत हुई है। जो दो विदेशी नागरिकों की मौत हुई है जिसमें एक नाज नाम की महिला शामिल है जो कि अफ्गानिस्तान की रहने वाली है तो वहीं दूसरी महिला कैटरीना है जो की रूस की रहने वाली है। वही एक भारतीय है जिसका नाम संजीव है जो की तुगलकाबाद एक्सटेंशन दिल्ली का रहने वाला है। वहीं, इस घटना में तीन लोग की घायल हुए हैं। इस हादसे के बाद यूपीड़ा के अधिकारियों के द्वारा मृतकों की परिवार के लोगों को घटना के बारे में जानकारी दे दी गई है। हादसे में गाड़ी का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया ।

## संक्षिप्त समाचार

### अग्निवीरों की शहादत से भेदभाव क्यों : राहुल गांधी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने महाराष्ट्र के नासिक में ट्रेनिंग के दौरान दो अग्निवीरों की शहादत पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा है कि क्या सरकार अन्य सैनिकों की तरह इन अग्निवीरों को भी सम्मान और मुआवजा देगी। श्री गांधी ने कहा, नासिक में ट्रेनिंग के दौरान दो अग्निवीर – गोहिल विश्वराज सिंह और सैफत शित – का निधन एक दर्दनाक घटना है। उनके परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। यह घटना एक बार फिर अग्निवीर योजना पर गंभीर सवाल उठाती है, जिनका जवाब देने में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार असफल रही है। उन्होंने पूछा क्या गोहिल और सैफत के परिवारों को समय पर मुआवजा मिलेगा, जो किसी अन्य जवान की शहादत के बराबर हो। जब दोनों ही सैनिकों की जिम्मेदारियां और बलिदान समान हैं, तो उनके शहादत के बाद यह भेदभाव क्यों। श्री गांधी ने कहा, अग्निपथ योजना सेना के साथ अन्याय है और हमारे वीर जवानों की शहादत का अपमान है।

### हरियाणा में नया सीएम चुनने के लिए पर्यवेक्षक बने शाह

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। पार्टी महासचिव अरुण सिंह ने रविवार को यहां एक विज्ञप्ति में बताया कि पार्टी के संसदीय बोर्ड ने हरियाणा में विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए श्री शाह और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। इसी तरह से पार्टी संसदीय बोर्ड ने जम्मू-कश्मीर विधायक दल के नेता के चयन के लिए केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। राजनीतिक हलकों में श्री शाह को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाने को आश्चर्य से देखा जा रहा है।

### सीसामऊ में एक बार फिर चलेगी साइकिल : सोलंकी

**कानपुर।** सीखने की कोई उम्र नहीं होती है, स्कूल में शिक्षा तो मिल जाती है। लेकिन जैसे जैसे हालत होते हैं उसे हर चीज वक्त सिखा देता है। वक्त ने ही मुझे संघर्ष की लड़ाई सिखा दिया और राजनीतिक पारी की शुरुआत कर दी है। कोर्ट कचहरी में अपने शौहर को बेकसूर साबित करने के लिए भरसक प्रयास किया, लेकिन अब जनता की अदालत में सुनवाई होगी और सीसामऊ में एक बार फिर साइकिल चलेगी। यह बातें रविवार को सीसामऊ विधानसभा सीट की सपा उम्मीदवार नसीम सोलंकी ने मीडिया से बातचीत करते हुए कही। सीसामऊ सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी की शिक्षक सभा की रविवार को पार्टी कार्यालय में बैठक हुई।

# करोड़ों रुपए की ठगी करने वाले गैंग के दस ठग गिरफ्तार, 15 राज्यों में फैला था नेटवर्क

समृद्धि न्यूज

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश के जनपद शाहजहांपुर मे पुलिस, सर्विलांस सेल और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने रविवार को साइबर ठगों के सिंडेकेट का खुलासा करते हुए दस ठगों को गिरफ्तार किया है। ठगों के पास से अलग-अलग बैंको के 32 पासबुक, 10 चैक बुक, 10 एटीएम कार्ड, पैन कार्ड, बैंको में खाता खोलने के फार्म, कई आधार कार्ड और उनकी छायाप्रतियां आदि सामना बरामद हुआ है।

अपर पुलिस अधीक्षक नगर संजय कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपित जनपद शाहजहांपुर के रहने वाले चन्दन





मिश्रा ऊर्फ हर्षित मिश्रा, मोहन सक्सेना, समीर गुप्ता , अभिषेक यादव ऊर्फ अपराधी, अनुभव गौतम, केशव केवट, जावेद हसन, अर्जुन, करन राजपूत, मोनू रस्तोगी है। पुलिस टीम ने चांदापुर चौराहे के पास से गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि यह सिंडिकेट छात्रों, गरीबों व भोलेभाले लोगों से इन्टरनेट अथवा मोबाइल कॉल के जरिये संपर्क करता है और फिर उनको तीन से पांच हजार रुपये का लालच देकर उनके बैंक एकाउंट खुलवाते हैं। जबकि बैंक अकाउंट पास बुक और एटीएम यह लोग विभिन्न राज्यों में अपने अन्य साथियों को भेज देते और उसके बाद ठगी करते हुए उक्त बैंक खातें में रुपये ट्रॉन्सफर कर एटीएम अथवा यूपीआई के जरिये पैसे निकाल लेते थे। एएसपी ने बताया कि ठगों का नेटवर्क उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगना, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, मणिपुर, हिमांचल प्रदेश, उत्तराखंड, झारखंड आदि 15 राज्यों में फैला है। जांच में पता चला है कि ठगी द्वारा दो सौ फर्जी अकॉउंट खोले गए हैं और 32 खातों के जरिये ठग एक करोड़ पचपन लाख रुपये निकाल चुके हैं।

### वायु प्रदूषण नियंत्रण संबंधित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट दिल्ली में वायु प्रदूषण नियंत्रण से संबंधित एक जनहित याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर प्रकाशित वाद सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति एजी. मसीह की पीठ 14 अक्टूबर (सोमवार) को मामले की सुनवाई करेगी। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने धान की पराली जलाने वाले किसानों से नाममात्र का मुआवजा वसूलने पर चिंता जताई थी। सुप्रीम कोर्ट ने पराली जलाने के मामले में एक भी अभियोजन मामला नहीं चलाने के बावजूद वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को उसके निर्देशों को लागू करने के लिए कोई प्रयास नहीं करने के लिए फटकार लगाई थी।

# उत्तर प्रदेश में आगामी दिनों में दिखेगा दक्षिणी पश्चिमी सर्द हवाओं का असर

समृद्धि न्यूज

**▸ रात का तापमान गिरेगा जबकि सामान्य से ज्यादा रहेगा दिन का तापमान**

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश में मानसून पूरी तरह से वापस हो गया है। अब मानसूनी बारिश नहीं होगी। मानसून वापसी के बाद उत्तर प्रदेश का मौसम शुष्क हो गया है और आसमान लगभग साफ होने लगा है। यह अलग बात है कि कहीं-कहीं पर निचले स्तर के बादलों की आवाजाही हो जाती है।

मौसम विभाग का कहना है कि आगामी दिनों में दक्षिण पश्चिमी सर्द हवाओं का असर उत्तर प्रदेश के मैदानी इलाकों में दिखेगा और रातें सर्द होने लगेंगी। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने रविवार को बताया कि इन दिनों अरब सागर और बंगाल की खाड़ी दोहरा मौसमी सिस्टम बना हुआ है। इन दोनों सिस्टमों से दक्षिण भारत से लेकर गुजरात और राजस्थान का मौसम प्रभावित होगा, जिसमें भारी बारिश से लेकर तूफान शामिल है। हालांकि उत्तर प्रदेश इन दोनों मौसमी प्रणालियों से दूर रहेगा और मानसून वापसी का असर दिखेगा। मानसून वापसी की रेखा झारखण्ड तक पहुंच चुकी है जिससे उत्तर प्रदेश में आगामी दिनों मौसम शुष्क रहेगा। रात के तापमान गिरेंगे लेकिन दिन के तापमान सामान्य से अधिक रहेंगे।

# मूर्ति विसर्जन जुलूस पर पथराव, फायरिंग में युवक की मौत

**▸ वाहनों में तोड़फोड़, चार मकान जलाए, थानों की फोर्स व पीएसी तैनात**

समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** जिले के महराजगंज इलाके में मूर्ति विसर्जन मुस्लिम समुदाय के घर के सामने से दुर्गा प्रतिमा विसर्जन जुलूस निकाला जा रहा था। इसी दौरान मुस्लिम समुदाय की तरफ से पथराव के बाद गोली चला दी गई। जिसमें एक युवक की मौत हो गई। जिसके बाद मौके पर भगदड़ मच गई।

जिले के रेहुआ मंसूर गांव की प्रतिमा रविवार शाम को विसर्जन के लिए लोग जुलूस के साथ जा रहे थे। जुलूस हरदी थाना क्षेत्र के महाराज गंज बाजार में



पहुंची। बाजार निवासी अब्दुल हमीद के घर के सामने से निकल रहे जुलूस में लोग जयकारा लगा रहे थे। इसी दौरान मूर्तियों पर लोगों ने पथराव शुरू कर दिया। पथराव के बीच ही उपद्रवियों ने गोली चला दी। गोली लगने से रेहुआ मंसूर गांव निवासी राम गोपाल मिश्रा (22) पुत्र कैलाश नाथ उर्फ पुताई घायल हो गए। जिसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। लेकिन मेडिकल कॉलेज बहराइच में इलाज के दौरान मौत हो गई।

यह सूचना महाराज गज बाजार पहुंची तो लोगों ने वाहनों में तोड़फोड़ कर आग लगा दिए। चार मकान जलाकर राख हो गई। मौके पर कई थानों की पुलिस फोर्स के साथ पीएसी के जवान पहुंचे हैं। लेकिन गांव के लोगों ने चारों तरफ कई लोगों को घेर रखा है। मूर्तियों का विसर्जन रोक दिया गया। मामले में एसपी वृंदा शुक्ला ने लापरवाही बरतने वाले हरदी थाना अध्यक्ष और महसी चौकी इंचार्ज को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है।

**सीएम ने दिए कार्रवाई के आदेश**

सीएम योगी ने बहराइच में हुई घटना को लेकर अधिकारियों को उपद्रवियों की पहचान कर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं, वहीं यह भी कहा कि महसी में माहौल बिगाड़ने वालों को बक्शा नहीं जाएगा, सभी की सुरक्षा हमारी सरकार की प्राथमिकता है। जिन लोगों की लापरवाही से घटना हुई उन्हें भी चिन्हित कर उन पर भी कार्रवाई होगी।

### धर्म परिवर्तन कराने वाले दो गिरफ्तार

**सुल्तानपुर।** थाना कोटवाली नगर के महुआरिया मुहल्ले में ईसाई धर्म में धर्म परिवर्तन करा रहे दो लोग गिरफ्तार कर लिए गए। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेजने की कार्यवाही शुरू कर दी है। थाना कोतवाली पुलिस प्रशांत कुमार सिंह ने रविवार को बताया कि नगर के महुअरिया मोहल्ले में सूचना प्राप्त हुई कि ईसाई धर्म के कुछ लोग वहां पर धर्म परिवर्तन करने का प्रयास कर रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस द्वारा मौके पर जाकर जांच की गयी तो प्रकरण सत्य पाया गया। इससे संबंधित दो आरोपियों सालविन एवं सैनी को हिरासत में लिया गया है जो कि ईसाई धर्म का प्रचार प्रसार कर वहां के लोगों कै धर्म परिवर्तन का प्रयास कर रहे थे।

# एमडी ड्रग्स मामले में खुलासा, लाला के जरिए कई राज्यों में हो रही थी तस्करी

एजेंसी

**▸ शोएब ने प्रतापगढ़ जिले में बना रखा ड्रग्स का सप्लाई सेंटर**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के बगरोदा औद्योगिक क्षेत्र में बंद पड़ी फर्नीचर फैक्टरी में अवैध रूप से एमडी ड्रग्स बनाने वाले तस्करों के तार देश के आधा दर्जन राज्यों के बड़े तस्करों से जुड़े हैं।

मंदसौर के रहने वाले हरीश आंजना के राजस्थान निवासी दोस्त शोएब लाला ने उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में सप्लाई का सेंटर बना रखा था। दो खेप माल भोपाल की फैक्टरी में तैयार करके प्रेमसुख पाटीदार के जरिए शोएब लाला तक हरीश आंजना ने पहुंचाया था। शोएब लाला प्रतापगढ़ में बनाए गए सप्लाई सेंटर से देश के अन्य राज्यों में एमडी ड्रग्स की तस्करी करता था। यह खुलासा रविवार को मंदसौर पुलिस की गिरफ्त में आए प्रेमसुख पाटीदार ने पूछताछ में किया है। दरअसल, भोपाल में पकड़ी गई 1814 करोड़ की ड्रग्स के मामले में आरोपित प्रेमसुख पाटीदार ने दो दिन पूर्व अफजलपुर थाने में खुद को गोली मार कर सरेंडर कर दिया था। वह बुरी तरह से घायल हो गया था। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती करा रखा है, जहां उसका उपचार चल रहा है। फिलहाल उसकी स्थिति खतरे के बाहर है।

### ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे पर ट्रक ने चार लोगों को रौंदा, तीन की मौत

**बागपत।** उत्तर प्रदेश के बागपत में एक बड़ा हादसा हो गया। यहां पर ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने कैंटर से उतर रहे चार लोगों को कुचल दिया। इस हादसे में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। जानकारी होने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं, शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। यह हादसा जिले के रटौल में ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेसवे पर लहचौड़ा के पास हुआ। नन्हे (40) पुत्र इंतजार निवासी दहरा, नाहल निवासी आकिल पुत्र इकबाल अपने साथियों के साथ कैंटर से गाजियाबाद की तरफ से हरियाणा की ओर जा रहे थे।

# दिल्ली में धूल-प्रदूषण फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : गोपाल राय

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़े साझा करते हुए दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने रविवार को कहा कि दिल्ली में पिछले दो साल से लगातार जनवरी से अक्टूबर तक 200 से ज्यादा अच्छे दिन रहे हैं जबकि वर्ष 2016 में मात्र 109 दिन ही अच्छे रहे थे। आमतौर पर दशहरा के अगले दिन दिल्ली का एक्यूआई खराब कैटेगरी में होता है लेकिन इस बार बारिश नहीं होने के बावजूद हवा स्वच्छ रही है।

उन्होंने कहा कि सोमवार से धूल प्रदूषण पैदा करने वालों को किसी भी तरह की ढील नहीं दी जाएगी। अगर कोई धूल प्रदूषण फैलाता हुआ पाया गया तो एंटी डस्ट कैंपेन के तहत उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। गोपाल राय ने अपने आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि पूरे उत्तर भारत और खास तौर से दिल्ली में सर्दियों का मौसम प्रदूषण लेकर आता है लेकिन आज हम लोग दशहरा के अगले दिन दिल्ली की साफ हवा के बीच सांस ले रहे हैं। आमतौर पर दशहरा के अगले दिन दिल्ली में हवा की गुणवत्ता खराब स्थिति में पहुंच जाती है। दिल्ली में पिछले 10 दिनों से बारिश नहीं हुई है। इसके बावजूद एयर क्वालिटी इंडेक्स खराब स्थिति से बाहर है। यह दिल्ली के अंदर लगातार दूसरा साल है। पिछले साल भी जनवरी से 12 अक्टूबर तक 200 दिन ऐसे थे, जिनकी गिनती अच्छे दिनों में थी।

**यात्रा** | मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर पूरे रास्ते श्रद्धा और समरसता के फूल बरसते रहे

# सीएम योगी के नेतृत्व में निकली विजयादशमी शोभायात्रा

समृद्धि न्यूज

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री और गोरक्षपीठ के महंत योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शनिवार शाम गोरखनाथ मंदिर से विजयादशमी शोभायात्रा निकली, जिसका अल्पसंख्यक समाज के लोगों ने भी स्वागत किया।

आधिकारिक बयान के अनुसार धर्म, सत्य और न्याय की विजय प्रतिष्ठा के पावन महापर्व विजयादशमी के अवसर पर गोरखनाथ मंदिर से निकली पारंपरिक विजयादशमी शोभायात्रा में आस्था के रथ पर सवार गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ पर पूरे रास्ते श्रद्धा और समरसता के फूल बरसते रहे। बयान में कहा गया है कि उमंग, उल्लास व उत्साह की लहरों के बीच शोभायात्रा का रास्तेभर जोरदार अभिनंदन हुआ। सामाजिक समरसता के ताने बाने को मजबूत करती गोरक्षपीठाधीश्वर के नेतृत्व वाली इस पारंपरिक शोभायात्रा का अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने भी जबरदस्त उत्साह से भावपूर्ण स्वागत किया। बयान में कहा गया है कि फूलों से सजे नए रथ पर गोरखनाथ मंदिर के महंत के पारंपरिक परिधान में शोभायात्रा की अगुवाई कर रहे गोरक्षपीठाधीश्वर का बुनकर (मुस्लिम) और सिंधी समाज के साथ ही सर्व समाज के लोगों ने अभिनंदन किया। पीठाधीश्वर योगी ने उन्हें आशीर्वाद दिया, मंगलमय जीवन की कामना की और नौ दिन तक चले नवरात्र अनुष्ठान का प्रसाद दिया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच नाथपंथ के विशेष वाद्ययंत्र नागफनी, तुरही, नगाड़े, काशी से आए डमरू दल, ढोल व बैंड बाजे की धुन और हनुमान दल के बालकों के हैरतंगेज करतब के बीच शोभायात्रा आगे बढ़ी। जगह-जगह स्वागत में कलाकारों के विविध लोक नृत्य समूची भारतीय संस्कृति का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। पूरे रास्ते दोनों किनारे पर श्रद्धा से भाव विभोर लोग गोरक्षपीठाधीश्वर की एक झलक पाने को आतुर नजर आ रहे थे। जैसे ही गोरक्षपीठाधीश्वर की अगुवाई वाली शोभायात्रा गोरखनाथ मंदिर के मुख्य द्वार पर पहुंची पुष्प वर्षा शुरू गई। इससे आगे बढ़ने पर मुस्लिम और बुनकर समाज के लोगों ने भी फूल बरसाकर स्वागत किया। उर्दू अकादमी के निवर्तमान चेयरमैन चौधरी कैफुलवरा ने बुनकर समाज की तरफ से गोरक्षपीठाधीश्वर को फूल माला तथा केसरिया अंगवस्त्र देकर उनका अभिनंदन किया।

# लखीमपुर और गोला में बुराई के प्रतीक रावण का पुतला धू-धू कर जला

- डीएम और एसपी ने तीर चलाकर रावण का पुतला किया दहन

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**





लखीमपुर खीरी के कई क्षेत्रों में रामनवमी के अवसर पर रावण का दहन हुआ। लखीमपुर के रामलीला ग्राउंड में रावण दहन का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल और पुलिस अधीक्षक गणेश साहा ने तीर चलाकर रावण का पुतला दहन किया। इससे पहले उन्होंने राम, लक्ष्मण, और हनुमान के किरदार निभा रहे कलाकारों का तिलक कर उनका पूजन किया। इस अवसर पर नगर की हजारों की संख्या में मौजूद भीड़ रावण दहन को देख कर आनंदित हुई।

मंच पर रावण और हनुमान जी के बीच संवाद, हनुमान द्वारा लंका दहन का मंचन हुआ। अशोक वाटिका को तहस-नहस करने के दृश्य ने दर्शकों, को मंत्र मुग्ध कर दिया। इसी प्रकार गोला गोकर्णनाथ के मेला मैदान में शनिवार की देर शाम दशहरे के समापन पर श्री रामलीला में भगवान राम और रावण के बीच युद्ध का मंचन किया गया। असत्य पर सत्य की जीत का संदेश देते हुए विजयदशमी के पर्व पर बुराई के प्रतीक रावण का पुतला धू-धू कर जला। रावण वध के मंचन के साथ ही मेला मैदान जय श्रीराम के उद्घोष से गुंजायमान हो गया। श्रीराम और रावण के वेश में कलाकार रथों पर सवार होकर आए और युद्ध का मंचन किया। एक ओर वानरों की सेना के साथ श्री राम और दूसरी तरफ से राक्षसों की सेना के साथ रावण युद्ध करता दिखा। अंत में विभीषण के भेद बताने पर श्रीराम ने रावण की नाभि में बाण मारकर उसका वध किया। उसके बाद मेला मैदान में खड़े मेघनाद, कुंभकरण और रावण के पुतले का दहन किया गया। आतिशबाजी आकर्षण का केंद्र रही। इस मौके पर विधायक अमन गिरि, नगर पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता, आयोजन कमेटी अध्यक्ष धर्मेंद्र गिरि मोंटी, जनार्दन गिरि, आदि मौजूद रहे।

# नवरात्र समाप्ति पर प्रतिमाओं का विसर्जन, शोभा यात्रा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब



**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

नवरात्रि समापन के बाद शनिवार को ब्लॉक क्षेत्र के अनेकों गांवों में स्थापित पंडालों से मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन शारदा नदी के अलग-अलग घाटों पर किया गया जहां सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहा। शारदीय नवरात्र के मौके पर ग्रामीण अंचल के अनेक गांवों में पूजा पंडाल सजाए गए थे जहां पर मां दुर्गा की मूर्ति की स्थापना की गई थी। नवरात्रि में 9 दिनों तक देवी की पूजा अर्चना श्रद्धा भाव से की गई। नवरात्र समापन पर पूजा पंडालों में स्थापित प्रतिमाओं को शनिवार को श्रद्धा भाव के साथ शारदा नदी के रामनगर घाट में विसर्जन किया गया।ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र के पडरिया तुला, गोंधिया, पहाड़पुर, गुलरिया,मालपुर साहित क्षेत्र के दर्जनों गांवों में स्थापित मां की प्रतिमाओं को वाहनों पर रखकर विसर्जन के लिए निकले।इस दौरान घाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए।शोभा यात्रा देखने के लिए क्षेत्र की मुख्य सड़कों के दोनों ओर महिला-पुरुष श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। शोभा यात्रा अपने-अपने पूजा पंडाल से शुरू होकर कस्बा पडरिया तुला, रमपुरवा,पकरिया होते हुए शारदा नदी के रामनगर घाट पर पहुंची। जहां आरती और क्षमा याचना के साथ मां की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।



### वैष्णो दरबार में हुआ कन्या पूजन, भंडारे का आयोजन

ग्राम पंचायत भैंठिया में बनाए गए मां वैष्णो दरबार में शनिवार को कन्या भोज और भंडारे का आयोजन किया गया जो शाम तक होता रहा इसमें गांव व क्षेत्र के तमाम लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मां दुर्गा पूजा समिति द्वारा ग्राम पंचायत भैठिया में शारदीय नवरात्र के अवसर पर सजाए गए 31वें वैष्णो दरबार में शनिवार को प्रातः 7-00 बजे से 10-00 बजे तक कन्या भोज के कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कुंवारी कन्याएं सज धज कर वैष्णो दरबार पहुंचीं। जहां आयोजक मंडल के कार्यकर्ताओं ने कन्याओं का विधिपूर्वक पूजन अर्चन किया व उन्हें दान दक्षिणा देकर देवी स्वरूप कन्याओं को विदा किया। 10-00 बजे के बाद वैष्णो दरबार में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें गांव व क्षेत्र के लोगों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया व माता अन्नपूर्णा का प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर, जगदीश प्रसाद सोनी, अध्यक्ष सचिन सोनी , प्रमोद सोनी, कमलेश गुप्ता, विशाल राठौर, धर्मेश चौहान, राम राखन राठौर, शुभम गुप्ता, सुशील सोनी आदि मौजूद रहे।

# नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित किया जा रहा ऐतिहासिक दशहरा मेला

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

जिला मुख्यालय पर ऐतिहासिक दशहरा मेला परंपरागत तरीके से नगर पालिका परिषद लखीमपुर द्वारा और श्री रामलीला का आयोजन ट्रस्ट द्वारा आयोजित किया जाता रहा है। इस बार भी पूर्व वर्षो की भांति दशहरा मेला आयोजन नगर पालिका परिषद द्वारा किया जा रहा है। उप जिला मजिस्ट्रेट लखीमपुर द्वारा नगर पालिका परिषद लखीमपुर को दशहरा मेला आयोजन की अनुमति प्रदान की जा चुकी है। मेले को सकुशल संपन्न कराने हेतु मेला परिसर में मेला कोतवाली भी स्थापित है। दुकान आवंटन, रसीद काटने, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन सहित संपूर्ण मेले के आयोजन का दायित्व नगर पालिका परिषद का ही है। अनैतिक रूप से मेले में खलल या अराजकता फैलाने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। मेला आयोजन में समस्या आने पर नगर पालिका परिषद पुलिस के सहयोग से सकुशल संपन्न कराएगा। यह जानकारी एडीएम संजय कुमार सिंह ने दी।

# धूमधाम के साथ संपन्न हुआ नव दिवसीय नवदुर्गा जागरण

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



क्षेत्र में नवदुर्गा जागरण बड़ी ही धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। कस्ता कस्बे के दुबहां गांव में विशाल नव दुर्गा जागरण कार्यक्रम 9 दिन संचालित किया गया । माता दुर्गा की मूर्ति की झांकी सजाकर दुबहां फॉर्म के बच्चों द्वारा मार्मिक ढंग से सनातन धर्म को जागृत करते हुए रात्रि में माता दुर्गा की लीलाओं का मंचन श्रद्धा के साथ संचालित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य भागीदारी शंभू मौर्य रतहरा द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रिंकू मौर्या विजय अमित मौर्य अनुराग मौर्य शरद अवस्थी रणजीत सिंह शैलेंद्र मौर्य आदि युवाओं द्वारा नवदुर्गा जागरण में विशेष रूप से सहयोग दिया गया। कार्यक्रम के समापन के बाद 12 अक्टूबर को मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम कष्ट हरण मंदिर मितौली स्थित कठिना नदी के तट पर किया गया। प्रभारी निरीक्षक मितौली राजू राव में पुलिस बल के साथ उपस्थित रहे। मां दुर्गा के मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम में माताओ एवं बहनों तथा भक्तगणों द्वारा कस्ता कस्बे से पैदल चलकर मितौली कष्ट हरण धाम मंदिर स्थित कठिना नदी के तट पर किया गया। क्षेत्र के बबौना गांव में अमरेश सिंह तथा संजय सिंह की अगुवाई में समस्त ग्रामीणों के सहयोग से दुर्गा मंदिर पर भक्तजनों द्वारा विशालभंडारे का आयोजन किया गया उसके बाद रात्रि कालीन बेला में संगीतमयी दुर्गा जागरण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

### मातारानी के भजनों पर रात भर झूमे भक्त

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** जनपद लखीमपुर खीरी की तहसील गोला गोकर्णनाथ के ग्राम पंचायत कोरैया में मां भगवती जागरण में स्थापित मातारानी की प्रतिमा के सामने स्थित मां के दरबार में भक्त पूरी रात माता रानी के सुन्दर सुन्दर भजनों में मंत्र मुग्ध हो तालियां बजाकर, नाचते गाते मां को मनाते रहे। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित महिला पुरुष भक्तों ने रातभर देवी मां के जागरण में सुन्दर देवी भजनों और देवी देवताओं के विविध स्वरूपों की मनमोहक, सुन्दर सजीव झांकियों के प्रदर्शन का आनंद लिया। कलाकारों ने जागरण में उपस्थित भक्तों को सुन्दर देवी भजन सुनाकर तालियां बजाकर नाचने गाने पर मजबूर कर दिया। पूरी रात भारी संख्या में देवी भक्त पण्डाल में मौजूद रहे। इस मौके पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मां भगवती जागरण सेवा समिति कोरैया द्वारा विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। हरवर्ष की तरह ग्राम पंचायत कोरैया में माता रानी की जगराता बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर आयोजक शशिकान्त वर्मा, निखिल वर्मा, नितिन वर्मा, शिवम वर्मा ,विकास वर्मा नीरज वर्मा एवं समस्त ग्रामवासी के सहयोग से जागरण को सम्पन्न किया गया।

# घर के बाहर खेल रहे बच्चे को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर, मौत

- कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र में हुई दुर्घटना
- ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**अमीरनगर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र में शनिवार को दुर्घटना में एक डेढ़ वर्षीय बच्चे की मौके पर मौत हो गई। बच्चे की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे अमीर नगर चौकी प्रभारी सतीश द्विवेदी ने शव का पंचनामा भरकर जिला मुख्यालय पोस्टमार्टम के लिए भेजा। कोतवाली मोहम्मदी क्षेत्र के गांव गफ्फार नगर निवासी पंकज कुमार मौर्य ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसके छोटे भाई रिंकू मौर्या का डेढ़ वर्षीय पुत्र बिहान मौर्या घर के सामने खेल रहा था तभी उसके पड़ोसी प्रदीप मौर्य ने लापरवाही पूर्वक तेज स्पीड से ट्रैक्टर लाकर टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।मासूम बच्चे की मौत से पूरे परिवार एवं गांव में मातम छा गया सारी खुशियां लुट गई।

बताते चलें कि इससे पहले भी रिंकू को 1 पुत्र हुआ था और वह 3 महीने के अंदर ही खत्म हो गया था। पहले बच्चे की मौत हो जाने के बाद पहले से ही पूरा परिवार गमगीन माहौल में जी रहा था।जब दूसरा बच्चा हुआ तब परिवार में थोड़ी खुशियां आई लेकिन वह खुशियां भी काल के गाल में डेढ़ साल के अंदर ही समा गई। बेचारे मां-बाप का सहारा चला गया जिस मासूम बच्चे की किलकारियों से घर आबाद होता था उसकी असमय मृत्यु हो जाने से पूरा घर मातम मना रहा है। मां-बाप सहित परिजनों का रो रो बुरा हाल है।रिंकू मौर्या और प्रदीप कुमार मौर्य दोनों पड़ोसी हैं दोनों के मकान की दीवार भी एक ही है।अमीरनगर चौकी प्रभारी सतीश द्विवेदी ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है।

# विजयदशमी पर झंडी राज महल में मनाया गया शस्त्र पूजन का कार्यक्रम

**निघासन खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



विजय दशमी के उपलक्ष्य पर झंडी राज महल में हमेशा की तरह इस बार भी शस्त्र पूजन व भोज का आयोजन किया गया। झंडी स्टेट के राजा राज राजेश्वर सिंह ने राज परिवार के साथ सर्वप्रथम पारंपरिक पूजा अर्चना के बाद शस्त्रों का पूजन किया जिसके बाद गीतकारों द्वारा आए हुए क्षेत्र के संभ्रांत लोगों को दशहरा गीत सुनाए गए।

राजा राजेश्वर सिंह ने बताया कि पूर्वजों के जमाने से विजय दशमी के दिन महल में शस्त्रों की पूजा अर्चना के साथ भव्य कार्यक्रम मनाया जाता रहा है। उसी क्रम को बढ़ाते हुए इस बार भी विजय दशमी के अवसर पर शस्त्र पूजन का कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम में धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी, आरएसएस के जिला प्रचारक अविनाश जी, एसडीएम राजीव निगम, सीओ महक शर्मा, इंस्पेक्टर महेश चंद्र के साथ क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# युवक को पुलिस द्वारा धक्के मार के गर्दन पकड़ कर थाने ले जाने का वीडियो वायरल



**उचौलिया खीरी।** उचौलिया में रविवार को पुलिस का अमानवीय चेहरा सामने आया सामने आया। रविवार की दोपहर मार्केट में एक्सीडेंट हो गया। उसी समय उचौलिया निवासी राजू अपनी ईको कार से दवा लेने जा रहा था। बताया जाता है कि पुलिस द्वारा एक्सीडेंट में घायल हुए लोगों को अस्पताल पहुंचाने के लिए राजू को रोका गया जिसके बाद राजू ने बीमारी का हवाला देते हुए जाने में असमर्थता जताई। पीड़ित राजू का आरोप है कि थाने के दीवान विनोद के द्वारा उसके साथ अभद्रता की गई और पीछे से धक्का मारते हुए गर्दन पकड़ के थाने ले जाया गया और बिना किसी अपराध के उसको थाने में बैठाया गया। पुलिस द्वारा युवक की गर्दन पकड़कर थाने ले जाने का किसी ने वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

# मेघावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



मढिया बाजार स्थित मिश्रीलाल हाई स्कूल के मेघावी छात्रो को खीरी सांसद उत्कर्ष वर्मा व पूर्व सांसद धौरहरा रेखा वर्मा ने तिलक इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर रामदास के सौजन्य से अधिकतम अंक पाने वाले छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित , जिसमें निशा देवी अवंतिका शिवांगी वर्मा सलोनी देवी लुबना अंबिका देवी आफरीन खातून शिवानी देवी महजबीन खातून इन सभी बालिकाओं को ग्यारह- ग्यारह सौ रुपये की चेक दी गई। छात्रों में पियूष को अधिकतम अंक पाने पर ?2100 का चेक दिया गया शेष अभिषेक कुमार नितिन कुमार आमान खां, अरशद खां ,रमाशंकर ,विशाल कुमार, सचिन कुमार ,अनुराग गुप्ता ,नितिन कुमार ,शिवम राज, आयुष कुमार, सचिन कुमार अभिषेक कुमार ,अमन कुमार अनुराग कुमार को आदि सभी को ग्यारह- ग्यारह सौ रुपए के चेक देखकर सम्मानित कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# कलयुगी भांजों ने मामा को बेरहमी से पीटा, मौत



**मितौली खीरी।** थाना क्षेत्र के कचियानी पुरवा के रहने वाले 48 वर्षीय रामकुमार भार्गव को उनके भांजों रमाकांत, अन्नू व अंकित ने ही लाठियों से पीटकर निर्मम हत्या कर दी। राम कुमार व उनके भांजों का आसपास में ही मकान है। बताते हैं कि पड़ोसी प्रेमचंद विश्वकर्मा का रामकुमार भार्गव से काफी लगाव था। इसलिए वह अक्सर राम कुमार के यहां आया जाया करता था और वहीं बैठ कर अपना समय व्यतीत करता था जबकि उसके भांजों की प्रेमचंद से नहीं बनती थी। इसी बात को लेकर रामकुमार व उनके भांजों में मनमुटाव अक्सर बना रहता था। बताते हैं कि रविवार को जब फिर से प्रेमचंद, रामकुमार के यहां पहुंचा तो भांजों ने इसका विरोध किया। इस पर वाद विवाद बढ़ गया। बातचीत से शुरू हुआ मामला धीरे-धीरे मारपीट में तब्दील हो गया। बताते है कि भांजों ने रामकुमार को लाठियों से पीट-पीटकर मरणासन्न कर दिया। पुलिस को सूचना देने के साथ ही परिजन उसे मितौली सीएचसी लाए थे। जहां हालत नाजुक होने पर उसे जिला अस्पताल और फिर लखनऊ रेफर कर दिया गया था। बताते हैं कि लखनऊ ले जाते समय रास्ते में रामकुमार की मौत हो गई। इस मामले में रामकुमार की पत्नी फूलमती ने मितौली थाने में दोपहर को ही रमाकांत, अन्नू व अंकित के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कराया था। राम कुमार की मौत के बाद परिजन रविवार देर शाम शव लेकर घर पहुंचे इससे कोहराम मच गया। सूचना पर क्षेत्राधिकारी शमशेर बहादुर सिंह व थाना प्रभारी निरीक्षक राजू राव मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। म्रतक के 5 बच्चे बताये जाते है जिसमे बड़ी बेटी की शादी हो गई है वहीं चार बच्चे अभी छोटे बताये जाते हैं, आरोपी घर से फरार बताएं जा रहे हैं।

# इराक व मक्का मदीना के लिए तीन जायरीन रवाना

**मितौली-खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



कस्बे से तीन जायरीन इराक व मक्का मदीना के लिए रवाना हुए। जायरीनो को मुबारक सफर पर रवाना करने के लिए भारी संख्या में लोग पहुंचे। लोगों ने पाक जगहों पर पहुँच कर अमन चैन की दुआ की मांगने की दरख्वास्त की। परिजनों व कस्बे वासियों ने फूल माला पहनाकर जायरीनों को विदा किया।

कस्बे के रहने वाले मुन्ना मिस्त्री के पिता नत्थू अली, हाजी कय्यूम गफ्फारी व फारूक किराना की माँ हाजिन खुशनसीब इराक व मक्का मदीना के लिए 28 दिनों सफर पर रवाना हुए। जायरीन सबसे पहले इराक बगदाद पहुचेंगे। जहाँ गौस पाक की रोजे की ज़ियारत करेंगे। इसके बाद जायरीन कर्बला जाएगे। जहाँ पर हजरत इमाम हुसैन व शहीदे कर्बला के रोजो की ज़ियारत करेंगे। फिर नजफ़ जाएगे। जिसके बाद मक्का मदीना में उमरा करेंगे। जायरीनों के घरों में लोगो ने पहुँचकर माला पहनाकर उनका सम्मान किया और अपने हक में दुआ मांगने की अपील की। धूमधाम के साथ अपने घरों से निकले जायरीनों को कस्बे के लोगो ने फुलमलाओ से स्वागत करते हुए मुँह मीठा कराया। इस दौरान नारे तकबीर, अल्ला हू अकबर की लोग सदाए बुलन्द करते नजर आए।

# सत्ता पार्टी के नपा अध्यक्ष पर जमीन हथियाने का आरोप

- पुलिस ने दोनों पक्षों से लगभग 26 लोगों को शांति भंग में किया नामजद

**मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज़।**

मोहम्मदी के सत्ता पार्टी के नगर पालिका अध्यक्ष पर जमीन हथियाने का कश्यप समुदाय के लोगों ने आरोप लगाया है। पालिका अध्यक्ष की सूचना पर मोहम्मदी प्रशासन अलर्ट हो गया है। आनन फानन में मौके पर पहुंचकर मामला बेकाबू होते हुए देख पुलिस को सख्ती से पेश आना पड़ा। पुलिस ने दोनों पक्षों से लगभग 26 लोगों को शांति भंग में नामजद किया जिसमें तीन गरीब लोगों को पुलिस ने अपनी कस्टडी में लेकर मामले की पूछताछ कर धारा 151 में जेल भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है, नगर के मोहल्ला बाजार खुर्द के कश्यप समाज महाराज हरदेव बाबा के स्थान लगभग बीसों वर्षों से अधिक समय से पूजा करते चले आ रहे हैं।

इस सम्बंध में बताया जाता है यह जमीन राजा सैयद शाह अली ने महाराज हरदेव बाबा के नाम दी थी। इसी स्थान पर एक बहुत वर्षो पुराना पीपल का पेड़ खड़ा है। पक्का चबूतरा बना है इसी के पीछे दर्जनों पेड़ों का तुक्मी आमों का बाग था उसे प्रॉपर्टी डीलर ने खरीद कर लकड़कट्टों के हाथ बिक्री कर दिया था। बीती 12 सितंबर को कश्यप समुदाय का इसी स्थान पर कन्या भोज का कार्यक्रम चल रहा था। भारी संख्या में महिलाएं देवी के गीत गा रही थी, खजूर के पेड़ के पास माता की मूर्ति स्थापित की गई थी। उक्त मामले की सूचना नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मदी को लगी। पालिकाअध्यक्ष अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे और कश्यप समुदाय को समझाया बुझाया और कहा कि आप लोग इस जमीन के पीछे जमीन हम आपको दे देंगे लेकिन कश्यप समुदाय ने कहा इस जमीन पर हमारे पूर्वज महाराज हरदेव बाबा की पूजा अर्चना करते आ रहे हैं। हम लोग इस जमीन को नहीं छोड़ेंगे। इसी बात पर दोनों लोगों की बहस बाजी होने लगी। बताया जाता है कि नगर पालिका के अध्यक्ष ने मूर्ति को उठाकर मूर्ति विखंडित कर दी इस बात पर कश्यप समुदाय के लोगों ने विरोध जताया। इस मौके पर कश्यप समाज के तरफ भारी संख्या में महिलाएं बच्चियां मौके पर मौजूद हो गई। भीड़ को देखकर अध्यक्ष के हाथ पैर फूल गए और तत्काल मोहम्मदी प्रशासन को सूचना दी। घटना की सूचना पाकर आनन-फानन में भारी संख्या में फोर्स मौके पर पहुंच गया। दोनों पक्षों को समझाया बुझाया लेकिन बात नहीं बनी तो पुलिस ने अपनी शक्ति को दिखाते हुए लोगों पर लाठियाँ भांजते हुए काबू पाया। जिसमें दोनों तरफ के लगभग 26 लोगों को शांति भंग में नामजद किया और कश्यप समाज के तीन लोगों को पुलिस ने अपनी कस्टडी में लेकर 151 कर जेल भेज दिया। उक्त मामले की जानकारी सपा नेता क्रांति कुमार सिंह को लगी। क्रांति कुमार सिंह ने अपने उच्च नेताओं को मामले की सूचना दी और सपा नेता क्रांति कुमार सिंह पीड़ित परिवार से मिलकर पीड़ित परिवार को हर संभव न्याय दिलाने का भरोसा जताया। पीड़ित परिवार से मिलने की सूचना मोहम्मदी कोतवाली पुलिस को लगी आनन फानन में पुलिस ने मोटरसाइकिल से मौके का रूट मार्च किया और अपनी शक्ति का प्रदर्शन करते हुए लोगों को एहसास दिलाया कि किसी प्रकार से कोई गलती करेगा तो उसको पुलिस किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं करेगी।

# धर्म व जातियों को आपस में लड़ाकर राजनीति करना चाहती है बीजेपी : अखिलेश यादव

समृद्धि न्यूज



लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष और उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा प्रहार करते हुए आरोप लगाया कि भाजपा के लोग धर्म और जातियों को लड़ाकर राजनीति करना चाहते हैं।

अखिलेश यादव शनिवार को गोमती नगर स्थित डॉ राम मनोहर लोहिया पार्क में पहुंचकर समाजवादी चिंतक डॉक्टर राम मनोहर लोहिया की 57वीं पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद एकत्र कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों एवं जनसमुदाय को संबोधित कर रहे थे। सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा की नीतियां विनाशकारी हैं। संविधान से बनी हर चीज को यह उलटना चाहते हैं। यह वह लोग है जो नफरत की राजनीति करते हैं। वे भेदभाव करते हैं। यह वे लोग हैं जो धर्म जातियों को लड़ाकर राजनीति करना चाहते हैं। यादव ने लोहिया को नमन करते हुए कहा, ''हम उनके सपनों का समाजवादी भारत बनाने का सपना पूरा करने का संकल्प लेते हैं। लोहिया ने देश में हर तरह से भेदभाव के खात्मे, और जाति तोड़ने का आह्वान किया था। लोहिया ने हर स्तर पर हो रहे भेदभाव का विरोध किया था। समाजवादी व्यवस्था से ही गरीबी मिटेगी और पढ़ाई में भेदभाव मिटेगा। उनकी दाम बांधो नीति से ही महंगाई, गरीबी दूर होगी। लोहिया ने समाजवाद के माध्यम से समाज में खुशहाली का रास्ता दिखाया था। सपा मुख्यालय से जारी एक बयान के अनुसार लोहिया की पुण्यतिथि पर आज राजधानी लखनऊ में मुख्य कार्यक्रम लोहिया पार्क में हुआ।

# डॉ. लोहिया के विचारों पर चल रही है समाजवादी पार्टी : डॉ. जितेन्द्र

## समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ जितेन्द्र सिंह यादव ने डॉ राममनोहर लोहिया को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

समृद्धि न्यूज

लखनऊ/फर्रुखाबाद। समाजवाद के महानायक महान समाजवादी विचारक तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि लखनऊ स्थित लोहिया पार्क पहुंचकर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डॉ जितेन्द्र सिंह यादव ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर एवं पुष्प अर्पित कर मनाई।

डॉ0 जितेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि डॉ0 राम मनोहर लोहिया स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और समाजवादी चिंतक थे। स्वतंत्रता संग्राम में वह कई बार जेल गए। उन्होंने सरदार भगत सिंह की फांसी के खिलाफ जनमत एकत्र कर कड़ा विरोध किया था। स्वतंत्रता के बाद डॉ0 लोहिया ने समाजवादी विचारों के प्रति लोगों को जागरूक किया।

आज समाजवादी पार्टी उनके रास्ते पर चल रही है। इस मौके पर सपा पिछड़ा वर्ग प्रदेश अध्यक्ष राजपाल कश्यप, महिला सभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा यादव ने भी डॉ राममनोहर लोहिया की चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। इस दौरान मोहित यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



लोहिया प्रतिमा पर माल्यार्पण करते डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, प्रखर चितक व समाजवादी राजनेता थे डॉ लोहिया

डॉ राममनोहर लोहिया भारत के स्वतन्त्रता संग्राम के सेनानी, प्रखर चिन्तक तथा समाजवादी राजनेता थे। उनका जन्म 23 मार्च 1910 को उत्तर प्रदेश के अयोध्या जनपद में वर्तमान-अम्बेडकर नगर जनपद नामक स्थान में हुआ था। उनके पिताजी हीरालाल पेशे से अध्यापक व हृदय से सच्चे राष्ट्रभक्त थे। ढाई वर्ष की आयु में ही उनकी माताजी (चन्दा देवी) का देहान्त हो गया। उन्हें दादी के अलावा सरयूदेई, (परिवार की नाईन) ने पाला। टंडन पाठशाला में चौथी तक पढ़ाई करने के बाद विश्वेश्वरनाथ हाईस्कूल में दाखिल हुए।

## खबरें एक नजर में

### शस्त्र-पूजन के साथ मनाया गया संघ का 99वां स्थापना दिवस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ आलमबाग स्थित महामंगलेश्वर मंदिर में स्वयंसेवक संघ की दक्षिण भाग में विजय दशमी के अवसर पर विशेश्वर शाखा संगठन का 99वां स्थापना दिवस मनाया गया। यह पर्व संघ के लिए विशेष महत्व रखता है, जिसे शस्त्र-पूजन के साथ हर्षोल्लास से मनाया जाता है। संघ की स्थापना 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने महाराष्ट्र के नागपुर में की थी, जब उन्होंने पांच बालकों के साथ मिलकर इस संगठन की नींव रखी। आज संघ का कार्य 80 देशों में फैला हुआ है, और यह विश्व के सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठनों में से एक बन चुका है। संघ ने हिंदू जनमानस को एक सूत्र में पिरोकर एकजुट होने का आह्वान किया है। संगठन ने अपने अनुशासन और व्यवस्थित जीवनशैली से अपनी शक्ति का परिचय दिया है। आज हजारों प्रचारक उच्च शिक्षा प्राप्त कर संघ में अपने जीवन को समर्पित कर चुके हैं। इस विशेष अवसर पर आयोजन की अध्यक्षता प्रेमसागर भसीन ने की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में प्रदीप ने अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक और क्षेत्रीय जन उपस्थित रहे, जिन्होंने इस उत्सव को सफल बनाया।

### ऐशबाग में 60 फीट के रावण का दहन, लाखों की उमड़ी भीड़

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के ऐशबाग, सदर पुराना किला रामलीला मैदान और चिनहट में रावण दहन किया गया। इस दौरान जमकर रंग-बिरंगी आतिशबाजी की गई। रामलीला मंचन के दौरान जैसे ही राम ने रावण का वध किया वैसे ही पुतले पर आग लगा दी गई। इस दौरान लाखों लोग एक साथ में जय-जय श्रीराम के नारे लगाए। रामदेवरा समिति के बाहर दशहरा मेला लगा था। यहां बड़ी संख्या में शहर के साथ-साथ ग्रामीण इलाके के लोग भी मेला और रावण दहन देखने पहुंचे थे। ऐशबाग में रावण का पुतला 60 फीट का बनाया गया था। यह शहर का सबसे ऊंचा पुतला था। इसकी तैयारी पिछले एक हफ्ते से चल रही थी। इधर, सदर पुराना किला रामलीला मैदान में कुंभकरण के वध के बाद रावण दहन किया गया। यहां पिछले 100 सालों से रामलीला का मंचन किया जाता है। समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव भी इस कार्यक्रम में उपस्थित होते थे।

### पुनर्वास विश्वविद्यालय में ब्रेल लिपी से रामचरित मानस पाठ

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में विजया दशमी पर रामचरित मानस के पाठ का आयोजन हुआ। खास बात ये है कि पाठ में 7 दिव्यांग स्टूडेंट्स ने ब्रेल लिपि से छपी रामचरित मानस को पढ़ते हुए संगीतमय प्रस्तुति दी। इस दौरान कुलपति प्रो. संजय सिंह भी मौजूद रहे। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ. यशवंत विरोदय ने बताया कि दशहरे के दिन दृष्टि बाधित 7 दिव्यांग छात्रों ने रामचरित मानस का पाठ किया। अखंड पाठ के आयोजन से कैंपस में भक्तिमय माहौल रहा। दोहा और चौपाई को पढ़ने के दौरान सभी स्टूडेंट्स भक्ति भाव में विभोर दिखे। उन्होंने बताया कि सामान्य लोग से भी रामचरित मानस का पाठ करते समय कई बार उच्चारण दोष हो जाता है। विश्वविद्यालय के दृष्टि बाधित स्टूडेंट्स ने रामचरित मानस का पाठ पूरे लय और ताल के साथ कर किया। इस दौरान विश्वविद्यालय के अन्य दृष्टि बाधित छात्र तबले, हारमोनियम और अन्य वाद्य यंत्रों पर रामचरित मानस के पाठ के समय संगत दी।

### धूमधाम से निकली गई साईंबाबा की निर्वाण दिवस यात्रा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** श्री साईं बाबा के निर्वाण दिवस दशहरा के अवसर पर श्री साईं दास सेवा समिति द्वारा श्री साईं-हनुमान, मन्दिर, ई ब्लॉक, निकट थाना तालकटोरा, राजाजीपुरम से बाबा की 17 वीं पालकी यात्रा निकाली गई जो विभिन्न ब्लॉकों से होते हुए तथा लगभग 8 किमी. का रास्ता तय कर पुनः मंदिर प्रांगण में आकर समाप्त हुई। इसके पूर्व श्री साईं बाबा का मंगल स्नान व श्रंगार कराकर परंपरा का निर्वाह किया गया सजगह-जगह पालकी रोककर श्रद्धालुओं द्वारा साईं बाबा की पूजा-अर्चना की गई स विभिन्न भक्तों द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया। सैकड़ों की संख्या में साईं भक्त पूरे उल्लास के साथ श्री साईं बाबा की जयकार कर झूमते-गाते नजर आ रहे थे स सारा वातावरण ही साईंमय प्रतीत हो रहा था स ढोल नगाड़ों की धुन पर साईं भक्त थिरक रहे थे। यात्रा में पश्चिम विधान सभा क्षेत्र के उपविजेता अंजनी श्रीवास्तव, वी-हेल्प फाउंडेशन के सचिव नावेद अहमद, पूर्व पार्षद सन्तोष राय, नागेंद्र सिंह, चौम्पियन कम्पनी के मालिक शिवा अग्रवाल, समाजसेवी हरिमोहन शुक्ला, मनीष गुप्ता, राम केसरवानी, श्याम केसरवानी सहित सैकड़ों की संख्या में साईं भक्त उपस्थित रहे।

### भाजपा राज में बिगड़ती कानून व्यवस्था चिंताजनक : प्रमोद तिवारी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने भाजपा राज में बिगड़ती कानून व्यवस्था को चिन्ताजनक करार दिया है। उन्होने महाराष्ट्र के मुम्बई में पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की शूटर्स द्वारा निर्मम हत्या को निंदनीय करार दिया है, और कहा कि बीजेपी के शासनकाल में विधायक तक सुरक्षित नहीं रह गये हैं। वहीं उन्होनें देश की लगातार खस्ताहाल हो रही अर्थव्यवस्था को लेकर भी मोदी सरकार पर तगड़ा प्रहार किया, और सरकार की विफलताओं पर तंज कसा। विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि सरकार के कुप्रबन्धन के कारण बिजली उत्पादन तथा आपूर्ति में सर्वाधिक खराब प्रदर्शन हो रहा है। उन्होनें कहा कि इसके चलते देश के औद्योगिक उत्पादन में गिरावट हो रही है। सांसद प्रमोद तिवारी ने आईआईपी के हवाले से जारी ताजा रिपोर्ट का जिक्र करते हुए कहा कि औद्योगिक उत्पादन 0.1 प्रतिशत घट गया। वहीं उन्होनें कहा कि मोदी सरकार की आर्थिक नीतियों के बेपटरी पर होने के कारण डॉलर के मुकाबले रूपया सबसे निचले स्तर पर आ पहुंचा है। उन्होनें कहा कि सरकार की कमजोर घरेलू अर्थव्यवस्था के प्रबंधन की खामी के चलते रूपया पहली बार ग्यारह पैसे की गिरावट में आ खड़ा हुआ है।

### युवक की हत्या कर शव पुल के नीचे फेंका, दो गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की जानकीपुरम पुलिस ने 20 वर्षीय एक युवक की हत्या के मामले में शनिवार को दो लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने यह जानकारी दी। लखनऊ पुलिस आयुक्तालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार मोहम्मद आफताब (20) आठ अक्टूबर की शाम को घर से लापता हो गया था। बाद में उसका शव मडियांव पुलिस थाना क्षेत्र में घैला पुल के नीचे से 11 अक्टूबर को बरामद किया गया। आफताब के पिता मोहम्मद अल्ताफने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि आफताब की हत्या उसी इलाके के रहने वाले फाजिल और अफाक ने की थी। बयान में कहा गया,''हत्या की वजह उस लड़की से आफताब की दोस्ती थी, जिसके साथ फाजिल की शादी तय हुई थी। पूछताछ में फाजिल और उसके सहयोगी ने कबूल किया कि इसी के चलते उन लोगों ने आफताब की हत्या की। हत्या के बाद शव को पुल के नीचे फेंक दिया। पुलिस के अनुसार सीसीटीवी फुटेज खंगालने और साक्ष्य जुटाने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। बयान में कहा गया कि आरोपियों को अदालत में पेश कर विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

### मां दुर्गा की मूर्ति को नुकसान पहुंचाने के आरोप में एक गिरफ्तार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के कैंट पुलिस थाना क्षेत्र के नीलमथा इलाके में छोटी मरी माता मंदिर में दुर्गा की मूर्ति को क्षतिग्रस्त करने के मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस की ओर से जारी एक प्रेस बयान के अनुसार घटना नौ और 10 अक्टूबर की मध्यरात्रि को हुई। आरोपी सुनील राजपूत की पहचान सीसीटीवी फुटेज विश्लेषण के माध्यम से की गई। पूछताछ के दौरान, उसने बताया कि वह नशे का आदी है और मंदिर में चढ़ाए गए प्रसाद को चुराने गया था। वह नशे में था और चोरी करने के चक्कर में उसने एक फीट ऊंची मूर्ति को नुकसान पहुंचाया। बयान में कहा गया कि इस घटना से स्थानीय समुदाय में आक्रोश फैल गया, क्षतिग्रस्त मूर्ति को तुरंत एक नई मूर्ति से बदल दिया। आरोपी सुनील राजपूत को गिरफ्तार कर लिया गया है और उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# नागरिकों के जीवन में खुशहाली लाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : योगी

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखनाथ मंदिर में हर बार की तरह जनता दर्शन किया। उन्होंने इस जनता दर्शन में आए हुए सभी फरियादियों की समस्याएं सुनी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसी के भी साथ अन्याय न होने देने और हर नागरिक के जीवन में खुशहाली लाने को प्रतिबद्ध है। सीएम योगी ने लोगों की समस्याओं को निस्तारण के लिए अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए।

बता दें कि जनता दर्शन में योगी ने अधिकारियों को दो टूक हिदायत दी है कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं तथा उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग किन्हीं कारणों से सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित हैं, उन्हें इसका लाभ दिलाया जाए। योगी ने रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान करीब 300 लोगों से मुलाकात की। गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठे लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं।

मुख्यमंत्री योगी ने सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतोषजनक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या के समाधान के लिए कृत संकल्प है। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में हर बार की भांति इस बार भी कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। जनता के ऐसे प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने इलाज से जुड़ी प्रक्रिया जल्द से जल्द पूरी करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को भी पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने के निर्देश दिए।



### मुख्यमंत्री योगी बीमार मां से मिलने देहरादून अस्पताल पहुंचे

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर से अपनी बीमार मां से मिलने देहरादून के अस्पताल पहुंच गए हैं। उनकी मां अचानक बीमार हो गई थी जिन्हें देहरादून के जॉलीग्रांट अस्पताल में एडमिट कराया गया है। इससे पहले योगी आदित्यनाथ गोरखपुर स्थित गोरखनाथ मंदिर में थे। हालांकि योगी देहरादून में रुकेंगे नहीं। बल्कि मां से मुलाकात के बाद सीधे देहरादून से ही दिल्ली रवाना हो जाएंगे। जहां उनकी भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह के साथ विशेष बैठक होनी है। बैठक में दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक समेत पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी और महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह भी हिस्सा लेंगे। बैठक में उत्तर प्रदेश में 10 सीटों पर होने वाले उपचुनाव में प्रत्याशी यो के चयन को अंतिम रूप दिए जाने के साथ प्रदेश से जुड़े अन्य मुद्दे भी शामिल है।

# नन्दी ने प्रयागराज दशहरा मेला में आए लोगों का किया अभिनन्दन

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी' ने आर्यकन्या चौराहे पर न्यू एकता संघ रोशनी कमेटी के मंच से प्रयागराज के विश्व प्रसिद्ध दशहरा मेले में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों का प्रदेश सरकार की ओर से हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन किया। मंत्री नन्दी ने देर रात तक भ्रमण कर मेले में आए लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। देर रात तक निकलने वाली विभिन्न चौकियां मेले के आकर्षण का केंद्र रहीं। मंत्री नन्दी ने प्रयागराज की पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता नन्दी के साथ ही परिवार के सदस्यों के साथ पूरी रात मेले का आनन्द लिया।

विजयदशमी के पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी राम वाटिका कटरा में आयोजित रामलीला मंचन समारोह में सम्मिलित हुए। जहां पहुंचने के बाद मंत्री नन्दी ने रामचरितमानस की पूजा की और उपस्थित आम जनता एवं पदाधिकारियों को बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की जीत के पर्व दशहरा की शुभकामनाएं दी। कटरा के रामलीला में

### कटरा, नैनी व कोरांव के रामलीला मंचन समारोह में हुए सम्मिलित

सम्मिलित होने के बाद मंत्री नन्दी स्वदेशी काटन मिल मैदान नैनी पहुंचे, जहां वे नैनी के दशहरा मेला में सम्मिलित हुए। मंत्री नन्दी ने नैनी के सार्वजनिक रामलीला समिति ट्रस्ट के मंच पर मर्यादा पुरूषोत्तम प्रभु श्री राम एवं माता जानकी की आरती उतारी। सभी को विजयादशमी पर्व की शुभकामनाएं दी। मंत्री नन्दी कोरांव विधानसभा क्षेत्र के पैतिहा लखापुर गांव में आदर्श रामलीला कला मंदिर के दशहरा मेला और रामलीला मंचन समारोह में भी सम्मिलित हुए।

मंत्री नन्दी ने अपने प्रयागराज शहर दक्षिणी विधानसभा क्षेत्र के आर्यकन्या चौराहे पर न्यू एकता संघ रोशनी कमेटी के मंच से दशहरा मेले में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों का सपरिवार स्वागत एवं अभिनन्दन किया। पूरी रात मंत्री नन्दी ने मेले का आनन्द लिया। दशहरा मेला एवं रामदल में आकर्ष का केंद्र रही झांकियों को देखा। मंत्री नन्दी ने सभी से अपने सनातन सभ्यता और संस्कृति को बनाए रखने की अपील की।


महिलाओं ने डांडिया व गरबा नृत्य की मनोरम छटा बिखेरी

# दोषियों पर सरकार करे सख्त कार्रवाई : मायावती

### पुलिस हिरासत में युवक की मौत का मामला

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उप्र की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने राजधानी लखनऊ में एक अनुसूचित वर्ग के युवक की पुलिस हिरासत में मौत के मामले पर शनिवार को दुख प्रकट करते हुए दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बसपा प्रमुख ने शनिवार शाम अपने आधिकारिक एक्स खाते पर एक पोस्ट में कहा, उप्र की राजधानी लखनऊ के मोहल्ला गंजरहापुरवा स्थित डा. भीमराव अम्बेडकर पार्क में घूमने गए एक अनुसूचित वर्ग के युवक के साथ कल शाम (शुक्रवार) पुलिस की बर्बरता से हुई मौत की घटना अति-दुःखद है।

मायावती ने इसी पोस्ट में कहा कि इस घटना से लोगों में रोष व्याप्त है सरकार और (सरकार) दोषी पुलिस वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करे तथा पीड़ित परिवार की पूरी मदद भी करे। यूपी की राजधानी लखनऊ के मोहल्ला गंजरहापुरवा स्थित डा. भीमराव अम्बेडकर पार्क में घुमने गए एक दलित युवक के साथ कल शाम पुलिस की बर्बरता से हुई मौत की घटना अति-दुःखद। लोगों में रोष व्याप्त। सरकार दोषी पुलिस वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करे तथा पीड़ित परिवार की पूरी मदद भी करे। लखनऊ के विकास नगर थाना क्षेत्र में जुआ खेलने के अड्डे पर छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किए गए 24 वर्षीय एक युवक की पुलिस हिरासत में मौत हो गई। मृतक के परिवार ने पुलिस पर उसे पीट-पीटकर मार डालने का आरोप लगाया है।



अपर पुलिस उपायुक्त (एडीसीपी) जितेंद्र कुमार दुबे ने शनिवार को बताया, अमन गौतम (24) समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर थाने ले जाते समय अमन की हालत बिगड़ गई और उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। अमन की मौत की खबर सुनकर उसके परिवार के सदस्यों ने विरोध प्रदर्शन किया और पुलिस पर उसे पीटने का आरोप लगाया। पुलिस ने इन आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि मौत का कारण पोस्टमार्टम जांच के जरिए पता लगाया जाएगा।

### मृतक दलित अमन के घर पहुंचे सांसद, चार पुलिसकर्मियों पर केस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के विकासनगर में दलित युवक अमन गौतम (26) की मौत का मामला तूल पकड़ रहा है। रविवार को आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद चंद्रशेखर आजाद अमन गौतम के परिजनों से मिलने उसके घर पहुंचे। उन्होंने कहा- जो लखनऊ में बैठकर पीडीए (पसमांदा, दलित, आदिवासी) का नारा देते हैं, बटेंगे-कटेंगे का नारा देते हैं, वह आज यहां पर नहीं आए। मुख्यमंत्री योगी जी आपकी पुलिस दबिश देने जाती है या दबंगई करने सांसद चंद्रशेखर ने कहा- हम पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं। सभी दलित संगठनों को आगे आना चाहिए। जिस तरह विवेक तिवारी हत्याकांड में मुआवजा और नौकरी दी गई, ठीक उसी तरह अमन के परिवार को भी उत्तर प्रदेश सरकार सहायता दे। सीएम 50 लाख मुआवजा दें और सख्त कार्रवाई करें। मृतक अमन गौतम की पत्नी की तहरीर पर सिपाही शैलेंद्र सिंह और तीन अज्ञात पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। चंद्रशेखर के बाद मोहनलालगंज से सपा सांसद आरके चौधरी और अनुराग भदौरिया भी पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने भी मुआवजा और सरकारी नौकरी देने की मांग की।

# डॉ. लोहिया व दीनदयाल को भारत रत्न देने की मांग

समृद्धि न्यूज

### रामनोहर लोहिया की प्रतिमाओं पर की गई साफ-सफाई

लखनऊ। समाजवादी बौद्धिक सभा के अध्यक्ष और समाजवादी चिन्तक दीपक मिश्र ने लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर और चौक में स्थापित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राममनोहर लोहिया की प्रतिमाओं की सफाई की। इस दौरान उन्होंने कहा कि लोहिया की प्रासंगिकता मौजूदा दौर में और बढ़ी है।

डॉ. राममनोहर लोहिया, समाजवाद और रामराज्य को समदर्शी मानते थे। लोहिया ने ही रामायण मेला की संकल्पना की और सीताराम राज्य की अवधारणा दी। समाजवाद और रामराज्य, दोनों का लक्ष्य शोषणविहीन समता मूलक समाजवादी समाज की स्थापना ही है। दीपक मिश्र ने बताया कि लोहिया ने राष्ट्रवाद की आड़ में पनपती आक्रामक व संकीर्ण सांप्रदायिकता से पहले ही आगाह किया कर दिया था। उन्होंने कहा कि वर्तमान भाजपा और भाजपा सरकार की सोच लोहिया के समाजवाद और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानवदर्शन के विपरीत है, इसीलिए दोनों महान नेताओं का नाम अप्रतिम योगदान के बावजूद भारत रत्न की सूची में नहीं है। लोहिया और दीनदयाल को भारत रत्न मिलना चाहिए। राममनोहर लोहिया देशी पूंजी और छोटे यंत्रों पर आधारित विकेंद्रित आर्थिक नीतियों के पैरोकार थे, जबकि वर्तमान सरकार विदेशी पूंजी और केंद्रीकरण पर आधारित एकांगी विकास पर बल दे रही है। डॉ. लोहिया की नीतियों से विचलन के कारण ही देश में आर्थिक विषमता चरम पर है। प्रति व्यक्ति आय के दृष्टिकोण से सबसे धनी और गरीब प्रदेश में लगभग साढ़े पांच लाख रुपए का चिंताजनक अंतर है।

### बीकेटी में निकाली गई शिव बरात

लखनऊ। लखनऊ में ऐतिहासिक गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल बख्शी का तालाब रामलीला की शुरुआत में बड़ी बाजार से शिव बारात निकाली गई। शनिवार शाम को हाथी, ऊंट और रथ पर सवार होकर निकले। वहीं रामलीला के सभी अदाकारों ने अपने किरदार की वेशभूषा पहन कर शिव बारात में शामिल हुए। बीकेटी क्षेत्र के ऐतिहासिक गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल रामलीला की शुरुआत करने से पहले शिव बारात निकाली गई। बख्शी का तालाब रामलीला अपने आप में एक अलग पहचान बनाने वाली रामलीला जानी जाती है। जहां मुस्लिम समुदाय के लोग रामलीला में किरदार निभाते हैं। रामलीला में किरदारों के परिचय के बारे बताया कि हमेशा से ही इस मेला व रामलीला में हिंदू समुदाय के अलावा मुस्लिम समुदाय के लोग भी बड़े ही हर्षोल्लास के साथ अभिनय, प्रबंधन सहित अन्य कार्यों में प्रतिभाग करते हैं।

**फैसला** | नियामक आयोग ने बिजली उपभोक्ता हित में दिए निर्देश

# बिजली शिकायतों के निस्तारण के लिए लागू होगी ओटीपी व्यवस्था

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी बिजली दर आदेश में इस बार उपभोक्ता परिषद की लड़ाई उपभोक्ताओं के हित में रंग लाई। उपभोक्ता परिषद ने विद्युत नियामक आयोग के सामने यह मुद्दा उठाया था कि उपभोक्ताओं द्वारा 1912 पर जो शिकायतें की जाती है उसका 75 प्रतिसत फर्जी निस्तारण किया जाता है इसलिए ओटीपी व्यवस्था लागू की जाए।

विद्युत नियामक आयोग ने सभी बिजली कंपनियों को 1912 पर शिकायतों के निस्तारण के लिए ओटीपी व्यवस्था लागू करने के निर्देश देते हुए 3 महीने में पूरा एक्शन प्लान दाखिल करने को कहा है। उपभोक्ता परिषद का मानना है कि उपभोक्ताओं के रजिस्टर्ड मोबाइल पर शिकायत के तुरंत बाद सेल्फजेनरेटेड ओटीपी जारी हो और जब उपभोक्ता उसे ओटीपी का नंबर शिकायत दूर होने के बाद बताएं तब उसकी शिकायत का निस्तारण यानी उसे क्लोज किया जाए।



इससे शिकायतों का निस्तारण भी सही होगा और शिकायतों का निस्तारण समय से न होने पर मुआवजा भी मिलेगा। उपभोक्ता परिषद लगातार यह मांग उठा रहा था कि बिजली कंपनियों में मुआवजा कानून को न तो सही तरीके से लागू किया और न ही प्रचारित नहीं किया गया है। इसलिए उसका लाभ उपभोक्ता नहीं ले पाए। अब विद्युत नियामक ने पूछा है कि कैसे मुआवजा मिलेगा। क्या वेब लिंक होगी। इसका पूरी जानकारी बिजली कंपनियों को प्रिंट करना पडेगी। उपभोक्ता परिषद लगातार यह मुद्दा उठा रहा था कि सिंगल पॉइंट कनेक्शन के मामले में बिल्डर मनमानी करते हैं।

नियामक आयोग द्वारा तय बिजली दर से उपभोक्ताओं से ज्यादा पैसा वसूल कर रहे हैं। जिस पर विद्युत नियामक ने कहा है कि सिंगल पॉइंट कनेक्शन धारको द्वारा पारदर्शिता लाने के लिए उनके बिलिंग को सार्वजनिक करना पडेगा। सार्वजनिक न करने पर उनके लिए दंड प्रक्रिया निर्धारित की गई है। बिजली कंपनियों को इसके लिए एक वेबसाइट भी बनाने का आदेश दिया गया है।

विद्युत नियामक आयोग ने सभी बिजली कंपनियों को यह भी निर्देश जारी किया है कि वह उपभोक्ताओं को बिल उनके ईमेल और व्हाट्सएप अथवा इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भी भेज सकते हैं। जिसमें पूरी बिलिंग की जानकारी उपभोक्ता को देना होगा बिल पर अधिकृत प्रतिनिधि की हस्ताक्षर भी होना जरूरी है। लगातार बढती विद्युत दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लगाने के साथ पीडित परिवार को मुआवजा कब मिला कैसे मिला पूरी प्रक्रिया वेबसाइट पर दिखानी होगी।उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी बिजली दर का अध्ययन लगातार उपभोक्ता परिषद कर रहा है उपभोक्ताओं के हितों में समय-समय पर सार्थक निर्णय विद्युत नियामक आयोग द्वारा उपभोक्ता परिषद के लंबे संघर्ष के बाद लिए गए हैं। इसकी सूचना से उपभोक्ता परिषद उपभोक्ताओं को देता रहेगा। दूसरी तरफ उपभोक्ता परिषद बिजली दरो में कमी के लिए भी अपनी रणनीति के तहत कार्यवाही शुरू कर दी है। उपभोक्ता परिषद विद्युत उपभोक्ताओं के लगभग 33 हजार करोड से ज्यादा के सर प्लस के एवज में बिजली दरों में कमी के लिए भी अपनी रणनीति तैयार कर रहा है।

# पत्थरबाजी व तनाव के बीच विसर्जित हुई दुर्गा प्रतिमाएं

- पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने घटनास्थल पर पहुंचकर संभाला कमान, माहौल को किया शांत



**अतिसंवेदन शील है घोसियाना, फिर भी खुली रही देसी शराब की दुकान और गुल रही बिजली**


शहर के नगर कोतवाली क्षेत्र मे बड़गाव मार्ग स्थित नूरामल मंदिर और महारानीगंज घोसियाना के तकिया मस्जिद अति अवेदन शील स्थल माना जाता है। ऐसे त्योहारों पर हमेशा जिला प्रशासन शराब की दुकानों पर प्रतिबंध लगाता था किंतु इस वर्ष एक तरफ दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन चलता रहा तो दूसरी तरफ महारानीगंज घोसियाना स्थित देसी शराब की दुकान खुली रही। यहाँ पर दोनो समुदाय की मिश्रित आबादी है। जब भी दोनो समुदाय का धार्मिक जुलूस निकलता है तो भारी सुरक्षा के बीच होकर निकलता है। जिस से त्योहार को शांति पूर्वक सम्पन्न कराया जा सका। इस लिए पुलिस प्रशासन नूरामल मंदिर और मस्जिद के पास करीब करीब एक दर्जन से अधिक ट्रक खड़ा कर के भारी पुलिस फोर्स की तैनाती की जाती है।

नरेंद्र लाल गुप्ता

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** कहते हैं अंधेरा अपराध की जननी है और इसी का फायदा उठाकर अराजक तत्वों ने अंधेरे का फायदा उठाकर कर दिया दुर्गा प्रतिमाओं पर पथराव बताते चले की अति संवेदनशील इलाका महारानीगंज घोसियाना जहां हर वर्ष विद्युत की विशेष व्यवस्था रहती थी वहीं इस वर्ष शाम 5:00 बजे से ही बिजली गुल हो गई और अंधेरे का फायदा उठाकर घटना को अंजाम देकर फरार हो गए अराजक तत्व। नगर कोतवाली क्षेत्र में एक बार फिर मूर्ति विसर्जन के लिए ले जा रही दुर्गा प्रतिमाओं पर बड़गाँव घोसियाना स्थित तकिया मस्जिद के पास कुछ अराजकतत्वों ने पथराव कर के माहौल को बिगाने का असफल प्रयास किया। पुलिस प्रशासन की सूझ बूझ से बवाल होते हुए बच गया। शहर के दुर्गा प्रतिमाओं का जुलूस शनिवार की दोपहर के बाद से निकलना शुरू हो गया था। मां के भक्तों ने नौ दिन पूजा अर्चना करने के बाद दुर्गा प्रतिमाओं को ट्रक डी सी एम, छोटा हाथी और ट्रैक्टर ट्राली पर लाद कर विसर्जित के लिए ले जा रहे थे। सैकड़ो के संख्या में दुर्गा की प्रतिमाएं गुरुनानक चौराहे से होते हुए विसर्जन के लिए खैरा भवानी मंदिर के पास स्थित कुंड में ले जा रहे थे।

कुछ मूर्तियां अयोध्या के सरयू नदी और कुछ मूर्तिया कर्नल गंज के सरयू नदी में विसर्जन के लिए ले जा रहे थे। दुर्गा कमेटी के लोग मूर्तियों को घुमाने के बाद विसर्जन स्थल पर डीजे के धुन पर भक्ति गानों के साथ नाचते हुए गये। नगर कोतवाली क्षेत्र के बड़गाँव मार्ग स्थित नूरामल मंदिर के आगे घोसियाना में स्थित तकिया मस्जिद के पास से मां दुर्गा की प्रतिमाएं निकल रही थी। तभी अचानक मूर्ति पर मस्जिद की तरफ से कुछ अराजकतत्व ने पथराव करना शुरू कर दिया। जिस से कई लोगो को पत्थर लगने से चोटे भी आई। ले जा रहे मूर्ति के जुलूस को वही पर रोक कर अराजक तत्व पर कार्यवाही की मांग करने लगे। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल सहित पी एस सी और कई थानों की पुलिस की फोर्स पहुँच गई। करीव एक घण्टा तक दुर्गा प्रतिमाओं का जुलूस रुका रहा। लोग अराजनक तत्वों पर कार्यवाही की मांग को लेकर अड़ गये। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के समझाने के बाद दुर्गा कमेटी के लोग मूर्ति को विसर्जन के खैरा भवानी स्थित कुंड में ले जा कर विसर्जित किया। पत्थर बाजी को लेकर तनाव का माहौल हो गया।


## किराना दुकान के गोदाम में विस्फोट



- हादसे में झुलसे युवक की मौत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** शनिवार देर रात को इटियाथोक कस्बे में एक किराना दुकान के गोदाम में विस्फोट हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो धमाके की तीव्रता इतनी तेज थी कि गोदाम अंदर से पूरी तरह दरक गया और बाहर लगा टिन शेड हाईवे के दूसरी तरफ उड़ कर जा गिरा। जिसके बाद दुकान के गोदाम में आग लग गई। जिससे चपेट में आने से दुकान मालिक का बेटा बुरी तरह झुलस गया। धमाके में गंभीर रूप से घायल युवक को पहले जिला अस्पताल में आकस्मिक उपचार के लिए ले जाया गया, वहां से चिकित्सक ने हालत नाजुक बताते हुए लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। लखनऊ पहुंचने से पहले रास्ते में ही युवक की मौत हो गई। शनिवार को रात करीब 10 बजे गोंडा-बलरामपुर हाईवे पर इटियाथोक बाजार के मध्य तेलियानी मोड़ के पास यह धमाका हुआ है। रामजी गुप्ता की किराना दुकान का गोदाम एक किराये के मकान में है। यहां दोना-पत्तल व गिलास सहित अन्य सामानों का भंडारण किया जाता है। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन समाप्त होते ही अचानक गोदाम में जोरदार विस्फोट होने की बात कही जा रही है। धमाके की चपेट में आ जाने से रामजी गुप्ता के पुत्र दुर्गेश गुप्ता (32) बुरी तरह से झुलस गये। वह गोदाम में पहले से ही मौजूद थे। धमाके के तुरंत बाद चीख-पुकार मच गई। आस-पड़ोस के लोगों की भीड़ जब मौके पर पहुंचती उससे पहले स्वजन गंभीरावस्था में दुर्गेश को लेकर जिला अस्पताल लेकर चले गए। धमाके से गोदाम के सामने लगा टिन शेड सड़क के दूसरी तरफ उड़ कर गिरा। वहीं दुकान के भीतर रखा दोना-पत्तल सब जल कर राख में तब्दील हो गया। मामले में प्रभारी निरीक्षक शेष मणि पाण्डेय का कहना है कि शार्ट सर्किट से गोदाम में आग लगी है। पुलिस गहनता से जांच पड़ताल करने में जुटी है।

## प्रतिमा विसर्जन के दौरान तीन युवक नदी में डूबे



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** जिले के छपिया थाना क्षेत्र में मूर्ति विसर्जन के दौरान शनिवार की रात मसकनवा के पिपरही घाट पर बड़ा हादसा हो गया। प्रतिमा विसर्जन करने गए तीन युवक मनवर नदी मे डूब गए। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए एक युवक को तो बचा लिया लेकिन दो युवक नदी की धारा में बह गए। ग्रामीणों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी तो एसओ छपिया ने रात होने की बात कहकर पल्ला झाड़ लिया। इससे ग्रामीण भड़क गए और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए घाट पर अव्यवस्था का आरोप लगाया। स्थानीय लोगों ने लापता युवकों की तलाश की लेकिन दोनों युवकों का पता नहीं चल सका। छपिया थाना क्षेत्र के महुलीखोरी फुटहिया बाजार गांव के लोग शनिवार को मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन करने गए थे। इनमें गांव के राकेश (20), सत्यम विश्वकर्मा (22) और अमरजीत गुप्ता (18) थी थे। रात करीब 8 बजे मनवर नदी में प्रतिमा विसर्जन के दौरान यह तीनों युवक पानी में उतरे थे लेकिन अधिक गहराई में चले जाने के कारण तीनों डूबने लगे।

**हादसे के बाद रोका गया विसर्जन**

इस हादसे के बाद घाट पर पहुंची पुलिस ने विसर्जन रुकवा दिया। विसर्जन के लिए पहुंची प्रतिमाओं को छपिया के सिंगारघाट लिखित बिसुही नदी और मनकापुर थाना क्षेत्र के बगुलही पुल के घाट पर ले जाया गया। पुलिस ने अपनी देखरेख में देर रात तक प्रतिमाओं का विसर्जन कराया। लापता युवकों को परिजनों रो रोकर बुरा हाल है। गांव के दो दो युवकों के पानी में डूब जाने से पूरा गांव अवाक और हतप्रभ है। इस संबंध में थानाध्यक्ष छपिया का कहना है कि लापता युवकों की तलाश कराई जा रही है।

**घाट पर अव्यवस्था का आरोप**

युवकों को डूबता देख पिपरही घाट पर हड़कंप मच गया। मौके पर मौजूद लोगों ने डूब रहे राकेश को तो निकाल लिया लेकिन सत्यम व अमरजीत पानी की धारा में समाकर लापता हो गए। जिस वक्त यह घटना हुई घाट पर कोई पुलिसकर्मी मौजूद नहीं था। ग्रामीणों ने हादसे की सूचना छपिया एसओ कृष्ण गोपाल राय को दी तो उन्होने रात होने की बात कहते हुए पल्ला झाड़ लिया। इससे ग्रामीण भड़क उठे और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों ने घाट पर अव्यवस्था का आरोप भी लगाया। पुलिस के इंकार के बाद ग्रामीण स्थानीय गोताखोरों की मदद से रात भर पानी में डूबे युवकों की तलाश करते रहे लेकिन उनका पता नहीं चल सका। सुबह होने पर पुलिस के गोताखोर मौके पर पहुंच गए और डूबे युवकों की तलाश में जुटे हैं। एसओ छपिया का कहना है कि लापता युवकों की तलाश करायी जा रही है।

### मारपीट के दौरान चार घायल

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** जमीनी विवाद के चलते पट्टी दारो ने धारदार हथियार से मारपीट कर चार लोगो से घायल कर दिया।देहात कोतवाली क्षेत्र के पिपरी सागर निवासी पवन कुमार पुत्र विजय कुमार तिवारी ने बताया कि पट्टीदार बाबू राम पुत्र लक्ष्मी प्रसाद अपने खेत की जुताई के दौरान वह मेरे खेत मे लगे बैरीकेडिंग के लगे तार को तोडकर मेरे खेत मे घुसने लगे जानकारी मिलने पर हम जब मना करने गये तो वे मुझे मारने लगे मेरे शोर मचाने पर जब मेरे परिजन बचानों पहुचे तो दयाराम अपने आधा दर्जन साथियों के साथ पहुचकर लाठी डण्डख व फरसा मीना देवी,अजुर्न तिवारी, ममता को मार पीट कर घायल कर दिया ।पवन कुमार तिवारी ने देहातकोतवाली मे तहरीर दी है।पुलिस सभी घायलो को मेडिकल कालेज मे उपचार कराने के लिए पहुचाया है।

## रावण वध के साथ ही बुराई पर अच्छाई की हुई विजय

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**

धूमधाम से दशहरा का त्योहार मनाया गया। इस बार राम लीला मैदान में खूब भीड़ दिखाई पड़ी। रावण वध के साथ ही बुराई पर अच्छाई की विजय हो गई। शहर के मालवीय नगर में स्थित हनुमान गढ़ी मंदिर के पास राम लीला का मैदान है। दशहरा शुरू होते ही यहाँ पर राम लीला का मंचन होता है। पूरे दस दिनों तक राम लीला कमेटी के लोग राम और रावण का नाटक का मंचन करते है। राम लीला देखने के लिए लोगो की भीड़ भी आती है। दशहरा शुरू होते ही प्रति दिन शाम को करीब 5 बजे से राम लीला का नाटक शुरू हो जाता है, जो करीब एक घण्टे से ऊपर चलता है। दशहरा के आखिरी दिन रावण का काफिला शहर के शास्त्री नगर स्थित राम जानकी मंदिर से निकलता है।



दशहरा देखने को लेकर उमड़ी भीड़


**अबकी बार नहीं दिखी पुलिस**

दशहरा वाले दिन राम लीला मैदान में पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था नही दिखाई पड़ी। इस से राम लीला का नाटक का मंचन करने में भी काफी दिक्कत आ रही थी। राम लीला मैदान में ही जब राम और रावण का नाटक का मंचन शुरु हुआ तो बीच बीच मे ही भीड़ आ जाती थी। जिस नाटक का मंचन करने में बहुत ही दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। किसी तरह राम लीला कमेटी के लोग भीड़ को मैदान से भगाते हुए नाटक का भाग करा रहे थे। काफी देर बाद दो तीन महिलाओं की पुलिस आई जो भीड़ को काबू करने में नाकाम रही। पुलिस की सुरक्षा की कमी दिखाई पड़ी।

घोड़े और रथ पर सवार हो कर कुंभ करण मेघ नाथ के साथ राम लीला मैदान में पहुचता है। कुंभ करण मेघ नाथ के साथ राम और लक्ष्मण हनुमान के साथ भयानक युद्ध होता है। एक एक कर के रावण के महारथी का वध राम और लक्ष्मण हनुमान के हाथों में हो जाता है। और अंत मे रावण के वध के साथ ही उस के अहंकार का भी वध हो जाता है। राम लीला मैदान में रावण का पुतला और कुंभ करण का पुतला कागज , बास से बनाया जाता है। करीब 20 फुट का पुतला रावण का और करीब 15 फुट का पुतला कुंभ करण का बनाया गया था। राम के द्धारा दोनो पुतलों को तीर मार कर जलाया जाता है और इस तरह रावण का वध हो जाता है। दशहरा देखने के लिए बच्चों महिलाओं की भीड़ गांव और आस पास के लोगो की भी खूब आती है।

## खबरें एक नजर में

### मां ने बेटी की जान बचाने के लिए लगा रही गुहार



- तीन साल की बच्ची को है डायमंड ब्लैफेन एनीमिया

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** रूपईडीहा निवासी महिला की शादी अजमेर से हुई है। उसकी तीन साल की बेटी डायमंड ब्लैफेन एनीमिया बीमारी से ग्रसित है। बेटी युवति कुशवाहा जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रही है। बच्ची का जीवन बचाने के लिए बोन मैरो ट्रांसप्लांट की जरूरत है। उसने लोगों से मदद की गुहार लगाई है।जनपद के रूपईडीहा निवासी ज्योति कुशवाहा का विवाह अजमेर से हुई थी। विवाह के बाद सबकुछ ठीक चल रहा था। बेटी ने जन्म लिया तो दंपति काफी खुश थे। युवति कुशवाहा की तबियत खराब हुई। डॉक्टर ने जांच कर बताया कि वह गंभीर बीमारी डायमंड ब्लैफेन एनीमिया बीमारी से ग्रसित है। ऐसे में उसे एक महीने की उम्र से खून चढ़ रहा है। इससे शरीर में आयरन की मात्रा बढ़ गई है और लीवर किडनी हार्ड पर असर पड़ रहा है डॉक्टरों ने बच्ची को बोनमैरो ट्रांसप्लांट की सलाह दी है। पिता साभा सिंह होटल में काम करते हैं। उन्होंने बताया कि अधिक स्थिति ठीक नहीं है बच्ची के इलाज के लिए 46 लख रुपए की जरूरत है अब तक लोगों की मदद से 20 लाख रुपए एकत्रित हुए हैं इसमें राज्यपाल से मिले एक लाख भी शामिल है। 27 लख रुपए की और जरूरत है राशि की व्यवस्था नहीं होने पर बच्ची की जान जा सकती है। परिवार जन आम जनों से मदद की गुहार लगाई है। बच्ची की मां ज्योति रोते हुए बताएं कि अगर आप लोगों ने मदद नहीं किया तो बच्ची की जान भी जा सकती है बच्ची की मदद के लिए परिजनों ने अपने मायके के लोगों से भी मदद की गुहार लगाई है।

### आरा मशीन में लकड़ी चीरते समय मजदूर का कटा हाथ, हालत गंभीर

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** जिले के मनकापुर क्षेत्र के एक उद्योग केंद्र में स्थित आरा मशीन में शनिवार को लकड़ी चीरते समय एक मजदूर का हाथ कट गया। उसे उपचार के लिए तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। हालत गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक मनकापुर क्षेत्र में आरपी स्कूल के निकट उद्योग केंद्र में स्थापित पूर्व ब्लॉक प्रमुख छपिया के बेटे सुनील शुक्ल द्वारा आरा मशीन का संचालन किया जाता है। यहां कई वर्षों से कोतवाली क्षेत्र के सतिया गांव निवासी विद्यासागर मजदूरी करते हैं। शनिवार समय 11 बजे विद्यासागर आरा मशीन पर लकड़ी चीर रहे थे। अचानक लकड़ी फिसल गई और उसका बायां हाथ मशीन में चल रहे ब्लेड की चपेट में आकर पूरी तरह से कट गया। वहां काम कर रहे दूसरे मजदूरों ने विद्यासागर को तत्काल सामुदायिक केंद्र में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### करंट लगने से युवक की मौत

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** धाने पुर थाना क्षेत्र के पूरे हाड़ा गांव के निवासी 40 वर्षिय राम सूरत पुत्र राम देव शनिवार के देर रात्रि में घर का बिजली का तार जोड़ रहा था। तभी अचानक करंट लग गया। इलाज के लिए उस को धाने पुर सी एस पर ले गये। इलाज के दौरान उस की मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा है।

## जिले में मां दुर्गा की प्रतिमा का हुआ धूमधाम से विसर्जन

- मां दुर्गा को भक्तों ने दी विदाई, नाचते गाते निकाली शोभायात्रा

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

नवरात्रि महापर्व के समापन के बाद रविवार को जिले में मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन शोभा यात्रा धूमधाम से निकाला गया। जिले के शहर और ग्रामीण इलाकों में विभिन्न घरों में भी स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमाओं का शोभा यात्रा निकाली गई। जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए सरयू तट पर पहुंची भक्तों ने नाचते गाते हुए मां दुर्गा को अंतिम विदाई दी और आरती उतार कर विसर्जन किया।

रिसिया, मटेरा, नानपारा, मिहींपुरवा, शिवपुर, नवाबगंज, फखरपुर, कैसरगंज जरवल, जरवलरोड समेत अन्य इलाकों से भी प्रतिमाओं की शोभायात्रा निकली।वही शहर मे छावनी, घंटाघर, पीपल तिराहा, गुदड़ी, बशीरगंज होते हुए सरयू तट के झिंगहाघाट पर पहुंची।जिला प्रशासन ने प्रतिमा विसर्जन के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। जिससे किसी प्रकार की गड़बड़ी या अप्रिय घटना से बचा जा सके।

दुर्गा पूजा महासमिति ने भी सरयू तट पर प्रकाश की व्यवस्था की और बैरिकेटिंग लगाई,ताकि भक्त गहरे पानी में न जा सके।




**धूमधाम से निकाली विसर्जन शोभायात्रा**

रिसिया नगर पंचायत में शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में स्थापित दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन बड़े ही धूमधाम से शोभा यात्रा को निकाला गया जिसमें भारी पुलिस बल तैनाती रही। विसर्जन शोभा यात्रा में महिलाओं की सुरक्षा को देखते हुए महिला कांस्टेबलों को भी लगाया गया। वही महासमिति के पदाधिकारी व सदस्य शोभा यात्रा पर निगरानी रख रहे थे। और व्यवस्था को सुचारू रूप से चला रहे थे।


### संयुक्त कृषि निदेशक ने किया गोदाम का निरीक्षण

**कहा- किसानों को खाद और बीज समय से कराएं उपलब्ध**



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** संयुक्त कृषि निदेशक देवीपाटन मंडल गोंडा ने जिले में स्थित खाद और बीज की गोदाम का निरीक्षण किया। इसके बाद उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर कहा कि किसानों को मांग के सापेक्ष समय से खाद उपलब्ध करवाएं। रबी अभियान के तहत कृषकों को सुगमतापूर्वक निर्धारित दरों पर गुणवत्तयुक्त उर्वरक उपलब्ध कराये जाने के लिए जनपद बहराइच को डीएपी/एनपीके की एक रैक 2000 मीट्रिक टन प्राप्त हुई है। जिसका भंडारण पीसीएफ के बफर गोदाम जसाला में की गई है। इसका निरीक्षण रविवार को संयुक्त कृषि निदेशक लोकेंद्र सिंह ने की। उन्होंने मांग के अनुसार जनपद की सभी समितियों पर सहकारिता विभाग द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे खाद के बारे में जानकारी ली।

## अनोखा दशहरा : कंस का वध कर आयोजित हुआ दशहरा महोत्सव



- रावण वध के बजाय होता है कंस वध, रामलीला के जगह पर आयोजित होती है कृष्णलीला
- रावण के जगह होता है कंस का पुतला, कंस का वध होते ही धूं-धूं कर जला पुतला
- 172 वर्ष से संचालित दशहरे में भगवान कृष्ण के हाथों किया जाता है कंस वध का आयोजन

राहुल सोनी/साकेत वर्मा

**बहराइच/मिहीपुरवा समृद्धि न्यूज।** जिले के मिहींपुरवा तहसील के भवनियापुर बनघुसरी में परंपरागत दशहरा धूमधाम से संपन्न हुआ। लेकिन यहां का दशहरा देशभर के अन्य स्थानों से अलग है। जहां पूरे भारतवर्ष में दशहरे के दिन अत्याचारी रावण का वध होता है और भगवान राम की विजय का उत्सव मनाया जाता है। वहीं भवनियापुर बनघुसरी में चित्रांश समाज द्वारा 172 वर्ष से संचालित दशहरे में भगवान कृष्ण के हाथों कंस वध का आयोजन किया जाता है। यह अनोखा दशहरा यहां के लोगों के लिए सांस्कृतिक और धार्मिक धरोहर के रूप में कई वर्षों से होता चला आ रहा है। दशहरे में कृष्णलीला आयोजन का मुख्य आकर्षण कंस वध और पुतला दहन का दृश्य रहा।

शारदीय नवरात्रि की पंचमी से शुरू होने वाले इस दशहरे में कृष्ण जन्म से लेकर कंस वध तक की घटनाओं का जीवंत चित्रण किया गया। भगवान कृष्ण की बाल लीलाओं से लेकर उनकी वीरता और अंत में अत्याचारी कंस के वध तक की कथा को निपुण कलाकारों द्वारा मंचित किया गया। कंस वध के पश्चात, आतिशबाजियों के साथ कंस का विशाल पुतला धू-धूकर जल उठा, जो दशहरे का प्रतीक बनकर बुराई के अंत और सच्चाई की विजय का संदेश देता है।पुतला दहन के समय उपस्थित जनसमूह के बीच जब कंस का पुतला जलने लगा, तो वहां उमड़ी भीड़ में उत्साह और उल्लास का माहौल था। हर उम्र के लोगों ने इस ऐतिहासिक और धार्मिक आयोजन का हिस्सा बनकर गर्व महसूस किया। दशहरे का यह आयोजन केवल एक धार्मिक त्योहार ही नहीं, बल्कि एक परंपरा बन चुका है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी चलती आ रही है।भवनियापुर बनघुसरी के दशहरे में केवल कंस वध ही नहीं, बल्कि भगवान कृष्ण की कई प्रमुख लीलाओं का भी मंचन किया जाता है। इनमें कृष्ण जन्म, पूतना वध, कालिया मर्दन, मखसाना लीला, रजक वध, और कई अन्य लीलाएं शामिल हैं। इन लीलाओं का मंचन निपुण कलाकारों द्वारा अत्यंत प्रभावशाली ढंग से किया गया, जिसने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कृष्ण के रूप में बाल कलाकारों ने अपनी अदाकारी से लोगों के दिलों में विशेष स्थान बना लिया। पूतना वध और कालिया मर्दन की लीला विशेष रूप से दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बनी रही। इन लीलाओं के माध्यम से भगवान कृष्ण की बचपन की वीरता को दर्शाया गया, जहां उन्होंने पूतना नामक राक्षसी का वध किया और कालिया नाग को पराजित किया। इन प्रसंगों को देखने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु और दर्शक यहां आते हैं और इसे आस्था और मनोरंजन के संगम के रूप में अनुभव करते हैं। दशहरे के आयोजन के दौरान दिनभर की लीलाओं के बाद रात में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित की जाती है, जिसमें रामलीला का भव्य मंचन होता है। इस वर्ष भी श्रीराम के जन्म से लेकर श्रीराम विवाह तक की कथाओं का मंचन किया गया, जिसे देखकर दर्शक भावविभोर हो गए।

रामलीला के कलाकारों ने अपनी बेहतरीन अदाकारी से मंचन को जीवंत बना दिया। इसके अलावा, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में पारंपरिक नृत्य, नौटंकी, और नाटक भी प्रस्तुत किए गए, जो दशहरे की शोभा को और बढ़ाते हैं। नृत्य कलाकारों ने अपनी अद्वितीय कला से दर्शकों का दिल जीत लिया, जबकि नौटंकी और नाटक के माध्यम से समाज में व्याप्त कुरीतियों और बुराइयों पर व्यंग्यात्मक ढंग से चोट की गई। भवनियापुर बनघुसरी का दशहरा केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं है, बल्कि यह चित्रांश समाज और पूरे क्षेत्र का गौरव है। यह आयोजन कई दशक पुराना है और इसकी परंपरा आज भी उसी धूमधाम से निभाई जा रही है। इस आयोजन के पीछे चित्रांश समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहा है, जो इसके आयोजन और संरचना में सक्रिय भूमिका निभाता है। इस वर्ष भी चित्रांश समाज के अध्यक्ष चतुर्भुज सहाय, प्रबंधक आनंद प्रकाश, अनुराग प्रकाश श्रीवास्तव ने आयोजन की व्यवस्थाओं को बेहतरीन ढंग से संचालित किया। उनके साथ-साथ क्षेत्रवासियों का भी आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण सहयोग रहा। समाज के विभिन्न वर्गों और धार्मिक संगठनों ने इस उत्सव में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और इसे सफल बनाने में योगदान दिया। दशहरे के इस आयोजन में उमड़ी भारी भीड़ को देखते हुए, नानपारा पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए थे। मेले और कार्यक्रम के दौरान कोई भी अप्रिय घटना न हो, इसके लिए जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस की सतर्कता और प्रभावी व्यवस्थाओं के चलते लोग बिना किसी चिंता के दशहरे के पर्व का आनंद ले सके। पुलिस के साथ-साथ स्वयंसेवकों ने भी भीड़ को नियंत्रित करने और व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम को सफल बनाने में दुर्गेश उर्फ निक्की श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, सत्यम श्रीवास्तव, ध्यान प्रकाश श्रीवास्तव आदि चित्रांश परिवार का व्यवस्था में विशेष सहयोग रहा।

## घर से लापता किशोरी का तालाब में मिला शव, हड़कंप

- शरीर पर नाखून के निशान, हत्या की आशंका

**बहराइच समृद्धि न्यूज़** जनपद के बढ़ैया गांव निवासी एक किशोरी अपनी सलामती के लिए व्रत थी, लेकिन नवरात्र में ही उसकी हत्या कर शव तालाब में फेंक दिया गया। जिस स्थिति में शव मिला है, उससे और कई आशंकाएं उत्पन्न हो रही हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।रामगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बढ़ैया मुंघरिया गांव निवासी काजल (14) पुत्री जीतराम नवरात्र में नौ दिनों की व्रत थी।

प्रतिदिन की तरह शुक्रवार को काजल ने माता पिता और अन्य लोगों का खाना बनाया। इसके बाद वह घर से 50 मीटर की दूरी पर स्थित सरकारी हैंडपंप पर स्नान करने के लिए गई। चाचा ने बताया कि स्नान करने के बाद काजल गांव के दुर्गा पूजा पंडाल में पूजा अर्चना करने के लिए जाती थी। लेकिन स्नान करने जाने के दौरान वह लापता हो गई। उसका कुछ पता नहीं चला। परिवार के लोगों ने खोजबीन कर आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। शनिवार सुबह गांव के लोग नित्य क्रिया के लिए जा रहे थे तो सभी प्राथमिक विद्यालय के निकट स्थित तालाब में काजल का शव देखा। इस पर परिवार के लोगों को जानकारी दी गई। परिवार के लोग रोते बिलखते मौके पर पहुंचे।

पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। चाचा ने बताया कि भतीजी के शरीर पर नाखून से खरोच के निशान हैं। चोट के कई जगह निशान हैं। ऐसे में हत्या की गई है। दरिंदगी की भी आशंका लोग जाता रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चलेगा। इसके बाद केस दर्ज किया जायेगा।



**अपहरण के बाद हुई हत्या**

मृतक काजल के चाचा ने बताया कि भतीजी नवरात्र पूजा पंडाल में स्नान करने के बाद ही जाती थी। कल भी स्नान करने के दौरान उसका अपहरण हुआ। इसके बाद हत्या कर शव फेंक दिया गया। उन्होंने बताया कि शुक्रवार रात को भी बाग और तालाब में खोजबीन की गई, लेकिन कुछ नहीं पता चला। वहीं शनिवार को घर से 300 मीटर की दूरी पर स्थित तालाब में शव मिला।

## भगवान राम के अग्निबाण चलाते ही धूं-धूं कर जल उठा रावण का पुतला

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

असत्य पर सत्य, बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक दशहरा पर्व शनिवार को जिले में धूमधाम से मनाया गया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रामलीला मैदान में राम-रावण युद्ध का मंचन हुआ।

मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के अग्निबाण चलाते ही लगभग 55 फिट का रावण का पुतला, मेघनाद व कुम्भकर्ण का पुतला धू-धू कर जल गया और इस तरह एक बार फिर बुराई पर अच्छाई की जीत के साथ ही अनाचार पर सदाचार की विजय और असत्य पर सत्य की जीत हुई।रावण दहन के बाद आकर्षक जमकर आतिशबाजी की गई जो आकर्षण का केन्द्र रही।इस दौरान जनप्रतिनिधियों,पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने जनपदवासियों को विजयदशमी की बधाइयां दीं। ग्रामीण अंचलों में भी दशहरे की धूम रही। दशहरा के दिन रामलीला में राम और लक्ष्मण मैदान पहुंचे। इससे पूर्व प्रकांड विद्वान रावण ने राम से युद्ध में विजय प्राप्ति के लिए शिव की आराधना कर विजय का आशीष मांगा। राम-रावण युद्ध से पूर्व हुई लीला में कुम्भकर्ण और मेघनाथ भी मारे गए। इसके बाद राम और रावण का युद्ध शुरू हुआ। घंटों चले युद्ध के बाद राम के एक साथ 21 बाण छोड़े जाने पर रावण के नाभि का अमृत सूख जाता है।उसके दसों सिर और दसों भुजाएं कट गई। इसी के साथ रावण का अंत हो गया। रावण का वध होते ही पूरा रामलीला मैदान भगवान राम के जयकारों से गूंज उठता है। बाद में रावण का पुतला दहन हुआ। श्री राम के अग्निबाण चलाते ही रावण का पुतला धू-धू कर जल उठा। नगर में हुए दशहरा मेले में को रावण वध का सजीव मंचन किया गया। प्रख्यात रामलीला का मंचन मथुरा-वृंदावन से आयी टीम ने अपनी प्रतिभा से दर्शकों का मन मोह लिया। मथुरा-वृंदावन के कलाकारों द्वारा रामलीला में मेघनाद, कुंभकर्ण वध के बाद रावणवध की लीला का कलाकारों ने सजीव मंचन किया।कार्यक्रम में महामंडलेश्वर रवि गिरी जी महाराज, प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा, सदर विधायक अनुपमा जायसवाल, नगर पालिका चैयरमेन सुधा टेकड़ीवाल, प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी पद्मसेन चौधरी,प्रान्तीय समरसता प्रमुख राज किशोर, जिला प्रचारक अजय कुमार, एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, जिलाधिकारी मोनिका रानी,पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला, एसडीएम, एडीएम, एसपीसिटी, सिटी मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, सीओ, ईओ प्रमिता सिंह ने उपस्थित लोगों से अपने अंदर मौजूद अहंकार जैसी बुराई को छोड़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन राम लीला कमेटी के अध्यक्ष श्याम करण टेकड़ीवाल ने किया।इस अवसर पर राधा रमण यज्ञसैनी, जय जय अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, राहुल रॉय, राधेश्याम त्रिपाठी, मनोज गुप्ता, मीडिया प्रभारी सचिन श्रीवास्तव, कमल शेखर गुप्ता, अंशुमान यज्ञसैनी, अशोक सैनी, जीतेन्द्र प्रताप सिंह जीतू, विनय जैन, रणविजय सिंह, नन्हे लाल लोधी,पवन जायसवाल, अजय अग्रवाल,दाऊ जी सोनी, हरिश्चन्द्र गुप्ता, अमित शर्मा,एस पी मिश्रा, के के मिश्रा, उत्कर्ष श्रीवास्तव, सुरेश गुप्ता, के के सक्सेना, आनंद गुप्ता, जय प्रकाश अवस्थी,दिनेश गुप्ता, आकाश सोनी, सौरभ मिश्रा, सूरज केवट, कुंदन लोधी, अखिलेश यादव गोले,उर्मिला शुक्ला आदि मौजूद रहे।



- असत्य पर सत्य, बुराई पर अच्छाई का प्रतीक दशहरा पर्व जनपद में धूमधाम से मनाया गया

**आतिशबाजी रही आकर्षण का केन्द्र**

दशहरा कार्यक्रम के दौरान असत्य पर सत्य की जीत,बुराई पर अच्छाई की जीत को लेकर रावण के पुतले के दहन के बाद आकर्षक आतिशबाजी की गई जो आकर्षण का केन्द्र बनी रही। आकर्षक आतिशबाजी ने लोगों को रोके रखा।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया विजयदशमी का पर्व




## मूर्ति विसर्जन हवन पूजन, रामलीला भंडारा एवं रावण का हुआ दहन

**महाराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

मूर्ति विसर्जन भंडारे दशहरा एवं रावण दहन का कार्यक्रम विजयदशमी के दिन पड़ने की वजह से दिनभर लोगों के बीच में व्यस्तता दिखाई पड़ी विजयदशमी के दिन सुबह 10:00 बजे तक नवमी लगे होने के कारण लोगों द्वारा मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम जलाशय नदियों नैय्या एवं अन्य जगहों पर विजयदशमी के दिन किए गए जिसमें माता रानी के जयकारे लगाते हुए हजारों भक्तों द्वारा मां दुर्गा को विसर्जित किया गया। वहीं जगह-जगह विभिन्न मंदिरों पर भंडारे का आयोजन भी रहा दानेश्वर मंदिर महाराजगंज में भंडारे का आयोजन हुआ असर्फाबाद में भंडारे का आयोजन हुआ साथ-साथ विजयदशमी के दिन महाराजगंज नगर के हनुमानगढ़ी में रामलीला का कार्यक्रम किया गया जिसे हजारों भक्तों द्वारा देखा और सुना गया वहीं हजारों लोगों ने हनुमानगढ़ी में आयोजित मेले में प्रतिभाग लिया और जमकर खरीददारी की तथा चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू द्वारा नगर के हनुमानगढ़ी में बने रावण को माचिस लगाकर दहन किया गया इस मौके पर हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## गंगा तट पर कराया गया दुर्गा प्रतिमाओं का भू विसर्जन

**डलमऊ रायबरेली।** नवदुर्गा पूजा के बाद मूर्तियों के विसर्जन का सिलसिला चोरों पर है गंगा को स्वच्छ एवं निर्मल बनाए रखने के लिए शासन के दिशा निर्देशानुसार मूर्तियों का भूमि सजन कराया जा रहा है डलमऊ तहसील प्रशासन द्वारा मूर्तियों की भूमि विसर्जन के लिए गंगा तट पर बड़े-बड़े खोदे गए हैं जिसमें क्षेत्र एवं जनपद के विभिन्न हिस्सों से आने वाली देवी प्रतिमाओं का भू विसर्जन किया जा रहा है माता के जयकारों के साथ दुर्गा प्रतिमाओं के भू विसर्जन में श्रद्धालु डीजे की धुन पर नाचते गाते अबीर गुलाल उड़ाते हुए डलमऊ गंगा तट पहुंच रहे हैं नवमी के दिन से शुरू हुए प्रतिमाओं के भू विसर्जन में डलमऊ के गंगा तट पर अब तक छोटी एवं बड़ी प्रतिमाओं को मिलाकर लगभग पांच सौ अधिक प्रतिमाओं का भू विसर्जन किया जा चुका है मूर्ति विसर्जन कोष सकुशल निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह चौकन्ना दिखाई पड़ रहा है।



# तोड़ी गई मूर्ति की जगह पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में नई मूर्ति की कराई गई स्थापना





## चार दिवस पूर्व एक शराबी युवक द्वारा मंदिर के अंदर घुसकर स्थापित देवी की मूर्ति को किया गया था खंडित, ग्रामीणों में था भारी आक्रोश

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र अंतर्गत राघवपुर गांव में स्थित मां चंद्रिका देवी मंदिर में शुभ मुहूर्त में मूर्ति की हुई प्राण प्रतिष्ठा। बता दें कि नवरात्र के दिनों में बीते गुरुवार को एक शराबी युवक द्वारा देर रात माता के मंदिर में घुसकर मूर्ति को तोड दिया गया था कोजानकारी होते ही ग्रामीणों में भारी आक्रोश था और घटनास्थल पर पहुंच गए, पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी बछरावां ओम प्रकाश तिवारी, चौकी इंचार्ज थुलेंडी वागीश मिश्रा सहयोगियों के साथ पहुंचकर युवक को गिरफ्तार कर लिया था तथा नाराज ग्रामीणों को समझा बूझाकर शांत कराकर नई मूर्ति स्थापित करने के लिए कहा था। उसी क्रम में शनिवार दशहरा के दिन ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास से खंडित मां चंद्रिका देवी मूर्ति की विधि विधान से योग्य पंडित वेद प्रकाश दीक्षित के द्वारा मुख्य जजमान चंद्रिका प्रसाद द्विवेदी तथा सहायक जजमान सदाशिव तिवारी कौशल त्रिवेदी व रमेश कुमार बाजपेई के द्वारा पुलिस की मौजूदगी में नई देवी मुर्ति ला कर यथा स्थान स्थापित कराई गई। देवी की स्थापना में राघवपुर सुंदरकांड समिति के अध्यक्ष अतुल द्विवेदी अनुज अवस्थी सुधीर शुक्ला छोटू मिश्रा अनिल मिश्रा गणेश प्रसाद द्विवेदी मंडिया मिश्रा शिवदयाल विश्वकर्मा चंद्रकांत शुक्ला सुनील मिश्रा अमन द्विवेदी सहित समस्त सुंदरकांड समिति के कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा। इस मौके पर ग्राम प्रधान प्रीति यादव पंचायत सचिव वैभव मिश्रा, थाना प्रभारी बछरावां ओमप्रकाश तिवारी चौकी इंचार्ज थुलेंडी वागीश मिश्रा, सेकंड चौकी इंचार्ज अर्जुन द्विवेदी अपनी पूरी टीम के साथ भारी संख्या में महिला पुरुष ग्रामीण स्थापना के समय मंदिर प्रांगण में मौजूद रहे।

# खेत मालिक ने मानवता को किया शर्मसार, की सारी हदें पार

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

## करंट लगने से दो गायों की हुई मौत के बाद अपनी गलती छिपाने का किया प्रयास

## खेत मालिक ने अपने खेतों के चारों ओर ब्लेटयुक्त तारों में दौड़ा रखी थी करंट

घटना रविवार सुबह 10:00 बजे के आसपास की है, जब खेतों के किनारे लगे हुए ब्लेट युक्त तारों में करंट दौड़ने की वजह से दो गायो की उसकी चपेट में आने से मौत हो गई है। जहां पीड़ित ने खेत मालिक पर एक नहीं बल्कि दो-दो गायों की हत्या करने का आरोप लगाया जा रहा है। मामला स्थानीय थाना क्षेत्र के बन्नावा गांव का है, जहां खेत मालिक नन्हई पुत्र पुद्धन द्वारा अपने खेतों के किनारे ब्लेट युक्त तारों में करंट दौड़ा कर रखी गई थी। जिसकी चपेट में दो गाय आ गई और उनकी मौत हो गई। वहीं गायों की मौत की पश्चात खेत मालिक ने अपनी गलती छिपाने के लिए गायों को साइकिल रिक्शा में लादकर जंगल में फेंक दिया, जिसका वीडियो मोबाइल कैमरे में कैद हो गयाद्य पीड़ित गंगा सागर दीक्षित उर्फ कल्लू दीक्षित ने बताया कि रात को मेरे दरवाजे पर बंधी मेरी दो गाये आवारा साड के आ जाने के कारण खूंटे से बंधन मुक्त होकर भाग गई। हम सभी परिवारी जनों ने काफी देर तक गायों की खोजबीन की, परंतु वह नहीं मिली, तो हम सब सोने चले गए, लेकिन सुबह होने पर एक ग्रामीण द्वारा मुझे जानकारी प्राप्त हुई कि उक्त व्यक्ति के द्वारा तुम्हारी गायों को साइकिल रिक्शा में लादकर जंगल में दो अलग-अलग स्थानों पर फेंका गया है।

अपनी गायों के विषय में जानकारी करने जब मै खेत मालिक के घर पहुंचा तो वह मुझसे गाली गलौज करने लगा और जो करना है करो की बात कहने लगा, पीड़ित के द्वारा घटना की सूचना 112 पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस के द्वारा मामले को गंभीर होता देख स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई तत्पश्चात थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटना की सूचना बिजली विभाग के कर्मचारियों को दी, फिलहाल पुलिस एवं बिजली विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुँच कर घटना की जांच पड़ताल में जुट गए है। वहीं पीड़ित पक्ष का कहना है कि उक्त व्यक्ति के द्वारा एक नहीं बल्कि दो- दो गौ हत्याओं का जो जघन्यअपराध किया गया है। आरोपित खेत मालिक पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना की जानकारी प्राप्त हुई है, जांच पड़ताल की जा रही है।

## बाइक सवार ने साइकिल सवार पिता और पुत्री को मारी टक्कर, घायल

**बछरावां रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत बछरावां महाराजगंज मार्ग पर सुल्तानपुर मजरे हरदोई गांव के पास साइकिल से दशहरा का मेला देखने जा रहे पिता और पुत्री को एक बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी, टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए और इलाज के लिए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गयाद्य जानकारी के अनुसार आपको बताते चले कि पिता रामानंद पुत्र छेदा प्रजापति निवासी राईमऊ थाना हरचंदपुर अपनी 10 वर्षीय पुत्री राखी के साथ साइकिल से हरदोई गांव का दशहरा मेला देखने जा रहे थे, तभी एक बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए, सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की सहायता से इलाज के लिए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया, जहां मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार करने के पश्चात उन दोनों की स्थिति को गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## खबरें एक नजर में

### पेड़ों की कटाई करने गए वृद्ध के ऊपर पेड़ गिरने से हुई दर्दनाक मौत

**बछरावा रायबरेली।** गिरे हुए पेड़ की टहनी काट रहे वृद्ध के ऊपर दूसरा पेड़ गिर जाने से नीचे दबकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना बीते शनिवार देर शाम की है। जब पड़ोस के ही गांव के रहने वाले एक ठेकेदार जगदीश पुत्र दुलारे लकड़ी की ठेकेदारी का काम करता है। वह यूकेलिप्टस के पेड़ कटवा रहा था। जिसमें वृद्ध जगमोहन पुत्र स्व0 पंचम उम्र 61 वर्ष निवासी ठकुराइन खेड़ा मजरे सुदौली मजदूरी करने के लिए गया था। मृतक वृद्ध यूकेलिप्टस के गिरे हुए पेड़ की छटाई कर रहा था। तभी अन्य मजदूरों के द्वारा दूसरा पेड़ काटने के बाद नीचे गिरा दिया। और वृद्ध जब तक कुछ समझ पाता तब तक पेड़ उसके ऊपर धराशाई हो गया। और वृद्ध की पेड़ के नीचे दबकर मौत हो गई। ठेकेदार के द्वारा सूचना वृद्ध के परिजनों को दी गई। मौके पर पहुंचे परिजन एवं अन्य लोगों की सहायता से मृतक वृद्ध के शव को घर पर लाया गया। सूचना पर पहुंचे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि दुर्गा सिंह ने पूरे घटना क्रम की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की पुलिस जांच कर रही है।

### महदेईया बाजार में धूमधाम से निकला दशहरे का जुलूस

**महदेईया बाजार/श्रीदत्तगंज(बलरामपुर)।** बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व ब्लॉक श्रीदत्तगंज मुख्यालय समेत महदेईया बाजार व आस पास क्षेत्रों में धूमधाम के साथ मनाया गया। आकर्षक झांकियों के बीच विजयदशमी जुलूस निकाल कर प्रतिमा विसर्जन की गई। सुरक्षा की दृष्टि से जुलूस मार्ग में व्यापक पुलिस बल तैनात रहा। जुलूस मार्ग में भक्तों ने प्रसाद वितरित कर जलपान कराया। महदेईया बाजार का जुलूस दुर्गा मंदिर से लेकर मुजहना गांव तक गया। पुनः पूरे बाजार का भ्रमण करते हुए शुक्लागंज होते हुए गुमड़ी घाट पहुंचा और सभी प्रतिमाएं विसर्जित की गईं। जुलूस के दौरान भारी पुलिस बल तैनात किया गया। एहतियातन बाजार की सारी दुकानों को बंद रखा गया। मस्जिद के इर्द गिर्द काफी चौकसी बरती गई। जुलूस के दौरान राकेश ट्रेडर्स के सौजन्य से 251 किलो लड्डू वितरित किया गया और श्रद्धालुओ को जलपान कराया गया। जुलूस में शामिल बैंड-बाजें धार्मिक धुने बजाकर वातावरण का राममय बनाए हुए थे। इसके अलावा जुलूस में शामिल झांकियां श्रद्धालुओं के आकर्षण का मुख्य केंद्र रही। इस अवसर पर भाईलाल गुप्ता,दिलीप गुप्ता, विनोद गुप्ता, अतुल गुप्ता, संजय गुप्ता, राहुल गुप्ता, बृजेश गुप्ता, सुनील,दिव्यांशु गुप्ता व शिवांश आदि उपस्थित रहे। सुरक्षा की दृष्टि से जुलूस मार्ग में जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा। प्रभारी निरीक्षक उतरौला, थाना प्रभारी श्रीदत्तगंज व चौकी प्रभारी जितेंद्र कुमार सुरक्षा की कमान संभाले रहे।

### गंदगी और मच्छरों का बढ़ता प्रकोप

**उतरौला (बलरामपुर)।** नगर क्षेत्र के 25 वार्डों में गंदगी की समस्या गंभीर रूप ले चुकी है, जिससे मच्छरों का प्रकोप इतना बढ़ गया है कि लोगों का सामान्य जीवन जीना दूभर हो गया है। नगर में हर ओर फैली इस गंदगी के कारण मच्छरों का आतंक केवल रात तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि दिन के समय भी लोग इसकी चपेट में आ रहे हैं। इस स्थिति ने बीमारियों के फैलने की आशंका को भी बढ़ा दिया है, जिससे स्थानीय निवासियों की चिंता और बढ़ गई है। उतरौला नगर के 25 वार्डों में जगह-जगह कूड़े-कचरे का अंबार लगा हुआ है। कचरे का यह ढेर न केवल पर्यावरण के लिए हानिकारक है, बल्कि मच्छरों के प्रजनन के लिए उपयुक्त स्थान भी बन गया है। गंदगी के कारण मच्छरों की संख्या इतनी तेजी से बढ़ रही है कि दिन और रात, हर समय इनका प्रकोप बरकरार रहता है। इस कारण से लोगों के घरों में बैठना मुश्किल हो गया है, और वे बीमारियों के बढ़ते खतरे के साए में जीने को मजबूर हो गए हैं। मच्छरों की अधिकता से नगर में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया और अन्य वेक्टर जनित बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि गंदगी और मच्छरों की इस समस्या का अगर जल्द समाधान नहीं किया गया, तो इसका असर पूरी नगर के स्वास्थ्य पर पड़ सकता है। बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों के लिए यह स्थिति और भी ज्यादा खतरनाक साबित हो सकती है।

### विद्युत विभाग की लापरवाही से खतरनाक बना तारों का मकड़जाल, हादसे की आशंका

**उतरौला (बलरामपुर)।** नगर क्षेत्र में विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते स्थानीय उपभोक्ताओं को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत खंभों पर फैले तारों का मकड़जाल न केवल अनियमित है, बल्कि अत्यधिक खतरनाक भी साबित हो सकता है। इन जर्जर तारों की खराब स्थिति और उनकी देखरेख की कमी के कारण नगर के लोगों को सुरक्षा संबंधी चिंताओं का सामना करना पड़ रहा है। उतरौला नगर क्षेत्र में लगे अधिकांश विद्युत खंभों पर तारों का ऐसा मकड़जाल फैला हुआ है, जो हर किसी का ध्यान अपनी ओर आकर्षित करता है। ये तार बेहद अवस्थित ढंग से खंभों पर लटके हुए हैं और उन पर वर्षों से कोई मरम्मत कार्य नहीं किया गया है। इन तारों को सही ढंग से व्यवस्थित करने के लिए अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जिससे लोगों की सुरक्षा को बड़ा खतरा बना हुआ है। इन तारों का सबसे बड़ा मुद्दा यह है कि कई जगहों पर ये तार बहुत कम ऊंचाई पर लटक रहे हैं। सड़क के एक ओर से दूसरी ओर गए ये तार काफी नीचे झूलते हुए दिखाई देते हैं, जिससे नगर में आने वाले भारी वाहनों के लिए यह एक गंभीर समस्या बन गई है। जब भी कोई भारी वाहन इन क्षेत्रों से गुजरता है, तो उसे इन तारों के चपेट में आने का खतरा बना रहता है। स्थानीय निवासियों ने कई बार विद्युत विभाग से इस समस्या को हल करने की मांग की है, लेकिन अब तक कोई उचित कार्रवाई नहीं की गई है।

# करंट की चपेट में आने से झुलसे बंदर की लोगों ने बचाई जान

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

मुराई बाग मुख्य चौराहे के पास लगे ट्रांसफार्मर की चपेट में आने से एक बंदर बुरी तरह झुलस गया करंट से झुलसे बंदर को लोगो ने समय रहते डॉक्टर को बुला कर इलाज कर दिया, जिसके चलते बंदर की जान बच सकी घटना शनिवार की दोपहर करीब 3ञ्00 बजे के आसपास की है जहां पर बंदर उछल कूद करते हुए मुख्य चौराहे के पास लगे ट्रांसफार्मर पर चढ़ गया और तारों पर दौड़ रहे करंट की चपेट में आने से बंदर बुरी तरह झुलस गया तेज धमाके और स्पार्किंग से बंदर अचेत होकर जमीन पर गिर पड़ा और तड़पने लगा करंट की चपेट में आए बंदर को देखने के लिए लोगों का मजमा लग गया तभी वहां पर मौजूद मुख्य आरक्षी दिनेश चंद्र मिश्र,टेसू दीक्षित,नागेंद्र सैनी,रितेश जायसवाल,शुभम जायसवाल ने बंदर को पहले ट्रांसफार्मर के पास से हटाकर खुली जगह पर लिटाया और पशु चिकित्सक डा.महेंद्र सिंह को सूचना दी।बिना देरी के पहुंचे चिकित्सक ने बंदर का प्राथमिक इलाज किया जिसके चलते कुछ देर बाद बंदर स्वस्थ हो गया और उठ कर चला गया भगवान बजरंगबली के प्रतिरूप माने जाने वाले बंदर की जान बचाने वाले लोगों की सभी ने सराहना की घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी रही

**देर होती तो नहीं बचती बंदर की जान-डॉक्टर** बंदर का इलाज कर रहे पशुपालन विभाग के डॉक्टरों ने बताया कि बंदर पूरी तरह झुलस गया था. उसकी सांसें भी बहुत धीरे चल रही थी. अगर बंदर के इलाज में थोड़ी और देर होती तो शायद उसका बचना मुश्किल था।उसे समय पर इलाज मिलने की वजह से उसे बचाया जा सका है।

## ट्रक की टक्कर से मोपेडसवार दो युवक गंभीर रूप से घायल

**सलोन रायबरेली।** तेज रफ्तार ट्रक व मोपेड में जोरदार टक्कर हो गई।जिससे मोपेड सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।जहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।मामला सलोंन कोतवाली क्षेत्र के बसंतगंज चौराहा का हैं।जानकारी के मुताबिक फैजान निवासी सलोंन व मोहम्मद अरबाज निवासी पूरे लोहारन मोपेड से कहीं जा रहे थे।इसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक व मोपेड में टक्कर हो गई।जिससे दोनों मोपेड सवार ट्रक के नीचे आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। गलीमत रही कि लोगों की आवाज सुनकर चालक ने ट्रक को रोक लिया। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था।स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें बाहर निकला गया। एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलोंन पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का ९९वां स्थापना दिवस संपन्न

**बछरांवा रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



बछरावां नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ खण्ड बछरावां में नगर के स्वयंसेवकों द्वारा स्थानीय भैरवप्रसाद शिवराज सरस्वती शिशु मंदिर के प्रांगण में पूर्ण गणवेश में संघ का ९९वां स्थापना दिवस एवं विजयादशमी उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें जिला सामाजिक समरसता संयोजक सतीश जी का उद्बोधन प्राप्त हुआ। उन्होंने संघ की ९९ वर्ष की यात्रा का पूरा चित्रण स्वयंसेवको के सामने रखा । आगामी शताब्दी वर्ष पर संघ की योजनाओं एवं उसके कार्य विस्तार की विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन मुख्य शिक्षक जयचंद्र जी ने किया। कार्यक्रम में जिला मीडिया अध्ययन प्रमुख सचिन जी , सौरभ जी, अरविंद जी, प्रभाकर जी, राबिन जी, राकेश साहु जी, दुर्गेश शुक्ल जी, श्रेयश जी आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# दर्जनों गांव की दुर्गा प्रतिमाओं का दूसरे दिन किया गया विसर्जन

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**





शारदीय नवरात्र पूजन के समाप्ति के बाद कुछ जगह दशहरा के दूसरे दिन विसर्जन किया जाता हैं। मंसूर जोत, नगरिया, हसिनपारा समेत कई गांवों से दुर्गा प्रतिमा विसर्जित किया गया। श्रद्धालुओं द्वारा अबीर गुलाल, लगाकर एक दूसरे से मिलते जुलते डीजे के धुनों पर भक्ति गीतों के साथ नृत्य करते हुए माता रानी के जयकारों से पुरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। बूढ़े, बच्चे, महिलाएं, सब पूरे उत्साह से श्रृंगारजोत राप्ती नदी पर पहुंच कर विसर्जित किया गया। भाजपा नेता आनंद त्रिपाठी दद्दन, विनोद उपाध्याय, देवी प्रसाद उपाध्याय, बंसी धर निषाद, राजेश कुमार, चिक्के, कनिक राम यादव, राकेश मिश्रा, मनदीप यादव, सोहन तिवारी, लाल जी तिवारी विक्की मिश्रा, समेत सैकड़ों लोग यात्रा यात्रा में शामिल रहे।

# धूमधाम से निकली मां दुर्गा की शोभा यात्रा

**सादुल्लानगर(बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**

शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर जनपद के विभिन्न स्थानों पर रखी दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ देर रात्रि तक किया गया। शनिवार को 10 दिवसीय पूजनोत्सव का समापन हुआ। दुर्गा पूजा पंडालों में विराजमान मां भगवती दरबार की मूर्तियों का विभिन्न घाटों में विसर्जन किया गया। वाहनों पर प्रतिमाओं को सजाकर भक्ति गीतों की धुन पर नाचते गाते शोभायात्रा के साथ ले जाया गया। कुछ प्रतिमाओं का कुशमौरा घाट, सुंदर घाट, पिपरा घाट तो कुछ अयोध्या धाम में वैदिक रीति रिवाज से प्रतिमाओं को विसर्जित किया। जय माता दी के जयकारे से नगर गुंजायमान रहा। बड़ी संख्या में नवयुवक डीजे की धुन पर झुम रहे थे। भक्ति गीतों की धुनों पर महिलाएं बच्चे भी थिरक रहे थे। भगवा ध्वज लहराते, चुनरी माथे पर बांधे नवयुवक सजे रथों के आगे-आगे चल रहे थे। भजन-कीर्तन और बैंडबाजों, डीजे संग शोभायात्रा नगर के विभिन्न सड़कों,चौराहों से होता हुआ गंतव्य की ओर समारोह पूर्वक ले जाया जा रहा था। जगह-जगह रथों पर सजी झांकियों के दर्शन के लिए



नगरवासी घरों से निकल पड़े थे। प्रत्येक झांकी के साथ रंग गुलाल उड़ाते भजन की धुनों पर नाचते गाते भक्तों की टोली भगवती को विदा करने सड़क पर उतरी थी। एक विशाल शोभायात्रा का नगर में भ्रमण किया। सड़क पर हर जगह दुर्गा माता की झांकी के दर्शन पूजन के लिए लोग सड़कों पर खड़े थे। घंटा-घड़ियाल, शंखध्वनि के साथ श्रद्धालु मूर्ति विसर्जन के लिए श्रद्धा, निष्ठा के साथ जा रहे थे। जगह-जगह प्रसाद वितरण के साथ मां भगवती की झांकी चल रही थी। शारदीय नवरात्र की नवमी के दिन शुक्रवार को माता का अनुष्ठान व्रत पूर्ण हो गया था। सादुल्ला नगर हनुमानगढ़ी चौराहे पर रावण का दहन कर स्थापित मूर्तियों को देर रात्रि अयोध्या धाम में विसर्जन के लिए ले जाया गया। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रही।

## सत्संग से मानव जीवन पाने का मिलता लक्ष्य

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था, मथुरा के तत्वावधान में संस्थाध्यक्ष संत पंकज जी महाराज के सानिध्य में चल रही 108 दिवसीय शाकाहार-सदाचार, मद्यनिषेध जनजागरण यात्रा वि.ख.रेहरा बजार के बदंरहा-बाबा मदरहवा गांव में आयोजित किया। सन्त पंकज महाराज ने कहा कि सत्संग वह जल है जिसमें कौआ स्नान करके हंस बनके निकलता है। सत्संग से विवेक जाग्रत होता है और मानव जीवन पाने का लक्ष्य समझ में आता है। सारी आत्मायें आकाशवाणी, देववाणी, कलमा पर उतार कर लाई गई। अब उसका सम्बन्ध उस शब्द से टूट गया। अब उसे यह बोध नहीं रहा हम कहां से



आये और कैसे अपने अजर-अमर देश पहुंचेंगे। सन्तों महापुरुषों ने इस धरा पर आकर आत्मा-परमात्मा के गूढ़ रहस्यों को बताया और वे जब आपको मिल जायेंगे आपका जीवन सफल हो जायेगा। उन्होंने आगे कहा जातियां कर्म से बनी मनुष्य की एक ही जाति मानव जाति है। जाति-पात के झगड़ों से नफरत के सिवाय आपको क्या मिला? अब तो सबको सुकून और शांति चाहिये और वह सन्तों महात्माओं के सत्संग व उनके वचनों से मिलेगी। हमारे गुरु महाराज परम सन्त बाबा जयगुरुदेव जी महाराज ने सचेत कर रखा है कि आपने हिंसा, अपराध व अमानवीय कार्यों को न छोड़ा तो आगे भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ेगा। इस अवसर पर संगत बलरामपुर के अध्यक्ष शेषराम यादव ,बृजलाल, बृजेश कुमार प्रधान बसावन बनकट आदि सहित संस्था के कई पदाधिकारी व प्रबन्ध समिति के सदस्य मौजूद रहे। व्यवस्था में पुलिस प्रशासन का सहयोग रहा।

# श्री दुःख हरण नाथ मंदिर में रामलीला आयोजित

## प्रभु श्री राम ने रावण का वध कर किया रावण दहन

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**



श्री दुःख हरण नाथ मंदिर में श्री दुःख हरण नाथ रामलीला कमेटी के तत्वावधान में चल रहे भव्य रामलीला आयोजन ने श्रद्धालुओं के दिलों में भक्ति और आस्था की एक नई लहर पैदा कर दी है। महंत मयंक गिरि के संरक्षण में आयोजित इस धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन भाग लेकर इस आयोजन की शोभा बढ़ा रहे हैं।

शनिवार को भारतीय विद्यालय इंटर कॉलेज के पास स्थित रामलीला मैदान में दशहरा का पर्व धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भगवान राम के हाथों रावण का वध और उसके विशालकाय पुतले का दहन किया गया। इस जीवंत और भावनात्मक प्रदर्शन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और उन्हें रामायण के उस युग की गौरवशाली कहानियों की याद दिलाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राम प्रताप वर्मा, विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष नगर पालिका परिषद उतरौला प्रतिनिधि अनूप चंद्र गुप्ता, भाजपा जिला संयोजक देवानंद गुप्ता सर्राफ, और आरएसवी हॉस्पिटल के चेयरमैन राधेश्याम वर्मा उपस्थित रहे। इनके साथ ही श्री दुःख हरण नाथ रामलीला कमेटी के सभी कार्यकर्ता भी इस आयोजन में शामिल थे। इस अवसर पर महंत मयंक गिरि ने श्री दुःख हरण नाथ रामलीला कमेटी के सभी सदस्यों और अन्य सहयोगियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। यह सम्मान समारोह कमेटी के सदस्यों के समर्पण और उनकी निष्ठा को प्रोत्साहित करने के लिए किया गया। रामलीला के विभिन्न प्रमुख दृश्यों का मंचन किया गया, जिसमें भगवान राम और कुंभकरण के बीच युद्ध, लक्ष्मण का मेघनाद के साथ युद्ध, सुलोचना का विलाप, वानर सेना और राक्षसों का युद्ध, तथा प्रभु श्री राम द्वारा रावण वध और रावण दहन शामिल थे।

### ध्वजारोहण और विचार-विमर्श

रावण दहन के उपरांत विधायक राम प्रताप वर्मा ने ध्वजारोहण किया और उपस्थित लोगों को प्रभु श्री राम के आदर्शों के बारे में बताया। इस दौरान आदर्श नगर पालिका परिषद उतरौला के अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप चंद्र गुप्ता, भाजपा जिला संयोजक देवानंद गुप्ता, और आरएसवी हॉस्पिटल के चेयरमैन राधेश्याम वर्मा ने भी प्रभु श्री राम के आदर्शों पर अपने विचार साझा किए और उनके जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। इस अद्भुत आयोजन ने समाज में धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को पुनः जाग्रत करने का कार्य किया है। ऐसे कार्यक्रम आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनते हैं और मानवीय और आध्यात्मिक मूल्यों को बढ़ावा देते हैं। दर्शकों ने इस आयोजन का भरपूर आनंद लिया और कलाकारों के समर्पण और कला की सराहना की।

## महंगाई की मार और त्योहार

महंगाई की मार ने त्योहारी रंग फीका कर दिया है। केवल लग्जरी आइटम या फिर जूते, कपड़े, ड्राइंगरूम व बेडरूम तथा रसोई का समान ही महंगा नहीं है। बाजार में सबसे बुरा हाल तो फल व सब्जियों का है। नवरात्र व्रत शुक्रवार को निपटे हैं। इन व्रत में आमतौर पर व्रत रखने वाले फलाहार लेते हैं, लेकिन फलों की कीमतों में उछाल के चलते बाजार में मिडिल क्लास और लोअर मिडिल क्लास फलों के दाम तो पूछते,लेकिन लेने के बजाए आगे बढ़ जाते। इस वक्त फल ही नहीं, सब्जियां भी रसोई का बजट बिगाड़ रही हैं। टमाटर 100 और 120 रुपये प्रतिकिलो जा पहुंचा है। जबकि सेब का रेट 100 रुपये प्रति किलो है। इस बार व्रत में अच्छा केला 100 रुपये दर्जन तक बिका है। फल मंडी के आढ़ती भी मान रहे हैं कि इस बार महंगाई सारे रिकॉर्ड ध्वस्त करने पर आमादा है। खाद्य तेल की कीमतों में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है। इसमें सरसों के तेल से लेकर पाम आयल, सूरजमुखी, नारियल, मूंगफली और अन्य तेल भी शामिल हैं। सामने पेरा गया सरसों के तेल की कीमत 140 रुपये प्रति लीटर से 160 रुपये प्रति लीटर तक पहुंच गई हैं। कीमतों में बढ़ोतरी के पीछे देश में इनकी कमजोर फसल का होना और खाद्य तेलों की लगातार विदेश आयात पर निर्भरता बढ़ने को बताया गया है। पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 40 फीसदी तक की बढ़ोतरी हुई है। वैसे महंगाई से सम्पूर्ण विश्व प्रभावित है। लेकिन भारत में जमाखोरों और खुदरा बाजार सरकार के नियंत्रण से बाहर होने के कारण स्थिति दिन पर दिन बदतर हुई है। असमान आय के मामले में भारत में महंगाई चरम पर दिखाई पड़ती है। क्योंकि आज भी भारत में आधी से अधिक आबादी महीने में दस हजार से अन्दर की आय में तथा 25 प्रतिशत आबादी पॉच हजार रूपये महीने की आय पर निर्भर है। इन दिनों ईरान और इसाइल सहित पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष तथा रूस-यूक्रेन युद्ध के विस्तारित होने से भारत के समक्ष कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों, शेयर बाजार में गिरावट, माल ढुलाई की लागत बढ़ने, खाद्य वस्तुओं की महंगाई, भारत से चाय, मशीनरी, इस्पात, रत्न, आभूषण तथा फुटवियर जैसे क्षेत्रों में निर्यात आदेशों में कमी, निर्यात के लिए बीमा लागत में वृद्धि तथा इसाइल और ईरान के साथ द्विपक्षीय व्यापार में कमी के रूप में दिखाई दे रही हैं। वैश्विक शेयर बाजार के साथ-साथ भारत के शेयर बाजार पर भी असर पड़ना शुरू हुआ है। पश्चिम एशिया संकट और चीन से सरकारी प्रोत्साहन के दम पर बाजार चढ़ने के मद्देनजर भारत के शेयर बाजार में कुछ विदेशी निवेशकों द्वारा जोखिम वाली संपत्तियां बेची जा रही हैं और वे अपना कुछ निवेश निकाल रहे हैं। स्थिति यह है कि सेंसेक्स और निफ्टी के लिए अक्तूबर, 2024 का पहला सप्ताह 4.5 फीसदी के नुकसान के साथ दो साल की सबसे बड़ी गिरावट का सप्ताह रहा है। पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच निवेशक सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने की खरीद का भी रुख कर रहे हैं। इससे भारत में भी सोने की खपत और सोने की कीमत बढ़ने लगी है। ऐसे वक्त में जब भारतीय बाजार त्योहार की रंगत में रंगने लगे हैं और कारोबारियों को बेहतर कारोबार की उम्मीद है, भारतीय रिजर्व बैंक महंगाई को लेकर फिक्रमंद है। उसे चिंता है कि महंगाई बढ़ी तो त्योहार की रौनक प्रभावित हो सकती है। इसीलिए मौद्रिक नीति की घोषणा करते वक्त केंद्रीय बैंक ने रेपो दर को यथावत बनाये रखा है। बहरहाल, ये आने वाला वक्त बताएगा कि रिजर्व बैंक किस हद तक महंगाई पर नियंत्रण रखने में सफल हो पाता है।

# हरियाणा में जीती बाजी हार गई कांग्रेस

सुरेश हिन्दुस्थानी

अभी हाल ही में देश के दो महत्वपूर्ण राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव के बाद तस्वीर स्पष्ट हो चुकी है। जहां हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी ने अप्रत्याशित रूप से लगातार तीसरी बार सत्ता प्राप्त की है, वहीं अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में हुए चुनाव में भाजपा को खास सफलता नहीं मिली। जम्मू-कश्मीर में भाजपा को इस बार कुछ अच्छा होने की उम्मीद थी, लेकिन वहां अनुच्छेद 370 की प्रबल समर्थक नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस के गठबंधन को बहुमत मिला है। इसका आशय यही निकलता है कि जम्मू - कश्मीर के घाटी वाले हिस्से में मिलाजुला जनादेश मिला है। वहीं, हरियाणा की बात की जाए तो इस प्रदेश में कांग्रेस की असफलता का एक बड़ा कारण गठबंधन नहीं होना ही माना जा रहा है।

हरियाणा में कांग्रेस को यह गुमान हो गया था कि वह अपने दम पर सरकार बनाने में सफलता हासिल कर लेगी लेकिन कांग्रेस को एक बार फिर निराश होना पड़ा। कांग्रेस की इस पराजय ने इंडी गठबंधन के अन्य दलों ने कांग्रेस की कार्यशैली पर सवाल भी उठाए हैं। यह सच है कि अगर हरियाणा में भाजपा विरोधी राजनीतिक दलों में समन्वय हो जाता तो शायद परिणाम भिन्न हो सकते थे, लेकिन कांग्रेस ने इंडी गठबंधन के अन्य दलों की अनसुनी करके अपनी पराजय का मार्ग तैयार कर लिया। अब कांग्रेस इस हार को प्रादेशिक नेतृत्व के सिर मढ़कर केंद्रीय नेतृत्व को बचाने की जुगत में लग गई है। जबकि पूरे चुनाव में केंद्रीय नेतृत्व की अप्रत्यक्ष कमान संभाल रहे राहुल गांधी बेहद सक्रिय दिखाई दिए। सभी जानते हैं कि कांग्रेस जीत के प्रति पूरी तरह से आशान्वित थी। यहां तक कि कांग्रेस ने जीत के जुलूस की भी व्यापक तैयारी की थी।

हालांकि हरियाणा में कांग्रेस के पास खोने के लिए कुछ नहीं था क्योंकि वह सत्ता में नहीं थी। हरियाणा कांग्रेस का प्रदेश नेतृत्व भी इस बात को जानता था कि अगर उसको सत्ता मिल जाती तो इसका श्रेय प्रादेशिक नेताओं को कभी नहीं मिलता, लेकिन हार का हथोड़ा उनके सिर पर ही फोड़ा जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषक मान रहे हैं कि कांग्रेस के अंदर ही प्रादेशिक नेताओं में गंभीर जोर आजमाइश चल रही थी, इसका कारण सत्ता प्राप्ति के मुख्यमंत्री पद की चाहत ही था। लेकिन इस राजनीतिक अस्तित्व को दिखाने और सामने वाले के मिटाने के खेल ने ही कांग्रेस को ज़मीन पर लाकर खड़ा कर दिया है। कांग्रेस हरियाणा में लम्बे समय से सत्ता प्राप्ति के लिए संघर्ष कर रही थी। इसका एक कारण यह भी माना जा सकता है कि कांग्रेस के नेताओं ने लम्बे समय तक शासन का सुख भोगा है, इसलिए उनको सत्ता के सुख की आदत सी हो गई है। इस बार हरियाणा में प्रदेश के प्रमुख नेताओं के बीच अलग से एक राजनीतिक युद्ध जैसा दिखाई दे रहा था। हरियाणा में



**हरियाणा में कांग्रेस के पास खोने के लिए कुछ नहीं था क्योंकि वह सत्ता में नहीं थी। हरियाणा कांग्रेस का प्रदेश नेतृत्व भी इस बात को जानता था कि अगर उसको सत्ता मिल जाती तो इसका श्रेय प्रादेशिक नेताओं को कभी नहीं मिलता, लेकिन हार का हथोड़ा उनके सिर पर ही फोड़ा जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषक मान रहे हैं कि कांग्रेस के अंदर ही प्रादेशिक नेताओं में गंभीर जोर आजमाइश चल रही थी, इसका कारण सत्ता प्राप्ति के मुख्यमंत्री पद की चाहत ही था। लेकिन इस राजनीतिक अस्तित्व को दिखाने और सामने वाले के मिटाने के खेल ने ही कांग्रेस को ज़मीन पर लाकर खड़ा कर दिया है। कांग्रेस हरियाणा में लम्बे समय से सत्ता प्राप्ति के लिए संघर्ष कर रही थी। इसका एक कारण यह भी माना जा सकता है कि कांग्रेस के नेताओं ने लम्बे समय तक शासन का सुख भोगा है, इसलिए उनको सत्ता के सुख की आदत सी हो गई है। इस बार हरियाणा में प्रदेश के प्रमुख नेताओं के बीच अलग से एक राजनीतिक युद्ध जैसा दिखाई दे रहा था। हरियाणा में कांग्रेस, भाजपा से कम अपने ही नेताओं से ज्यादा लड़ रही थी।**

कांग्रेस, भाजपा से कम अपने ही नेताओं से ज्यादा लड़ रही थी। कहा जाता है कि किसी भी प्रकार की लड़ाई में दुश्मन तो स्पष्ट दिखाई देता है, लेकिन कुछ ऐसे भी होते हैं जो दिखते तो बिल्कुल दोस्त जैसे हैं, लेकिन जहां अवसर मिलता है, वे सामने वाले के पैर खींचने का काम करते हैं। प्रदेश में कांग्रेस नेताओं के बीच इसी प्रकार की दुश्मनी दिखाई दी। प्रदेश की प्रमुख महिला नेता शैलजा तो जैसे कोपभवन में ही बैठ गई थीं। वे जब सक्रिय हुई तब तक कांग्रेस बहुत प्रचार अभियान में बहुत पीछे जा चुकी थी।

हरियाणा की राजनीतिक स्थिति का आकलन किया जाए तो बहुत पहले यह परिलक्षित होने लगा था कि इस बार भाजपा की सरकार नहीं बन सकती। क्योंकि हरियाणा में भाजपा के विरोध में किसान और पहलवान एक प्रकार से राजनीतिक लाभ प्राप्त करने के लिए देशभर के आंदोलनों के सूत्रधार बने हुए थे। कांग्रेस चाहती तो इस वातावरण का राजनीतिक लाभ प्राप्त कर सकती थी, लेकिन कांग्रेस के नेता स्थिति का अध्ययन इसलिए नहीं कर सके, क्योंकि वे इस बात के लिए पूरी तरह आश्वस्त हो चुके थे कि कांग्रेस की सरकार बनने से कोई रोक नहीं सकता। बस कांग्रेस यहीं बड़ी चूक कर गई और हरियाणा में कांग्रेस के सपने एक बार फिर चकनाचूर होते चले गए।

ऐसे अब कांग्रेस को सिरे से चिंतन और मंथन करने की आवश्यकता है। हालांकि देश में 2014 के बाद विभिन्न प्रकार के 47 चुनाव हुए, जिसमें से 36 चुनावों में कांग्रेस को पराजय का सामना करना पड़ा। हर पराजय के बाद कांग्रेस में चिंतन और मंथन करने की बात की जाती है लेकिन इस चिंतन में शीर्ष नेतृत्व पर उंगली उठाने का साहस किसी में नहीं होता। अंततः वही होता है, जैसा राहुल गांधी चाहते हैं। वर्तमान में भले ही मल्लिकार्जुन खड़गे कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं, लेकिन उनकी भूमिका कितनी निर्णायक होती है, यह सभी जानते हैं।

हरियाणा में भाजपा की पुनः सरकार बनने का रास्त साफ है, लेकिन कई मायनों में इसे भाजपा की सफलता नहीं माना जा सकता। चुनाव से पूर्व के राजनीतिक हालात भाजपा के पक्ष में कभी भी दिखाई नहीं दिए और न ही भाजपा सरकार के कामकाज से जनता प्रसन्न ही थी। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर को सत्ता के सिंहासन से उतार कर भाजपा ने यह संकेत तो कर ही दिया था कि भाजपा के पक्ष में सब कुछ ठीक नहीं था। भाजपा ने मुख्यमंत्री बदल कर इस माहौल को परिवर्तित करने का प्रयास किया। भाजपा का यह कदम उसके लिए संजीवनी का काम कर गया। वहीं, कांग्रेस की कमजोरी यह भी रही कि वह राजनीतिक वातावरण का अध्ययन करने में चूक गई। हरियाणा में कांग्रेस का प्रदेश नेतृत्व गुटों में विभाजित है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा स्वयं को कांग्रेस का सर्वेसर्वा मानकर राजनीति करते रहे। यही कांग्रेस के आत्मघाती साबित हुआ। अब कांग्रेस के नेताओं को यह सिखाने की आवश्यकता है कि बदले हुए राजनीतिक हालात में राजनीति कैसे की जाती है, क्योंकि अब राजनीतिक परिदृश्य बदल चुका है। देश के कई क्षेत्रीय दल कांग्रेस के साथ आना नहीं चाहते। राजनीतिक मजबूरी उनको साथ बनाए हुए है।

## विचार

# स्वामी विवेकानंद की प्रेरणा को आगे बढ़ाएंगे नोएल टाटा

आर.के. सिन्हा



*बेहतर उत्तराधिकारी मिलने से किसी कंपनी या संस्थान की ग्रोथ प्रभावित नहीं होती। सत्ता का हस्तांतरण बिना किसी संकट या व्यवधान के हो जाता है। आप कंपनी को मेंटोर के रूप में शिखर या कहें कि चेयरमैन के पद से हटने के बाद भी सलाह तो दे ही सकते हैं।*

रतन टाटा के निधन के एक दिन बाद ही उनके सौतेले छोटे भाई नोएल टाटा को टाटा ट्रस्ट का नया चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है। टाटा ट्रस्ट के माध्यम से ही टाटा समूह परोपकारी कामों को करता है। पूरे देश की आशा है कि 76 वर्षीय नोएल टाटा अपने अग्रज के नक्शे कदम पर चलते रहेंगे। वे नवल टाटा, जो रतन के पिता भी थे और सिमोन टाटा के पुत्र हैं। वे टाटा ट्रस्ट सहित कई टाटा कंपनियों के बोर्ड में हैं। वह अब वे टाटा समूह के धर्मार्थ और लोक कल्याणकारी कार्यों का नेतृत्व करेंगे।

वह टाटा इंटरनेशनल लिमिटेड, वोल्टास और टाटा इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन के चेयरमैन और टाटा स्टील और टाइटन कंपनी लिमिटेड के उपाध्यक्ष हैं। उनकी छवि रतन की तरह धीर-गंभीर है। वह कोई बहुत खबरों में रहना पसंद नहीं करते। वह एक कर्मयोगी की तरह काम में लगे रहना पसंद करते हैं। रतन टाटा भी तो सुर्खियों से दूर रहना पसंद करते थे और एक शर्मीले अकेले व्यक्ति की सार्वजनिक छवि पेश करते थे। रतन की तरह नोएल को भी अपने पिता नवल टाटा से बिजनेस की बारीकियों को जानने का मौका मिला। नवल टाटा भारतीय हॉकी संघ के अध्यक्ष भी रहे। नवल टाटा ने अपने एक निकट संबंधी सुनी टाटा से शादी की, लेकिन जब रतन और उनके छोटे भाई, जिमी, अभी बहुत छोटे थे, तब वे अलग हो गए। नोएल की मां सिमोन हैं। वह रतन टाटा की अंत्येष्टि में मौजूद थीं। उन्होंने सौंदर्य प्रसाधन की कंपनी लैक्मे को स्थापित किया था। सिमोन टाटा मूल रूप से स्विट्जरलैंड से हैं। वह 1953 में जब भारत आईं तो यहां उनकी मुलाकात नवल एच. टाटा से हुई। उसके बाद दोनों शादी की। उन्होंने रतन टाटा और नोएल का पालन-पोषण किया।

बहरहाल, नोएल टाटा के ऊपर बड़ी जिम्मेदारी है कि वह रतन टाटा की विरासत को आगे लेकर जाएं। रतन टाटा ने टाटा ग्रुप को दुनिया के बड़े कोरपोरेट हाउस में तब्दील कर दिया था। रतन टाटा अपने ग्रुप के 1991 से 2012 तक अध्यक्ष रहे। इस दौरान टाटा ग्रुप के मुनाफे में 50 गुना वृद्धि हुई, जिसमें अधिकांश राजस्व विदेशों में जगुआर और लैंड रोवर वाहनों और टेटली चाय जैसे पहचाने जाने वाले टाटा उत्पादों की बिक्री से आया। रतन टाटा के नेतृत्व में उनके समूह का भारत में प्रभाव पहले से कहीं अधिक ही हुआ।

दरअसल, रतन टाटा उन मूल्यों को प्रतिबिंबित करते थे जिनमें व्यावसायिकता, उद्यमशीलता और सभी हितधारकों के हितों को आगे बढ़ाने को लेकर एक प्रतिबद्धता का मिला जुला भाव होता है। उनके नेतृत्व में, टाटा ग्रुप ने कई चुनौतियों का सामना किया और लाभदायक विकास पर अधिक ध्यान देने के साथ हर बार मजबूत बनकर उभरी। बेशक, वह भारत के कॉरपोरेट जगत के सबसे सफल और सम्मानित नाम रहे। रतन टाटा ने वक्त रहते टाटा ग्रुप में अपने संभावित उत्तराधिकारियों को तैयार कर शुरू दिया था। यह तो सबको

**पूरे देश की आशा है कि 76 वर्षीय नोएल टाटा अपने अग्रज के नक्शे कदम पर चलते रहेंगे। वे नवल टाटा, जो रतन के पिता भी थे और सिमोन टाटा के पुत्र हैं। वे टाटा ट्रस्ट सहित कई टाटा कंपनियों के बोर्ड में हैं। वह अब वे टाटा समूह के धर्मार्थ और लोक कल्याणकारी कार्यों का नेतृत्व करेंगे। दरअसल, रतन टाटा उन मूल्यों को प्रतिबिंबित करते थे जिनमें व्यावसायिकता, उद्यमशीलता और सभी हितधारकों के हितों को आगे बढ़ाने को लेकर एक प्रतिबद्धता का मिला जुला भाव होता है। उनके नेतृत्व में, टाटा ग्रुप ने कई चुनौतियों का सामना किया और लाभदायक विकास पर अधिक ध्यान देने के साथ हर बार मजबूत बनकर उभरी। बेशक, वह भारत के कॉरपोरेट जगत के सबसे सफल और सम्मानित नाम रहे। रतन टाटा ने वक्त रहते टाटा ग्रुप में अपने संभावित उत्तराधिकारियों को तैयार कर शुरू दिया था।**

पता है कि हरेक व्यक्ति के सक्रिय करियर की आखिरकार एक उम्र है। उसके बाद तो उसे अपने पद को छोड़ना ही है, खुशी-खुशी छोड़े या मजबूरी में छोड़ना पड़े । इसलिए बेहतर होगा कि किसी कंपनी का प्रमोटर, चेयरमैन या किसी संस्थान का जिम्मेदार पद पर आसीन शख्स अपना एक या एक से अधिक उत्तराधिकारी तैयार कर ले।

बेहतर उत्तराधिकारी मिलने से किसी कंपनी या संस्थान की ग्रोथ प्रभावित नहीं होती। सत्ता का हस्तांतरण बिना किसी संकट या व्यवधान के हो जाता है। आप कंपनी को मेंटोर के रूप में शिखर या कहें कि चेयरमैन के पद से हटने के बाद भी सलाह तो दे ही सकते हैं। एक बात समझनी होगी कि किसी कंपनी या उद्योग समूह की सफलता का माप केवल उसके वित्तीय प्रदर्शन से नहीं होता है। कंपनी का चरित्र, नैतिकता और सामाजिक उत्तरदायित्व भी उसकी सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कंपनी के प्रबंधन को ग्राहकों, कर्मचारियों, या समाज के साथ ईमानदारी बरतनी चाहिए। रतन टाटा की सरपरस्ती में टाटा समूह ने निर्णय लेने की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया। रतन टाटा के लिए अपने ग्राहकों को संतुष्ट करना पहली प्राथमिकता रही। उनके चलते उत्पादों और सेवाओं की गुणवत्ता और ग्राहक सेवा में उच्च मानक रखे गए। वह अपने ग्राहकों के साथ मजबूत और स्थायी संबंध बनाने में यकीन करते थे।


## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सफलता का रहस्य

नागपुर से शुरू हुआ संघ विशाल वटवृक्ष का रूप धारण कर चुका है। इस वटवृक्ष की छांव में भारत की संस्कृति और परम्परा पुष्पित पल्लवित हो रही है। आज 50 से अधिक संगठन विविध क्षेत्रों में संघ से प्रेरणा लेकर कार्य कर रहे हैं। इस वर्ष 2025 विजयादशमी का पावन पर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष का शुभारम्भ है। हिन्दू संगठन और राष्ट्र को परमवैभव पर ले जाने के जिस उद्देश्य को लेकर सन 1925 में विजयादशमी के दिन नागपुर में डा. केशवराव बलिराम हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की थी। उस ध्येय पथ पर संघ निरन्तर बढ़ता जा रहा है। किसी भी जीवंत संगठन के लिए शताब्दी वर्ष तक की यात्रा बहुत ही महत्वपूर्ण मानी जाती है। कोई भी संगठन किसी निश्चित उद्देश्य से बनता है और दस,बीस, पचास साल में उसकी महत्ता घट जाती है। जबकि संघ में ऐसा नहीं है। अभी भी संघ बूढ़ा नहीं बल्कि चिरयुवा है। इस सुदीर्घ यात्रा में संघ ने राष्ट्र के नवोत्थान का पथ आलोकित किया है। देशवासियों में देश के प्रति निष्ठा व समर्पण का भाव जगाया है।

अब तक की यात्रा में हिन्दू संगठन के साथ-साथ आम लोगों का विश्वास जीतने और राष्ट्र जागरण के प्रयास में संघ पूर्णतया सफल रहा है। देश दुनिया में आरएसएस नाम से विख्यात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्व का सबसे बड़ा सामाजिक संगठन है। संघ की तुलना किसी दूसरे संगठन से नहीं कर सकते क्योंकि तुलना करने के लिए भी इसके जैसा कोई होना चाहिए। इसीलिए बहुत से लोग स्वार्थवश संघ को बुरा भला कहते हैं। कुछ लोग अज्ञानवश भी संघ की आलोचना करते हैं क्योंकि उनको संघ की असलियत पता नहीं है।

नागपुर से शुरू हुआ संघ विशाल वटवृक्ष का रूप धारण कर चुका है। इस वटवृक्ष की छांव में भारत की संस्कृति और परम्परा पुष्पित पल्लवित हो रही है। आज 50 से अधिक संगठन विविध क्षेत्रों में संघ से प्रेरणा लेकर कार्य कर रहे हैं। यह सभी संगठन स्वायत्त जरूर हैं लेकिन उनके पीछे संघ की शक्ति ही सक्रिय है। विविध क्षेत्रों में कार्य करने वाले संघ के आनुषांगिक संगठन विश्व के शीर्ष संगठनों में शुमार हैं। चाहे किसान संघ हो, मजदूर संघ हो, विद्यार्थी परिषद हो, वनवासी बंधुओं के बीच कार्य करने वाला संगठन वनवासी कल्याण आश्रम हो, शिक्षा के क्षेत्र में विद्या भारती,धर्म के क्षेत्र में सक्रिय विश्व हिन्दू परिषद हो या फिर राजनीति के क्षेत्र में सक्रिय भारतीय जनता पार्टी। यह सब विश्व में चोटी के संगठन हैं। कुल मिलाकर देखेंगे तो पायेंगे समाजजीवन का ऐसा कोई क्षेत्र अक्षूता नहीं है जिस क्षेत्र में संघ के कार्यकर्ता काम न कर रहे हों। लोगों के लिए यह आश्चर्य का विषय है कि ऐसी कौन सी शक्ति या विजन है कि संघ इतना पुराना संगठन होने के बावजूद उसकी शक्ति नित्य–प्रति बढ़ती जा रहै। लोग कहते हैं कि आखिर संघ की सफलता का रहस्य क्या है? यह जानने के लिए संघ स्थापना की पृष्ठभूमि पर गौर करना आवश्यक होगा। डा. हेडगेवार ने राष्ट्र की समस्याओं का आकलन किया और उनके समाधान के सूत्र खोजे। जिसमें प्रमुख कारण था देशभक्ति का अभाव। आपसी संबंधों का अभाव। जागरूकता का अभाव। इसके लिए संघ संस्थापक ने शाखा नामक अभिनव कार्यपद्धति विकसित की। डा. हेडगेवार ने कहा कि हम शाखा के माध्यम से स्वयंसेवक तैयार करेंगे और यही स्वयंसेवक ही आगे चलकर समाज में बदलाव लायेंगे।

डा. केशव बलिराम हेडगेवार ने सन 1925 में विजयादशमी के दिन नागपुर में संघ की स्थापना की। प्रथम संघ की शाखा मोहिते का बाड़ा में शुरू हुई। इसके बाद शाखा का विस्तार होता गया। व्यक्ति निर्माण में शाखा का प्रयोग अद्धितीय अनुपम व अनूठा है। संघ की सफलता का रहस्य शाखा में ही निहित है। अनेकों संगठन संघ की भांति शाखा चलाने की बात करते हैं लेकिन उन्हें यह पता नहीं कि शाखा चलाने के लिए अनेकों स्थानीय कार्यकर्ता व प्रचारकों की लम्बी श्रंखला का कठोर परिश्रम तथा समय लगता है। इसी त्याग तपस्या का प्रतिफल है शाखा। शाखा के माध्यम से संघ ने व्यक्ति निर्माण करने में सफलता प्राप्त की है। शाखा प्रतिदिन 60 मिनट की ही लगती है। शाखा के कार्यक्रम तय हैं।



## राशिफल

**मेषः-** वाक्यपटुता व व्यवहार कुशलता से संबंधों में प्रभावी होंगे। भौतिक आकांक्षाएं सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु मन केंद्रित होगा।

**बृषभः-** रोजगार में लाभकारी स्थिति मन को प्रसन्न रखेगी। सामाजिक कायरे में व्यस्त रहेंगे। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। कुछ नये संबंधों के प्रति मन उत्साहित होगा।

**मिथुनः-** नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। काफी दिनों से अवरोधित कोई कार्य हल होने की संभावना है। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**कर्कः-** कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुबिधाग्रस्त होगा। भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक बनेगी। अतः इसे सुधारें। र

**सिंहः-** नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। कार्यक्षेत्र में अनवरत् व्यस्तता रहेगी। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा।

**कन्याः-** कोई नयी इच्छा मन पर प्रभावी होगी। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। कार्यक्षेत्र में ब्यस्तता बढ़ेगी। अपने स्वास्य के प्रति सचेत रहें।

**तुलाः-** निराशावादी विचार योजनाओं की सार्थकता में बाधक हैं। एक साथ कई सारी चिंताओं से मन ग्रसित होगा। अभिभावको एवं श्रेष्ठजनों के सहयोग से समस्याएं हल होंगी।

**वृश्चिकः-** नई प्रतिभाएं उजागर होंगी। प्रिय लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता में उसके परिणाम हेतु चिंतित होगा। रोजगार में स्थिति अनुकूल होगी।

**धनुः-** कुछ नये उत्साह व कार्य क्षमता की अनुभूति करेंगे। सभी इच्छाओं को सकार करने से पूर्व गहन सोच-विचार करें। आकस्मिक यात्रा की योजना बन सकती है।

**मकरः-** मर्यादा व पद का ख्याल रखते हुए अपने उच्छृंखल मन पर नियन्तण्ररखें। आकस्मिक कोई सुखद समाचार से मन प्रसन्न होगा।

**कुंभः-** महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति हेतु मन चिंतित होगा। प्रतिभाओं पर भरोसा रख अपने महत्वपूर्ण लक्ष्यों को फलीभूत करने हेतु केंद्रित हों। ग्रहों की अनुकूलता प्रगति के अच्छे अवसर प्रदान करेगी।

**मीनः-** सामाजिक गतिविधियों में आपकी क्रियाशीलता बढ़ेगी। नये लक्ष्य व कायरें में व्यस्त रहेंगे। आर्थिक क्षेत्र में परिश्रम का पूरा लाभ प्राप्त होगा। जीवन साथी के स्वास्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है।

# ग्लोबल हिंसा-युद्ध अब खत्म होना चाहिए विलुप्त संवेदनाओं का दौर

संजीव ठाकुर



किसी बात से असहमत होना और उसका हिंसात्मक विरोध करना दोनों अलग-अलग पहलू है। किसी विचार या मुद्दों से असहमती के प्रतिफल में हिंसा या क्रूरता नहीं की जा सकती। विचारों से असहमति और हिंसा के विरोध में प्रतिहिंसा समस्या का हल नही हो सकता है। सबसे ताजा क्रूर और हिंसात्मक परिणाम फिलिस्तीन-इजरायल युद्ध के रूप में सामने आया है। जिसमें 20000 लोगों की जान चली गई और 50000 लोगों से ज्यादा घायल मानविय शरीर कराह रहे हैं।

इसराइल ने फिलीस्तीन, हमास, लेबनान को तबाह कर दिया है आतंकवादी संगठन हिजबुल्लह को नेस्तनाबूत करने की बात तो एक बार समझ में आती है पर लेबनान के 50 लाख लोगों को देश छोड़ने पर मजबूर कर देना तानाशाही का एक भयानक रूप ही दिखाई देता है। इसके बाद भी उसकी हिंसा की प्यास नहीं बुझी है। दूसरी तरफ रूस यूक्रेन युद्ध को 2 साल से ज्यादा समय हो चुका है इस युद्ध ने दोनों देशों के लाखों लोगों को बेघर कर दिया गया है और हजारों लोगों की जान चली गई है। दोनों देशों के अरबों रुपए इस युद्ध में खर्च हो चुके हैं यदि इस धनराशी का विकास के लिए मानव शांति के लिए उपयोग किया गया होता तो आज दोनों देशों में शांती के साथ विकास की गंगा बहने लगी होती। आखिर मानविय संवेदनाओं को क्या हो गया है, इंसान इंसान का इतना बड़ा दुश्मन कैसे बन गया है, लोग एक दूसरे के खून के प्यासे क्यों हो गए हैं। उधर नॉर्थ कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने अमेरिका को इजराइल का साथ न देने की स्पष्ट चेतावनी देकर कहा है कि यदि वह इजराइल पिलिस्तानी लेबनान ईरान युद्ध में बीच में आया तो उत्तर कोरिया अमेरिका पर परमाणु हमला कर देगा। जब तक विश्व में व्लादिमीर पुतिन, सी जिन पिंग,नेतन्याहू और किम जोंग-उन जैसे खून के प्यासे तानाशाह रहेंगे विश्व में शांति स्थापना की कल्पना करना नामुमकिन ही होगा। आज वैश्विक शांति में खलबली मची हुई है। धरती विश्व युद्ध की ओर बढ़ रही है। ऐसे में भारत जैसे शांतिप्रिय, निर्गुण देश को भी सावधान और सतर्क हो जाना चाहिए। उसके परंपरागत शत्रु चीन और पाकिस्तान भी हमेशा भारत की सीमा में घात लगाए बैठे रहते हैं और आक्रमण का खतरा भी सदैव बना रहता है।

आइये भारत का एक रचनात्मक विश्लेषण करते हैं। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक,प्रजातांत्रिक स्वतंत्र राष्ट्र है।यहां वैचारिक चिंतन, प्रभुद्धता लोकतंत्र के प्रमुख अवयव होते हैं, राष्ट्र के किसी भी नीति में सहमत और असहमत होना एक सामान्य प्रक्रिया-प्रतिक्रिया हो सकती है, और आम जनमानस का किसी मुद्दे पर आप सहमत होना भी एक सामान्य बात हो सकती है पर किन्ही भी परिस्थितियों में असहमति हिंसा के रूप में कतई बर्दाश्त के योग्य नहीं होनी चाहिए, विरोध का स्वरूप राष्ट्रीय संपत्ति की बर्बादी तो किसी भी काल और खंड में स्वीकार्य नहीं है। यह राष्ट्र के लिए घातक और विकास की अवधारणा को अवरुद्ध करने वाला आत्मघाती कदम है।आंदोलन का स्वरूप सदैव शांति पूर्वक हो तो राष्ट्र तथा आमजन के हित में ही होगा। आंदोलनकारियों को शायद यह गुमान नहीं है कि राष्ट्रीय सरकारी संपत्ति आपके द्वारा दिए गए टैक्स के रूप में रुपयों से ही निर्मित होती है, इसे नष्ट करके आप स्वयं अपनी संपत्ति का नुकसान ही कर रहे हैं। आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक आर्थिक समस्याएं आई है।

अक्सर सामाजिक क्षेत्र में समस्याओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए हैंस देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है। स्वतंत्रता के पूर्व तथा स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात भारतीय समाज में विषमताएं भारत के लिए चुनौती बनकर वर्तमान में कई बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। आज जातिगत संघर्ष बढ़ गए हैं,जातिगत संघर्षों को राजनीतिक महत्वाकांक्षा ने बहुत क्लिष्ट बना दिया है। राजनीति सदैव महत्वाकांक्षा के बल पर जातिगत समीकरण को नए-नए रूप तथा आयाम देती आई है और सदैव समाज में वर्ग विभेद आर्थिक विभेद कर के अपना उल्लू सीधा करना मुख्य ध्येय बन चुका है। उच्च वर्ग तथा निम्न वर्ग सदैव सत्ता के संघर्ष के लिए न सिर्फएक दूसरे का परस्पर विरोध करते है बल्कि शासन प्रशासन के विरोध में भी सदैव खड़े पाए गए हैं। सत्ता पाने की लालसा में जातीय संघर्ष, नक्सलवाद तेजी से समाज में पनपता जा रहा है। भारतीय परिपेक्ष में आज सिर्फ जाती ही नहीं धार्मिक महत्वाकांक्षा देश के समाज के समक्ष चुनौती बन गया है। भारत में हिंदू मुस्लिम जाति संघर्ष ऐतिहासिक तौर पर अपनी जड़ें जमां चुका है, वर्तमान में मंदिर और मस्जिद के झगड़े देश में अशांत माहौल पैदा करने का एक बड़ा सबक बन चुके है और यही वर्ग विभेद संघर्ष भारतीय आर्थिक विकास के बीच एक बड़ा अवरोध बनकर खड़ा है। पश्चिमी विद्वान भी कहते हैं कि भारत के राष्ट्र के रूप में विकसित होने में जाति एवं धर्म ही सबसे बड़ी बाधाएं हैं जिन्हें दूर करना सर्वाधिक कठिन कार्य है क्योंकि इसकी जड़ें भारत के स्वतंत्रता के पूर्व से देश में गहराई लिए हुए हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# सड़क हादसा: मृत चरवाहा के परिजनों ने शव रख मार्ग किया जाम

- एसडीएम व सीओ के समझाने पर खोला जाम
- करीब तीन घण्टे तक आवागमन रहा ठप

**सुमेरपुर, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



थानाक्षेत्र के टेढ़ा गांव में मार्ग दुर्घटना में चरवाहा व दो भैंसों की मौत के मामले में नाराज परिजनों ने ग्रामीणों के सहयोग से बांदा मार्ग पर पचखुरा मोड़ के पास जाम लगा दिया। जिससे दोनों ओर रोडवेज बसों सहित अन्य वाहन फंस गए। ग्रामीणों की मांग थी कि पीड़ित परिवार को मुआवजा दिया जाए तथा डीसीएम का नंबर खोज कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए। सदर एसडीएम व सीओ सदर मौके पर पहुंचकर समझा बुझाकर जाम खुलवाया।

टेढ़ा निवासी हरीप्रसाद पाल ;40द्ध शुक्रवार को भैंस चराकर खेतों से घर वापस आ रहा था। तभी शाम करीब 6रू00 बजे बांदा रोड पर पचखुरा मोड के निकट तेज रफ्तार डीसीएम ने उसे व उसकी भैंसों को जोरदार टक्कर मार दी थी। जिससे एक भैंस की मौके पर मौत हो गई थी। जबकि दूसरी की मौत रात में हो गई। चरवाहा को गंभीर हालत में जिला अस्पताल से कानपुर रेफर किया गया था। जहां शनिवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। शव का पोस्टमार्टम के बाद शनिवार को गांव लाया गया। लेकिन घटना करने वाली डीसीएम का नंबर पता न चलने से नाराज परिजनों ने सुबह साढ़े सात बजे ग्रामीणों के सहयोग से बांदा मार्ग पर पचखुरा मोड़ के पास रखकर जाम लगा दिया। जाम की सूचना पाकर थानाध्यक्ष राकेश कुमार मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाने बुझाने का प्रयास किया। लेकिन वह जाम हटाने को तैयार नहीं हुए है। इस पर एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक व सीओ सदर राजेश कमल मौके पर पहुंचे और परिजनों को सरकार द्वारा हर संभव मदद दिलाई जाने का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। जाम लगने से करीब तीन घण्टे वाहन फंसे रहे।

## खंभे से टकराकर बाइक सवार पेट्रोल पंप कर्मी की मौत



**सुमेरपुर।** थानाक्षेत्र के टेढ़ा गांव के निकट बांदा मार्ग में पेट्रोल पंप कर्मी की बाइक खंभे से टकरा गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और रात भर वहीं पड़ा रहा। सुबह जब राहगीरों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस उसे पीएचसी लेकर पहुंची। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। देवगांव निवासी दिनेश पाल ;35द्ध पुत्र स्वण्छोटेलाल बाइक से सुमेरपुर के स्टेशन रोड के प्रेट्रोल पंप में सेल्समैन था।शनिवार को वह पंप के साथियों से दशहरा मिलने के बाद शाम करीब चार बजे अपनी नाराज पत्नी को मनाने के लिए ससुराल बांदा जनपद के खपटिहा गांव गया था। रात में वह बाइक से कस्बे की ओर आ रहा था तभी नरहे बाबा के पास उसकी बाइक खंभे से टकरा गई। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और वह वहीं रात भर पड़ा रहा। सुबह जब वहां से गुजरने वालों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे एम्बुलेंस की मदद से पीएचसी लाई। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। इसका पत्नी आराधना से विवाद चल रहा है।वह अपने मायके खपटिहा में दोनो बेटे कार्तिक व वेदांत के साथ रह रही है।अचानक हुई घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

# दो दिन से कुएं के अंदर पड़े व्यक्ति को बेहोशी की हालत में निकाला

- जिला अस्पताल में कराया गया भर्ती

**सुमेरपुर(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।**

ग्राम मवई जार में दो दिन से कुआ के अंदर पड़े एक व्यक्ति को फायर बिग्रेड की सहायता से बाहर निकाला गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया उसका उपचार चल रहा है। विकासखंड सुमेरपुर क्षेत्र के ग्राम बण्डा निवासी जितेन्द्र सिंह दस अक्टूबर को गांव से बाजार से खरीदारी करने मवईजार आया था। उसी दिन वह जगत नरायण तिवारी के पशु बाड़ा में स्थित कुए के अन्दर गिर गया। शाम तक जब वह घर वापस नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसकी खोज शुरू की लेकिन कही पता नहीं चल सका दशहरा के दिन 12 अक्टूबर की सुबह कुँए से आवाज आने की गूंज जब लोगो ने सुनी तो पता चला कि कुंए के अन्दर कोई व्यक्ति है। इसकी सूचना ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को दी फायर ब्रिगेड के माध्यम से कुंए से उसे बेहोशी हालत में बाहर निकाला गया। कुंए से निकलने के बाद जितेन्द्र सिंह बोल नही पा रहा था कि वह कैसे गिरा या किसी ने गिरा दिया है कुछ नहीं बता सका घायल को एम्बुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया जहाँ उसका उपचार चल रहा है लेकिन अभी भी वह बोल पाने में असमर्थ है। लोगो में चर्चा है कि मामला संदिग्ध लगता है।

## खबरें एक नजर में

### मूर्ति विसर्जन को गया युवक नदी में डूबा, तलाश में जुटे गोताखोर

**घाटमपुर (समृद्धि न्यूज़)।** साढ थाना क्षेत्र के देवपुरा गांव के पास मूर्ति विसर्जन के दौरान एक युवा के नदी में डूब गया। सूचना पाकर साढ पुलिस मौके पर पहुंचे और गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश करने में जुट गई लेकिन नदी मे पानी अधिक होने से चलते उसका कोई पता नहीं चला है। बताया जाता है इसी थाना आज क्षेत्र के मोहलिया गांव में नवरात्रि के दौरान देवी मूर्ति का पंडाल सजाया गया था आज रविवार को दोपहर बाद गांव के लोग बड़ी संख्या में गाजे-बाजे के साथ मां की विदाई करके विसर्जन के लिए देवपुरा स्थित नदी गए थे जहां महोलिया गांव के निखिल 16 वर्ष किसी तरह गहरे पानी में चला गया और वह डूब गया।

### विशाल जुलूस निकाल दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन



**पनवाड़ी महोबा।** कस्बा पनवाड़ी में देवी पण्डालों में स्थित प्रतिमाओं का विशाल जुलूस डी जे में देवी माताओ की विदाई गीत के साथ देवी पंडालों से शुरू हुआ देवी भक्तों ने नम आँखों से माता की विदाई की विशाल जुलूस पहले सम्पूर्ण कस्बे में घूमते हुए देवी माताओं को नदियों में विसर्जन किया गया। पनवाड़ी विकासखंड क्षेत्र के भरवारा गांव बस स्टेंड मेला ग्राउंड स्थित दुर्गा पूजा पंडाल में भक्तो द्वारा नौ दिन तक पूजन अर्चन करने के बाद शनिवार को गाजे बाजे के साथ देवी प्रतिमा की विसर्जन शोभा यात्रा निकाली जो बस स्टेंड मडियन माता मंदिर कंचनपुरा राम जानकी मंदिर मांझगांव निवारापुरा होते हुए पटेरिया बाबा नीम तालाब पहुंची जहां पर पंडित चंचल पटैरिया द्वारा वेद मंत्रोचारण के साथ भव्य दुर्गा आरती करवाकर प्रसाद वितरण करवाया उसके बाद भक्तो द्वारा दुर्गा प्रतिमा का नम आंखों से विसर्जन किया गया इस मौके पर भूपेंद्र ,रविन्द्र, राहुल ,गणेश, अंचल ,राजेंद्र, हरेंद्र सहित सैकड़ों भक्तो के साथ पनवाड़ी थाना पुलिस बल मौजूद रहा।

### लोडर की टक्कर से बाइक सवार घायल

**राठ(हमीरपुर)।** कोतवाली के कैथी गांव निवासी मालती पत्नी विक्रम ने बताया कि वह अपने मायके कैथी गांव निवासी प्रेमनारायण उर्फभूरा की बाइक से जा रही थी। उसी समय कैथी से आ रहे तेज रफ्तार लोडर चालक अतीश ने बदनपुरा गांव के पास बाइक में जोरदार टक्कर मार दी थी। टक्कर लगने से वह व चालक भूरा गंभीर रूप से घायल हो गए। भूरा को सीने व सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। लोडर चालक मौके से भाग गया। घायल महिला ने कोतवाली में लोडर चालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### दबंगों ने युवक को मारपीट कर किया जख्मी, वीडियो वायरल

**मौदहा हमीरपुर।** पुरानी रंजिश के चलते युवक को लाठी डंडों से मारकर घायल कर दिया जिसे मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित को अस्पताल में भर्ती कराया है। मौके पर मौजूद ग्रामीण ने मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के छिरका गांव निवासी नीलम पत्नी संतोष ने पुलिस को बताया कि गांव निवासी कालीचरण रामकृपाल व तुलसीराम से पुरानी रंजिश चल रही थी जिसमें दर्ज मुकदमे को वापस लेने का दबाव बना रहे आरोपियों ने मेरे पति से मारपीट कर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची डायल 112 ने उसे कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया हालत चिंताजनक होने पर उसे जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया मारपीट करते हुए दो आरोपियों का वीडियो किसी ग्राम वासी ने सोशल मीडिया में वायरल कर दिया जिसमें साफतौर से देखा जा रहा है कि दो लोग हाथों में लाठी डंडा लेकर पीड़ित को बुरी तरह मारपीट कर रहे हैं। पुलिस ने जांच शुरु कर दी है।

### पुलिस ने सात पटाखा व्यापारियों को गिरफ्तार कर अवैध सामग्री बरामद की

**मौदहा, हमीरपुर।** अवैध रूप से बिक्री कर रहे सात पटाखा व्यापारियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर मौके से मिले विस्फोटक अवैध सामग्री जब्त करते हुए सभी आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की है। दशहरा पर्व को देखते हुए पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए पटाका बेचने वालों की जांच पड़ताल की है जिसमे अवैध रूप से पटाखा बिक्री कर रहे कस्बे के छह लोगों में अशोक शिवहरेए अश्वनी गुप्ताएराजेंश गुप्ताए नाथूरामएदिनेश व सुनील कुमार को गिरफ्तार कियाएतो वहीं क्षेत्र के बिहरका गांव निवासी राजा बाबू को भी इसी मामले पर संलिप्त पाए जाने गिरफ्तार कर सभी आरोपियों के विरुद्ध विस्फोटक अधिनियम 5/3 बी 2 के तहत गिरफ्तार किया गया तथा इनके पास से पकड़ा गया पटाखा जबत कर लिया तथा आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### मजदूर की बाइक चोरी, पुलिस से शिकायत

**मौदहा हमीरपुर।** अज्ञात चोरों ने बाइक को चंद्रावल नदी के निकट से चोरी कर ली। कोतवाली क्षेत्र के छिमोली गांव निवासी पूनम ने पुलिस को बताया कि वह व उसका पति मजदूरी का काम कर अपनी गाढी कमाई से दो वर्ष पूर्व स्प्लेंडर बाइक किस्तों में खरीदी थी जिसे वह शनिवार को नगर में मजदूरी करने के बाद अपने गांव की ओर जा रहे थे तभी नदी में पानी अधिक होने के कारण उन लोगों ने निकट एक ट्यूबवेल में अपनी बाइक खड़ी कर गांव पैदल चले गए और जब कुछ समय बाद आकर देखा तो वहां से उसकी बाइक गायब थीएइस संबंध में कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने जांच कर कार्रवाई करने की बात कही है।

### अधेड़ ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली

**मौदहा, हमीरपुर।** अधेड़ ने पशु बाड़े मे पेड़ पर रस्सी डाल फांसी लगा आत्महत्या कर ली है कोतवाली क्षेत्र के पढ़ोरी निवासी जयपाल (55) ने रविवार को दोपहर बाद पशु बाड़े में नीम के पेड़ में रस्सी का फंदा गले डाल कर झूल गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई मृतक के पुत्र सभाजीत व अमर जीत ने बताया मामूली बात विवाद से कारण पशु बाड़े में लगे नीम के पेड़ में लटकते देख परिजनों में होश उड़ गए मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पंचनामा की कार्यवाही कर शव परिजनों को सौप दिया है मृतक खेतिहर मजदूर था मेहनत मजदूरी कर किसी तरह परिवार का भरण पोषण करता था मृतक के दो लड़के है दोनों शादीशुदा है मौत की खबर से ग्रामीणों में शोक की लहर दौड़ गई कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया घटना के बारे में अभी कोई लिखित सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

### बाइक सवार युवक की सड़क हादसे में मौत

**महोबा।** बुन्देलखण्ड के महोबा जिले में आएदिन हो रहे सड़क हादसे प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे चेकिंग और जागरूकता अभियानों पर प्रश्नचिन्ह लगा रहे हैं बीती रात हुए सड़क हादसे में मुंडन कार्यक्रम से वापस लौट रहे युवक की दर्दनाक मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस द्वारा घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया जहां तैनात डॉक्टर ने चिकित्सीय परीक्षण उपरान्त उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुँची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। दरअसल घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के लवकुशनगर रोड स्थित शाह पहाड़ी गांव के खनिज बैरियर के पास की है। जहां शहर कोतवाली क्षेत्र के पचपहरा गांव के रहने वाले गंगाराम का 33 वर्षीय पुत्र सीताराम बाइक में सवार होकर शाहपहाड़ी गांव से अपने साले के पुत्र के मुंडन कार्यक्रम में शामिल होकर बाइक में सवार होकर वापस अपने गाँव लौट रहा था तभी खनिज बैरियर के पास ट्राला की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल सीताराम को स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड लाया गया जहां तैनात डॉक्टर ने चिकित्सीय परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# दशहरा का पर्व धूमधाम से मनाया गया, झाकिया रहीं आकर्षण का केंद्र

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



कस्बा में विजयदशमी पर्व धूमधाम से मनाया गयाए इस अवसर पर भगवान राम सीता लक्ष्मण सहित अन्य झाकियाँ निकाली गई जो जुलूस में आकर्षण का केंद्र रहीं जुलूस को देखने के लिए बड़ी संख्या में भीड़ एकत्र होकर जुलूस के साथ रावण दहन स्थल पहुंची जहां रावण बध किया गया।इस दौरान सभी ने एक दूसरे को गले मिलकर दशहरे की शुभकामनाएं दी। रावण दहन कार्यक्रम और जुलूस में प्रशासन मुस्तैदी से मुस्तैद दिखाई दिया।असत्य पर सत्य की जीत का दशहरा पर्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया जगह .जगह विजय दशमी पर्व में लोग एक दूसरे को गले लगाकर दशहरे की शुभकामनाएं देते नजर आए। वहीं कस्बे के मीरातलाब के पास बड़ी देवी मंदिर के पासए नेशनल रोडए कुम्हरौडा में रावण के पुतले का दहन किया गया। जिसे देखने के लिए हजारों की संख्या में भीड़ एकत्र हुई। इस जुलूस में मेला संयोजको ने तमाम तरह की झांकिया सजाकर नगर भ्रमण कियाए जिसमे रामभक्त डीजे की धुनों में थिरकते नज़र आये और कस्बा जयश्रीराम के नारों से गुंजायमान दिखाई दिया वही मेले को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन कड़ाई के साथ रहा जिसमे जिले के आलाधिकारियों सहित क्षेत्राधिकारी आशीष यादव कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज सहित भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

# अनुसूचित जाति जन जाति आयोग के सदस्य की आवाज बने महेंद्र सिंह राजपूत

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

- सदस्य ने कहा कि महेंद्र राजपूत दलितों की समस्यायें पहुचायेंगे उनके पास तक, अपनादल(एस) के कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति आयोग के सदस्य रमेश चंद कुंडे के प्रथम हमीरपुर आगमन पर अपना दल (एस) के जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह राजपूत सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने यमुना पुल पर पहुंचकर फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। अनुसूचित जाति जनजाति उत्तर प्रदेश आयोग के सदस्य रमेश चंद्र कुंडे नगर पालिका हमीरपुर में बैठक आयोजित करके संवैधानिक अधिकारों की हर हाल में रक्षा की बात कही उन्होंने कहा जनपद हमीरपुर मे अपने प्रतिनिधि के रूप मैं महेन्द्र राजपूत को अधिकृत किया जाता है। जनपद हमीरपुर मे किसी भी विभाग मैं ग़रीब वंचित लोगों का उत्पीड़न होता है तो अपनादल एस के ज़िलाध्यक्ष महेन्द्र राजपूत उनकी समस्याएँ मेरे प्रतिनिधि के रूप मै सुनेंगे और अवगत करायेंगे हर समय पिछड़े शोषित बचितो की आवाज बनकर कार्य करूंगा वहीं कुरारा में भाजपा कार्यकर्ता हरचरन बाल्मीकि के आवास पर जाकर वाल्मीकि समाज के दर्जनों लोगों के साथ बैठक कर वाल्मीकि पार्क में महर्षि बाल्मीकि प्रतिमा पर माल्यार्पण सहित अन्य कार्यक्रम संपन्न करने के बाद वह जनपद महोबा के लिए रवाना हो गए इस मौके पर अपना दल एस जिला अध्यक्ष महेंद्र सिंह राजपूत के अलावा अनुसूचित जाति मोर्चा से जिलाध्यक्ष जय नारायण वर्मा और महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अभिलाषा मिश्रा पूजा सोनी सीमा राजपूत शैलेंद्र मिश्रा मकरंद यादव दिलीप राजपूत श्यामबाबू राजपूत, प्यारेलाल. लल्लू राम भारती, मनोज कुमार भारती सहित दर्जनों अपना दल और भाजपाई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आपूर्ति से नाराज ग्रामीणों ने विद्युत विभाग जेई व अन्य स्टाफ के साथ की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

- गाड़ी की चाबी लेकर भाग गये, पुलिस जांच में जुटी

**राठ (हमीरपुर)।** विद्युत आपूर्ति बाधित होने से नाराज ग्रामीणों ने विभाग के एसडीओ जेई व अन्य कर्मचारियों के साथ मारपीट कर खदेड दिया,कर्मियों ने लिधौरा व मलेहटा के ग्रामीणों के खिलाफ मझगवा थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस के मुताबिक 11केवी मल्हेटा में अक्सर विद्युत गायब रहने से ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे गया।विद्युत उपकेंद्र नौरंगा के जेई राकेश मौर्य ने बताया कि मंगलवार को विद्युत उपकेंद्र नौरंगा से निर्गत 11 केवी फीडर मल्हेटा पर लिधौरा को जाने वाली लाइन में जर्जर तार को बदलने का कार्य शाम करीब साढ़े छह बजे फेन पर संस्था के सुपरवाइजर अनुज द्वारा लाइन कर्मी हिमाचल को करंट लगने की सूचना दी गई। जिससे तत्काल उक्त फीडर की सप्लाई बंद करवा दी गई। घायल कर्मी को एंबुलेंस से नौरंगा सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से उसे मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया गया। बताया कि 11 केवी मल्हेटा फीडर की सप्लाई चालू करने के लिए रात करीब दस बजे एसडीओ राठ शिवेन्द्र कुमारए जेई राठ सुधीर कुमार लाइनमैन शाकिर कोमल चालक श्रीराम के साथ घटनास्थल लिधौरा पुल के पास पहुंचे। वहां पर पहले से लाइनमैन ज्ञानेंद्र लाइन को ठीक कर रहा था। वहां पर मल्हेटा व लिधौरा के ग्रामीण मौजूद थे। निरीक्षण के बाद लाइनमैन को सप्लाई चालू करने की दशा निर्देश दिए।

# कानपुर परिचालन शाखा का हुआ गठन

- कमलेश पासवान अध्यक्ष तो ऋषभ तिवारी मंत्री बने
- परिचालन शाखा (जीएमसी) युवा मोर्चा का भी हुआ गठन

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।**



उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ की कानपुर परिचालन शाखा का पुर्णगठण करने के उद्देश्य से विजयादशमी के अवसर पर श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर (धर्मकांटा) पर संपन्न हुई। जिसमें पूर्व शाखा अध्यक्ष मनोज गोस्वामी जी की अध्यक्षता एवं श्री आई पी एस चौहान जी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। रेलवे विकास निगम लिमिटेड के वित्त अधिकारी ओम प्रकाश मिश्रा जी इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे थे। नई कार्यकारिणी में शाखा अध्यक्ष कमलेश पासवान एवं शाखा मंत्री ऋषभ तिवारी को बनाया गया। कार्यकारी अध्यक्ष मनोज गोस्वामी, संगठन मंत्री सतीश चंद्र बर्मा, कोषाध्यक्ष रविन्द्र कुमार, सह कोषाध्यक्ष श्रीसत्यनारायण, संयुक्त मंत्री राकेश रंजन, संयुक्त संगठन सचिव शिवम यादव, प्रचार मंत्री शोभन बाजपेयी बनाया गया। उपाध्यक्ष में बी एल मौर्या, प्रवीण मिश्रा, विरेन्द्र कुमार एवं सहायक सचिव में प्रवीण सिंह चौहान, आलोक कश्यप, संदेश कुमार शर्मा बनाए गए। वही इस कार्यक्रम में परिचालन शाखा जीएमसी का युवा मोर्चा का भी गठन किया गया। जिसमें मणिहरण को अध्यक्ष, विपिन मिश्रा को शाखा मंत्री एवं कार्यकारी अध्यक्ष आशीष पाल को बनाया गया। संगठन सचिव पियुष मिश्रा, उपाध्यक्ष में राज किशोर और प्रेम शंकर चौबे एवं सहायक सचिव में मुकेश कुमार चौहान और संदेश कुमार शर्मा को दायित्व दिया गया। कार्यक्रम का संचालन कोषाध्यक्ष कुन्दन कुमार सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में हरिशंकर पोरवॉल, पी के शर्मा, आर एस सिसोदिया, अनिल कुमार, प्रशांत सिंह, लल्लू प्रसाद, राहुल यादव, अंबुज कुशवाहा, राहुल सिंह, ललित सिंह राणा, संकेत सुमन त्रिपाठी, जितेंद्र नाथ, कामेश्वर सिंह, उपासना, मेघना, दिप्ती सिंह, मुकेश चौहान, शैलेंद्र वर्मा, अखिलेश कुमार, दिव्यम् सिसोदिया आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच देर रात तक चलता रहा देवी मां की प्रतिमाओं का विसर्जन

- श्रद्धाभाव के साथ नम आँखों से दी मां को विदाई

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**



बुंदेलखंड के महोबा जिला मुख्यालय के विभिन्न मोहल्लों पर स्थापित तकरीबन आधा सैकड़ा देवी प्रतिमाओं को पूजा अर्चना करने के बाद ऐतेहासिक कीरत सागर तालाब में पहुंचकर जयकारों की गूंज के साथ नाव में सवार होकर बीच तालाब में विसर्जित किया गया। प्रतिमा विसर्जन के दौरान भक्तों की सुरक्षा के लिए प्रशासन द्वारा घाट किनारे बेरिकेटिंग लगाकर नाविकों की व्यवस्था कर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भारी पुलिस बल के नजर बनाए हुए थे। शारदीय नवदुर्गा के नो दिनों तक समूचा शहर भक्तिमय माहौल में डूबा हुआ नजर आया था। जहां सुबह शाम भारी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ रही थी। नो दिन तक चले इस कार्यक्रम के बाद विजया दशमी दशहरा के दिन सुबह से ही आयोजकों द्वारा देवी माँ की प्रतिमाओं की पूजा अर्चना कराकर अपने अपने वाहनों में रखकर आकर्षक सजावट के साथ शहर के मुख्य सड़कों से भ्रमण करते हुए कीरत सागर तालाब में पहुंचकर कर नम आंखों से विसर्जित किया गया। विसर्जन को शांतिपूर्ण एवं विधिवत तरीके से सम्पन्न के लिए प्रशासन द्वारा नगर पालिका कर्मचारियों के साथ -साथ केवटों को भी तैनात किया गया है। प्रशासन द्वारा पहले से ही सफाई व्यवस्था दुरूस्त कर बेरिकेडिंग लगाकर तालाब के अंदर नाविक व गोताखोरों की तैनाती कर पुख्ता इंतजाम कर लिए गए थे।

### 55 वर्षीय किसान ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**महोबा।** महोबकंठ थाना क्षेत्र के घुटाई गांव में खरीफ की फसल बर्बाद होने के चलते 55 वर्षीय किसान द्वारा खेत में लगे पेड़ से लटककर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है । घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजन व पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी है । कुलपहाड़ तहसील क्षेत्र के गांव में रहने वाले 55 बर्षीय बाबूलाल गांव के ही किसान से खेत बटाई पर लिए था । महोबा जिले में रुक-रुक कर हो रही बारिश से के चलते किसान की तिलहन और उड़द की फसल पूरी तरह से नष्ट हो गई है । इस बारमूसलाधार बारिश के चलते किसान की फसल खराब हुई थी। इसी परेशानी की चलते उसने खेत में फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।

# देवी पंडाल में मुख्य पंडा की भूमिका निभा रहे युवक की करंट की चपेट में आकर मौत

**महोबा।** बुन्देलखण्ड के महोबा जिले में शारदीय नवरात्र के दौरान देवी पंडाल में मुख्य पुजारी की भूमिका निभा रहे युवक की विद्युत करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। युवक की मौत से गांव में शोक की लहर दौड़ गई आनन-फानन में ग्रामीणों द्वारा उसे जिंदा समझ इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां तैनात डॉक्टर ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। दरअसल घटना चरखारी कोतवाली क्षेत्र के गुढा गांव की है जहां शारदीय नवरात्र के दौरान नौ दिनों तक देवी पंडाल सजाकर मुख्य पंडा की भूमिका निभा रहे गांव के ही रहने वाले अंतराम के 24 वर्षीय पुत्र विवेक राजपूत की विद्युत करंट की चपेट में आने से नवमी के दिन देर शाम मौत हो गई। देवी पंडाल के मुख्य पंडा की असामयिक मौत से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जाता है कि गुढ़ा गांव की रहने वाले अंतराम का 24 वर्षीय पुत्र विवेक राजपूत नवमी के दिन देवी पंडाल के पास स्थित अपने मकान के अंदर लगे पंखे को सुधार रहा था तभी कमरे के गेट में विद्युत करंट उतर आया जिसे पकड़ते ही विवेक अचेत होकर गिर गया।

# करंट की चपेट में आकर क्रेशर प्लांट में काम कर रहे मजदूर की मौत

**महोबा।** उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में बिना सुरक्षा उपकरणों के क्रेशर प्लांट में काम करते समय विद्युत करंट की चपेट में आकर मजदूर की मौत हो गई। मजदूर की असामायिक मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। अस्पताल प्रशासन ने मृतक के शव को मोर्चरी में रखवा अग्रिम कार्रवाई के लिए पुलिस को सूचना भेज दी है। दरअसल घटना शहर कोतवाली क्षेत्र के डहर्रा गाँव स्थित शीतला ग्रेनाइट नामक क्रेशर प्लांट की है। जहाँ श्रीनगर कस्बा के भैरवगंज इलाके के रहने वाले बब्बू उर्फ बाबूलाल पुत्र हल्के उम्र 28 वर्ष क्रेशर में लम्बे समय से मजदूरी का काम करता चला आ रहा था। आज क्रेशर प्लांट में बिना सुरक्षा उपकरणों के काम करते समय विद्युत करंट की चपेट में आकर अचेत हो गया। साथी मजदूर बब्बू को अचेत अवस्था में देख सहकर्मियों द्वारा आनन-फानन में उसे इलाज के लिए महोबा जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड लाया गया जहां तैनात डॉक्टर ने चिकित्सीय परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल प्रशासन ने मृतक के शव को मोर्चरी में रखवा अग्रिम कार्रवाई के लिए पुलिस को सूचना भेज दी है। जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में तैनात डॉक्टर पंकज राजपूत ने बताया कि क्रेशर प्लांट में काम कर रहे कुछ लोगों द्वारा एक व्यक्ति को जिला अस्पताल लाया गया था जिसे परीक्षण उपरान्त मृत घोषित किया गया है।

# पं सियाराम मिश्र की स्मृति में कवि सम्मेलन आयोजित

**महोबा, समृद्धि न्यूज़।**




प.सियाराम मिश्र मेमोरियल पब्लिक स्कूल हिन्द टायर गली महोबा के वार्षिको उत्सव एवं पंडित .सियाराम मिश्र के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य मै पं. सियाराम मिश्र स्मृति काव्यांजलि 2025 अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजिम विधालय प्रागंण में किया गया जिसमें राष्ट्रीय स्तर के कवि पधारे।कवयित्रियों के द्वारा शानदार रचनाये प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में अतिथि के रूप मे कामता नाथ स्वामी चित्रकट धाम प्रमुख द्वार के महंत श्री श्री 108 महंत मदन गोपालदास जी महाराज तथा प्रख्यात समाज सेवी तथा वरिष्ठ साहित्यकार गोयाल भाई चित्रकूट की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन झांसी से पधारे प्रख्यात कवि अर्जुन सिंह चांद द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारएम लखीमपुर खीरी से पधारी कवयित्री रंजना सिंह हया के द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर की गई। इसके बाद कुलपहाड़ से पधारे कवि नीतेन्द्र चौबे द्वारा चिकिनी चुपड़ी बातों से फितरत का पता नहीं चलता, के द्वारा खूब वाहवाही लूटी गई , इनके बाद हाथरस से आये कवि राधा मुनि प्रताप द्वारा शानदार बीररस की कविता पढ़ी गई तीसरे क्रम पर छतरपुर से आये कवि संजय जैन निबुआ ने अपने अलग ही अंदाज में हास्य कविता पढ़ी गई इनके बाद चित्रकूट से आई कवयित्री रीना सिंह ने आज अखबारों से मुझको एक भी आशा नहीं है, राज दरवारो में चुप्पी से अधिक भाषा नही है, प्रस्तुत की। इसी तरह कवि अर्जुन सिंह चांद ने लश्कर भी तुम्हारा सरदार तुम्हारा है तुम झूठ को सच लिख दो अखबार तुम्हारा है पढ़कर मानो सबका दिल जीत लिया। कार्यक्रम के अंत में महंत श्री मदन गोपाल दास जी द्वारा अपना आशीर्वाद वचन दिया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ समाजसेवी एवं साहित्यकार गोपाल भाई जी के द्वारा सभी आगंतुक कवियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आप सभी के द्वारा इस कार्यक्रम को सफल बनाया गया है। अन्त मेंअरुणोदय संस्थान के निदेशक अभिषेक मिश्रा द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया कार्यक्रम का संयोजन रोहित शर्मा महोबा द्वारा किया गया।

# परम्परागत रूप से निकाली गई मूर्ति विसर्जन शोभायात्रा

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



नगर पंचायत जैदपुर के मोहल्ला गढ़ी कदीम स्थित शिव मंदिर से निकलने वाला विसर्जन जुलूस शोभा यात्रा श्री शिव शंकर धर्मार्थ सेवा समिति के पदाधिकारी के नेतृत्व में मूर्ति विसर्जन शोभा यात्रा व मोती लालपुरवा से मूर्ति विसर्जन हेतु शोभा यात्रा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच बहुत ही धूमधाम के साथ निर्धारित मार्गो से निकाला गया।इस मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल सुबह से देर रात तक मौजूद रहा।

जानकारी के अनुसार रविवार को मूर्ति विसर्जन की शोभा यात्रा ऊंट,घोड़े,बैंड बाजे के साथ बहुत ही हर्ष उल्लास के साथ जयकारे लगाते व रंगों अबीर गुलाल की बौछार करते हुये सफदरगंज कल्याणी नदी के लिए प्रस्थान किया।जिसमें हजारों की संख्या में भक्तगण व महिला भक्ति गणो की भी भारी संख्या उपस्थिति रही।इस दौरान नागिन डांस रिंम डांस घोड़े के ऊपर चढ़कर डांस सहित अनेक गीत भक्ति में मगन नाच गान भी देखने को मिले। प्रसाद आदि का भी वितरण होता रहा।

वही विसर्जन शोभा यात्रा को शान्ति पूर्वक संपन्न कराने हेतु थाना प्रभारी अमित प्रताप सिंह, कस्बा इंचार्ज राजेश कुमार गुप्ता,दरोगा हलीम बाबू, सहित भारी संख्या में पुलिस बल की मौजूदगी में मूर्ति विसर्जन के लिये शोभा यात्रा कस्बे के बांध,छोटी बाजार, छोटा इमामबाड़ा,बड़ी बाजार, थाना चौराहा, वसीनगर सहित विभिन्न मोहल्ले से गुजरती हुई सफदरगंज के लिये रवाना हुई।

इस मौके पर चचा गिरजा शंकर गुप्ता, डीएम वर्मा जितेंद्र कुमार,दीवेश कुमार डब्बू जायसवाल, दीपक निगम, शैलेंद्र जायसवाल, रज्जू सोनी, अनिल, धीरज, उमाकांत मन्नू पहलवान, गायत्री जायसवाल, हिमांशु, संदीप, सतेन्द्र, राजू यादव, अमित, सोनू, शयामू जायसवाल, समीर निगम सहित हजारों की संख्या में लोग भक्ति में विभोर दिखे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया विजय दशमी पर्व



**रामनगर।** धर्म की अधर्म पर गर्व की अहंकार पर अच्छाई की बुराई पर सत्य की असत्य पर और अंधकार पर उजाले के प्रतीक के रूप में विजय दशमी का पर्व पक्के तालाब पर विगत वर्षों की तरह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।राजकुमार रत्नाकर के देहान्त के बाद पहली बार रानी मृणालिनी सिंह ने परम्परागत तरीके से बखूबी रामलीला के कार्यक्रम को सम्पन्न करवाया।नगर पंचायत रामनगर के हनुमान मंदिर स्थित पक्के तालाब पर भगवान श्रीराम ने जैसे ही रावण के पुतले में आग लगाई पूरा रामलीला मैदान जय श्रीराम के जयकारे से गूंज उठा। इसके पूर्व राम–रावण के भयंकर युद्ध का भी दर्शकों ने आनंद उठाया।राम और रावण के बीच चल रहे युद्ध को देखने के लिए क्षेत्र की भारी भीड़ मेला मैदान में जुटी थी।मेले में सजी दुकानों पर लोगों ने खूब खरीदारी की की। बुधवार को शुरू हुये कार्यक्रम का रविवार को भरत मिलाप और श्री राम के राज्याभिषेक के साथ समापन हो गया।

# संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे में लटका मिला युवक शव

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



जैदपुर थाना क्षेत्र के मोती लाल पुरवा गांव निवासी हिमांशु पुत्र प्रमोद वर्मा जो बाराबंकी शहर के लखपेड़ा बाग में रहकर नौकरी करता था जिसका बीती रात शनिवार रविवार की रात को लखपेडा बाग स्थित कमरे मे संदिग्ध परिस्थितियो मे छत से फांसी के फंदे से लटका हुआ शव मिला। इसकी सूचना परिजनों को मिलते ही सभी में कोहराम मच गया और सभी आनन फानन में लखपेड़ा बाग पहुंचे।

सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच पड़ताल में जुटी।वही इधर परिजनों के साथ पूरे गांव मे कोहराम मचा है।

**हत्या की धारा न लगने से नाराज परिजनों ने सड़क जाम कर किया प्रदर्शन :-** हत्या की धारा न लगाकर गैर इरादतन हत्या की धारा में दर्ज किए गए मुकदमें से नाराज मृतक के परिजनों ने पोस्टमार्टम के बाद घर पहुचे शव को लेकर फतेहपुर-बेलहरा मार्ग जाम कर धरने पर बैठ गए।धरने की जानकारी पाकर एसओ अनिल सिंह मौके पर पहुचे और गैर इरादतन हत्या की धारा को हटाकर हत्या में बदलने के अवश्वासन पर परिजन धरना खत्म कर शव का अंतिम कर दिया। एसओ अनिल सिंह ने बताया गैर इरादतन हत्या की धारा को हत्या में तब्दील कर दिया गया है।

## खबरें एक नजर में

### उल्लास से मनाया दशहरा का त्योहार

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।** असत्य पर सत्य की विजय का त्योहार दशहरा नगर व क्षेत्र आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके लोगों ने बुराई के प्रतीक रावण के पुतले का दहन कर आपस के गिले शिकवे बुलाकर एक दूसरे को शुभकामनाएं भी दी। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन भगवान राम ने लंका के राजा रावण का वध कर देश और समाज में फैले आतंक का अंत किया था इसी के चलते लोग अब बुराई के प्रतीक रावण के पुतले का दहन कर समाज को गलत न करने की सीख देने की कोशिश कर राम के आदर्शो पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं और इसी के चलते शनिवार को नगर के एम एस वी इंटर कॉलेज के मैदान में सामूहिक रूप से पुतले का दहन किया गया। इस मौके पर मौजूद क्षेत्रीय विधायक विनोद चतुर्वेदी ने कहा कि रावण उच्चकोटि का विद्वान था उसे चारों वेदों के सभी शास्त्रों का भी ज्ञान था पर अनीति के रास्ते पर चलने के कारण उसके वंश में एक लख पुत्र सवा लख नाती होने के बाद भी कोई पानी देने वाला भी नहीं बचा और उल्टा उसकी मौत पर लोग उत्सव मनाते है। इसलिए सभी को अपने जीवन में अंहकार नहीं करना चाहिए क्योंकि आतंक का अंत होता जरूर है। इस दौरान अन्य लोगों ने भी सभी से राम के आदर्शो पर चलने की नसीहत दी जिससे सामाजिक सौहार्द कायम रहे और सभी खुशहाल जीवन जी सके। वही नगर तथा क्षेत्र के अन्य स्थानों पर भी बुराई के प्रतीक रावण का पुतला जलाया गया। वही इस त्योहार पर लोगों ने एक दूसरे को पान और मिठाईया खिलाकर एक दूसरे से गले मिलकर गिले शिकवे भी दूर किए। आस्था और उल्लास के इस त्योहार पर किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो इसको लेकर सुरक्षा के भी व्यापक इंतजाम रहे। इस दौरान सीओ डा. देवेन्द्र पचौरी की अगुआई में कोतवाली के पुलिस बल के साथ रिजर्व पुलिस बल तथा पीएसी भी मौजूद रही।

### ट्रक की चपेट में आकर किशोरी की मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** स्थानीय कस्बा के लिल्हौरा वार्ड में स्थित प्रकाश इंटर कॉलेज के समीप हैदरगढ़ भिटरिया मार्ग पर आज शनिवार शाम ट्रक की चपेट में आकर 13 वर्षीय बालिका की कुचलकर घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है ।ट्रक को पुलिस ने कब्जे में लेकर कार्यवाही शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक कस्बा हैदरगढ़ लिल्हौरा वार्ड निवासी विनोद कुमार उर्फ विन्नु सिंह की 13 वर्षीय पुत्री तान्या साइकिल पर सवार होकर घर से कस्बा हैदरगढ़ जा रही थी , जैसे ही उक्त किशोरी मार्ग पर पहुंची तभी पीछे से आ रहे ट्रक ने साइकिल में टक्कर मार दी और उसका सिर पहिया के नीचे आकर चकनाचूर हो गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और घर वालों का रोकर बुरा हाल है।

### तीन मकानों को चोरों ने बनाया निशाना



**कुठौंद (जालौन), समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र कुठौंद के अंतर्गत पुलिस चौकी शंकरपुर से स्टेट हाईवे स्थित जीएस ढाबा के सामने बने मकानों में चोरों ने बनाया अपना निशान यह तीनों मकान मालिक बाहर गए हुए थे सूने घर को पाकर चोरों द्वारा गेट के कुंडे काटकर 10 अक्टूबर 2024 को रात्रि में सत्येंद्र सिंह पुत्र तेजराम पूर्व निवासी करमुखा हाल निवासी शंकरपुर के यहां लगभग सोने चांदी के जेवरात हुआ नई साड़ियां तथा नए कपड़े सहित 2 लाख की चोरी हुई। सचिन सिंह पुत्र मुन्नालाल निवासी ग्राम करमुखा हाल निवासी शंकरपुर इनके यहां नगदी 6 हजार तथा सोने चांदी के जेवरात सहित 40 हजार रुपये का चोरों ने किया हाथ साफ। सेवकराम राजपूत निवासी शंकरपुर इनके मकान में चोरों द्वारा जेबरात तथा नगदी शायद इनका भी लाखों रुपए का चोरों ने किया सफाया। मीडिया द्वारा की गई जानकारी के अनुसार तीनों घरों के लोग बाहर गए हुए थे चोरी की सूचना मिलने पर आज दिनांक 12 अक्टूबर 2024 को तीनों घरों के मालिक अपने घर लौटे और घर पर लौटते ही उन्होंने अपने पूरे घर की छानबीन की जिसमें तीनों घरों में समान बुरी तरह बिखरा हुआ पड़ा था और सेफके लॉक को भी तोड़ दिया। इस घटना के संबंध में तीनों मकान मालिकों ने चोरी की घटना के प्रार्थना पत्र पुलिस चौकी इंचार्ज शंकरपुर को दिए गए जिसमें चौकी इंचार्ज द्वारा इन लोगों को आश्वासन देते हुए कहा कि आपके साथ जो घटना हुई है इसका खुलासा जल्द से जल्द करने का प्रयास करेंगे।

### बंटवारे के विवाद में मारपीट, मुकदमा दर्ज

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** बंटवारे को लेकर विवाद में जवारे चढ़ाने गए परिवार के साथ रिश्तेदार ने ही तमंचा लहराकर न सिर्फमारपीट की बल्कि ट्रैक्टर से टक्कर मारकर कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया था। इस मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लहचूरा निवासी संतोष कुमार साहू ने पुलिस को बताया कि सारंगपुर निवासी उसकी सास प्रेमा देवी उसके साथ ही रहती हैं। उसका साला नारायणदास इस बात को लेकर और बंटवारे को लेकर उससे रंजिश मानता है। उसकी सास ने नवरात्र में घर में जवारे बोए थे। वह उन्हें नवमी पर ससुराल के पैतृक माताजी के मंदिर में चढ़ाना चाहती थी। इसलिए नवमी पर वह अपनी ससुराल सारंगपुर के पैतृक मंदिर पर सास प्रेमा देवी व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ कार से गया था। उसे वहां देख साला नारायणदास भी आ गया और गाली, गलौज करते हुए जवारे चढ़ाने से मना करने लगा। जब उन्होंने रोकने की कोशिश की तो तमंचा दिखाकर न सिर्फमारपीट की बल्कि जान से मारने की धमकी भी दे डाली। इसके बाद वह अपना ट्रैक्टर लेकर आया और उसकी कार पर ट्रैक्टर चढ़ाकर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस को सूचना देने पर पुलिस वहां पहुंची तब उसकी जान बच सकी। मामले को लेकर कोतवाल वीरेंद्र पटेल ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करेगी।

# रेलवे ट्रैक पर मिला कोटेदार की बेटी का शव

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



लोनी कटरा थाना क्षेत्र के छंदरौली गांव के पश्चिम दिशा स्थित लाले पुल के समीप शनिवार की दोपहर रेलवे ट्रैक पर 22 वर्षीय युवती का शव मिलने से हड़कंप मचा गया। घटना की खबर फैलते ही मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। घटना की सूचना पाकर लोनीकटरा पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव की शिनाख्त कराई, युवती की पहचान भवनियापुर के कोटेदार प्रेम शंकर की पुत्री पूजा के रूप में हुई । पुलिस ने शव की शिनाख्त करने के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।बताया जाता है की करीब छह माह पूर्व युवती का विवाह जनपद रायबरेली थाना शिवगढ़ निवासी नया खेड़ा गांव निवासी रोहित के साथ हुआ था। तीन दिन पहले ही भाई के साथ मायके अपने पिता के घर आई हुई थी। शनिवार को घटना घटित हो गई है। मौत की वजह तत्काल पता नही चल सका है।पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। पूजा के माता-पिता व भाई अचानक मौत को लेकर जहां चकित है वहीं यह नहीं समझ पा रहे हैं कि आखिर पूजा ने ऐसा कदम क्यों उठाया। थाना प्रभारी का कहना है पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# जमीनी विवाद में भाइयों में मारपीट, महिला की मौत, दस घायल

**बेलहरा-बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**





जमीनी विवाद को लेकर दो सगे भाइयों में मारपीट हो गई जिसमें दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले।मारपीट में दोनों पक्षों से महिला समेत दस लोग घायल हो गए। इसमें गंभीर रूप से घायल एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव पीएम भेजकर छह लोगो को गिरफ्तार कर लिया है।

मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के बिहुरा निवासी मोल्हे गौतम के दो पुत्र है। बड़ा पुत्र मंशाराम व छोटा पुत्र राममूर्ति है। पिता मोल्हे के पास कुल तीन बीघे खेती योग्य जमीन है। मोल्हे ने दोनों बेटों को एक-एक बीघे जमीन दे रखी है। जबकि अपने हिस्से की शेष एक बीघा जमीन पर वह खुद खेती करते हैं। पिता के हिस्से की जमीन लेने के लिए बड़े पुत्र मंसाराम का आए दिन अपने पिता से विवाद होता था।

शनिवार रात भी मंसाराम ने जमीन को लेकर पिता से विवाद के बाद मारपीट शुरू कर दी। यह देख बीच बचाव करने पहुंचे छोटे भाई राम मूर्ति के बेटे अंकित से मंसाराम ने निपट लेने की बात कह कर मारपीट करने लगा। इससे दोनों पक्ष के समर्थक लाठी-डंडे लेकर आमने-सामने आ गए और दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। मारपीट के दौरान राममूर्ति की पत्नी लीलावती (48) के सिर में गंभीर चोट लगने से वह बेसुध होकर जमीन पर गिर गई। परिवरीजन आनन-फानन में उसे इलाज के लिए सीएचसी फतेहपुर ले गए। वहां इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। अंकित पक्ष से मोलहे, अंजली, पूजा घायल हुए। जबकि मंसाराम पक्ष से राहुल, रामू, श्यामू, राजेश को चोटे आई हैं। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मारपीट में दोनों पक्षों से घायल सभी लोगों को सीएचसी फतेहपुर में भर्ती कराया है।गांव में एहतियात के तौर पर पुलिस की तैनाती की गई है। थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि मृतका के पति राम मूर्ति की तहरीर पर मंसाराम, रामू, राहुल, श्यामू, कलावती व राकेश के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर नामजद सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# भाजपा महा सदस्यता अभियान में जिलाध्यक्ष ने कहा भाजपा सरकार में देश मे बड़े परिवर्तन हुए

**रामनगर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश ही नहीं पूरे विश्व के नेता बन चुके हैं।भाजपा सरकार के आने बाद देश में बड़े बड़े परिवर्तन हुये है। यह बात भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य ने ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी के संयोजन मे फार्म हाउस पर आयोजित भाजपा के महा सदस्यता अभियान में व्यक्त की।उन्होंने कहा आज मोदी जी की जरुरत विश्व को है।

अयोध्या धाम में कायम कलंक उनके समय में धो गया।यह सदस्यता अभियान पार्टी ही नहीं देश को भी मजबूती प्रदान करेगा इस अभियान में लोग बढ़ चढ़कर भागीदारी करें।सदस्यता समारोह के आयोजक प्रमुख श्री तिवारी ने कहा सदस्यता अभियान संगठन की मजबूती के लिए चलाया जा रहा है।

संगठन की मजबूती के बिना ना तो पार्टी मजबूत होगी ना ही देश मजबूत होगा।व्यापक स्तर पर सदस्यता अभियान होना चाहिए पार्टी के द्वारा जो लक्ष्य दिया गया है उससे अधिक सदस्य बना कर ब्लॉक का पहला नंबर होगा।मेरे घर के दरवाजे 24 घंटे सभी के लिए खुले हैं जो भी मेरे यहां आएगा वह निराश वापस नहीं जाएगा उसकी हर स्तर से मदद की जाएगी। इसके अलावा भाजपा के जिला महामंत्री संदीप गुप्ता जिला उपाध्यक्ष शेखर हरायन प्रमोद तिवारी भाजपा नेता रविकांत शुक्ला आशीष शर्मा ने व्यापक सदस्यता अभियान चलाने पर जोर देते हुये कहा की सभी लोग ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाएं जिससे संगठन मजबूत हो।कवि मनोज मिश्र शीत जगन्नाथ निर्दोष अयोध्या प्रसाद अवस्थी ने अपनी कविता के माध्यम से सदस्यता अभियान के महत्व को रेखांकित किया।इस मौके पर ललित कुमार वर्मा सदस्य जिला पंचायत ग्राम प्रधान संतोष दीक्षित राम सिंह उमेश पांडेय सहज राम यादव पूर्व प्रधान भगवती वर्मा क्षेत्र पंचायत सदस्य कमलेश अवस्थी रामनिवास अवस्थी विजय अवस्थी झब्बू लाल रावत झब्बू तिवारी सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### मंदिर गई युवती को भगा ले गया युवक

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** मंदिर गई युवती को वहीं से भगा ले जाने की शिकायत पीड़ित पिता ने कोतवाली में तहरीर देते हुए की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी 20 वर्षीय बेटी शनिवार को घाट वाली माता के दर्शन के लिए गांव की अन्य लड़कियों के साथ गई थी। कुछ समय बाद गांव की अन्य अन्य लड़कियां वापस आ गई। लेकिन उनकी बेटी वापस नहीं लौटी। जब उन्होंने जानकारी की तो पता चला कि बेटी को पवन बहला फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया है। पीड़ित पिता ने बेटी की सकुशल बरामदगी की गुहार पुलिस से लगाई है। वहीं पुलिस न रिपोर्ट दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

# शिकायतों के बावजूद किसान की भूमि दबंगों के कब्जे से नहीं हुई मुक्त

- पीड़ित पत्रकार के पिता ने सीएम को पत्र भेज न्याय की गुहार लगाई

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।**

कालपी तहसील क्षेत्र के आटा गांव के एक काश्तकार ने दबंगों पर निजी भूमि पर दबंगई के बल पर जबरन कब्जा करने और अवैध कब्जा हटवाने की कई बार शिकायतें किए जाने के बावजूद आज तक उक्त भूमि को अवैध कब्जे से मुक्त न किए जाने पर संबंधित अधिकारियों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री को पुनः शिकायती पत्र भेजकर निजी भूमि को दबंगों के कब्जे से मुक्त कराए जाने की गुहार लगाई गई है। ग्राम आटा तहसील कालपी निवासी मनमोहन अवस्थी पुत्र स्व. विद्याधर अवस्थी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री को भेजे शिकायती पत्र में कहा है कि उसकी निजी भूमि संख्या 1419 पर सत्यम पांडेय पुत्र शिवदास पांडेय द्वारा दबंगई के बल पर जबरन कब्जा कर लिया गया है और अब तक कई बार तहसील दिवसों के साथ उच्चाधिकारियों से शिकायतें किए जाने के बावजूद भी उक्त भूमि को अवैध कब्जा मुक्त नहीं कराया गया है। पीड़ित काश्तकार ने कहा है कि इस संबंध में संबंधित कर्मचारियों की उक्त दबंग से मिलीभगत है और इसी के चलते भूमि कब्जा मुक्त नहीं हो रही है। पीड़ित काश्तकार ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से जल्द दबंगों के कब्जे से उक्त भूमि को मुक्त कराए जाने की पुनः गुहार लगाई गई है।

# सद्गुरु कबीर के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत : अरविंद

**अयोध्या, समृद्धि न्यूज।**



जियनपुर स्थित कबीर मठ के संस्थापक सद्गुरु रामसूरत साहेब एवं उदार साहेब की पुण्य स्मृति में चल रहे तीन दिवसीय सांप्रदायिक सौहार्द कबीर मेला का रविवार को समापन हो गया।समापन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्वांचल विकास बोर्ड के सदस्य बौद्ध अरविंद सिंह पटेल ने कहा कि हमें सद्गुरु कबीर के विचारों को आत्मसात करने की जरूरत है।उनका उपदेश मानव-मानव एक समान का था।

उन्होंने सद्भावना का संदेश दिया।कबीर का सांप्रदायिक सौहार्द देश विदेश में एकता अखंडता स्थापित कर रहा है।श्री कबीर धर्म मंदिर सेवा समिति जियनपुर के कार्यवाहक अध्यक्ष महंत उमाशंकर दास ने कहा कि कबीर मठ में तीन दिवसीय सांप्रदायिक सौहार्द कबीर मेला का समापन किया गया। प्रतिदिन सुबह बीजक पाठ,उसके बाद विचार गोष्ठी और फिर भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के बारे में बताया गया कि यह सांप्रदायिक सौहार्द कबीर मेला सन 2005 से मठ में चल रहा है। यह मेला का 19वां वर्ष रहा है जो कबीर मठ के संस्थापक सद्गुरु रामसूरत साहेब एवं उदार साहेब की पुण्य स्मृति में प्रतिवर्ष आयोजित होता है।कबीर मेले ने पूरे देश दुनिया में सांप्रदायिक सौहार्द एवं एकता अखंडता का संदेश दिया।गोष्ठी में नरसिंह साहेब, निर्भय दास, राधेश्याम दास ने भी अपने विचार व्यक्त किए।संचालन श्रीकबीर धर्म मंदिर सेवा समिति जियनपुर अयोध्या के कार्यवाहक मंत्री संत विवेक ब्रह्मचारी ने किया। इससे पहले मुख्य अतिथि समेत अन्य ने ब्रह्मलीन सद्गुरु रामसूरत साहेब और उदार साहेब के चित्रपट पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया।

कबीर मठ जियनपुर के कार्यवाहक अध्यक्ष महंत उमाशंकर दास द्वारा माल्यार्पण कर मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। आकाशवाणी गोरखपुर के प्रख्यात भजन गायक रामप्रसाद साहेब ने अपने भजनों से सांप्रदायिक सौहार्द कबीर मेला की महफिल सजा दी।

इस अवसर कबीर मंदिर सूरत गुजरात के महंत देवेन्द्र साहेब, महंत रामप्रकाश दास,पूर्व डीसीएफ चेयरमैन बस्ती रामशंकर निराला, जिपं सदस्य बस्ती राजबहादुर वर्मा, सांसद प्रतिनिधि एवं जनशिक्षण संस्थान के डायरेक्टर इं. मनोज वर्मा, एडवोकेट वीरेंद्र यादव,डॉ. अजय कुमार, डॉ. दिलीप सिंह,साध्वी ज्योति पांडेय, जोखू यादव, रविंद्र दास,हेमंत दास, युवराज दास, रामलाल दास, भुवनेश्वर दास, राधेश्याम दास,नरसिंह दास, अजीत दास, भानुप्रताप वर्मा इंटर कालेज हनुमत नगर के प्राचार्य निर्मल जायसवाल, शिवदास पटेल, बृजेश वर्मा, विजय सर्वेश सक्सेना व योगेंद्र वर्मा, पूर्व प्रधान गुरचरन यादव, शेषनाग, रामसजन चौधरी आदि मौजूद रहे।

# एसडीएम के निरीक्षण में चमारी गौशाला के ग्यारह केयरटेकर मिले गायब

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



- गौशाला में चहुंआर गंदगी देख उप जिलाधिकारी ने जतायी नाराजगी
- समूचे परिसर की नियमित सफाई के लिए जिम्मेदारों को निर्देश दिये


रविवार को जिला प्रशासन के निर्देश पर उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने चमारी गांव की गौशाला का औचक निरीक्षण। इस दौरान परिसर में केयर टेकर अनुपस्थित पाए गए तथा परिसर कीचड़ देखकर नाराजगी जताते हुए उचित व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए।

लेखपालों की टीम के साथ उप जिलाधिकारी औचक ढंग से चमारी गौशाला पहुंचे। गौशाला में 652 गौवंश है। जहां उन्होंने गौशाला की ड्यूटी में मात्र एक ही केयर टेकर मिला जबकि 11 केयर टेकर गायब मिले। अनुपस्थित केयर टेकरों पर एसडीएम ने नाराजगी जताई। सीसीटीवी कैमरो का निरीक्षण किया। इस दौरान गौशाला के भूसे, हरे चारा, दाना के स्टॉक व रखरखाव देखा। हरे चारे की कमी दिखाई दी। गौशाला में पानी तथा प्रकाश व्यवस्था का भी जायजा लिया। गायों के संरक्षण छाया आदि व्यवस्था को परखा। परिसर के कई स्थानों में पानी के कीचड़ की समस्या को देखते हुए उन्होंने ड्यूटी में मौजूद कर्मी को निर्देश दिए कि परिसर में सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा जाए। बरसात के मौसम को देखते हुए गायों के लिये छाया की बेहतरीन इंतजाम रखे जायें। उन्होंने कहा कि सभी गौशालाओं का निरीक्षण किया जाएगा। लेखपालों में शिव मंगल पाठक, प्रशांत यादव, प्रशांत निरंजन आदि मौजूद रहे।

# नहाते समय नदी में डूबे युवक का शव गोताखोरों ने खोज निकाला

- पहूज नदी की तेज धार में बह गये थे तीन युवक, दो को बचाया था

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**



पहूज नदी नहाते समय पानी में डूबकर लापता हुए युवक का शव घटनास्थल से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर पानी में उतराता हुआ मिला है।

रामपुरा थाना अंतर्गत ग्राम जायघा में कल शनिवार को अपराह्न समय लगभग 3 बजे लालजीत सिंह सहित तीन युवक पहूज नदी में नहाते समय तेज धार के कारण पानी में डूब गए थे, जिसमें ग्रामीणों की सहायता से दो युवकों को बचा लिया गया था लेकिन तीसरे युवक लालजीत सिंह उर्फ लल्ला उम्र लगभग 22 वर्ष पुत्र लखपत सिंह को नहीं बचाया जा सका था। सूचना मिलने पर उप जिलाधिकारी माधौगढ़ सुरेश कुमार पाल, क्षेत्राधिकारी रामसिंह एवं थाना अध्यक्ष रामपुरा मय पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंच गए थे और स्थानीय मछुआरों एवं तैराकों की मदद से लल्ला सिंह को खोजने का प्रयास जारी रखा अंतोगत्वा घटना के 24 घंटे बाद आज रविवार की शाम समय लगभग 3 बजे लल्ला सिंह का शव घटनास्थल से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर पानी में उतराता हुआ दिखाई दिया।

पानी में शव मिलने की सूचना पर पूरे गांव में कोहराम मच गया। घर पर वृद्ध माता पिता एवं भाईयों बहिनो तथा अन्य परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी माधौगढ़ तथा थानाध्यक्ष रामपुरा की उपस्थिति में क्षेत्रीय ग्रामीण की सहयोग से शव को पानी से बाहर निकाल कर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु उरई भेजा गया है।

### सात भाई बहनों में सबसे छोटा था लल्ला सिंह

**जगम्मनपुर।** पहूज व सिंध नदी में डूबे लालजीत सिंह उर्फलल्ला सिंह अपने पांच भाइयों एवं दो बहनों में सबसे छोटा था। लल्ला सिंह भारतीय सेना में भर्ती होने के लिए तैयारी कर रहा था। एक बार वह दौड़ एवं अन्य अहर्ताओं को पूरा भी कर चुका था लेकिन मेरिट में एक नंबर कम होने से सेलेक्ट नहीं हो सका था।

### झगड़ा करने पर पुलिस ने चार पर की कार्रवाई

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** अलग अलग मामलों में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफकारवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लौना निवासी ब्रजेश सिंह गांव के देवी मंदिर भागवत कथा के दौरान ग्रामीणों के साथ गाली, गलौज कर रहा था। उधर, छानी खास निवासी संगीता देवी ने पुलिस को बताया कि गांव के ही मुन्ना लाल ने उसके ससुर के साथ गाली कर दी। मना करने पर उन पर गोबर का तसला फेंक दिया। वहीं, शहजादपुरा में श्रीराम व लल्लू के बीच जमीन के विवाद को लेकर मारपीट हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत कुतुबुद्दीनपुर विकास खण्ड नवाबगंज, फर्रुखाबाद**

पत्रांकः मीमो/ग्रा0पं0/ 15वां वित्त/राज्य वित्त/स्वच्छ भारत मिशन योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2024-2025 दिनांक 13/10/2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

15वां वित्त/राज्य वित्त/स्वच्छ भारत मिशन योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कुतुबुद्दीनपुर द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 14/10/2024 से 20/10/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 20/10/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | ग्रीश के घर से कश्मीर के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 3.74 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | रवि की जगह अमरीश के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | 5.58 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | जूनियर स्कूल में इंटरलाकिंग कार्य | 2.18 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्ते- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (सुनीता देवी) ग्रा0पं0 कुतुबुद्दीनपुर, विकास खण्ड नवाबगंज सचिव (अरविन्द कुमार)

# धूमधाम से निकाली गई मां भगवती की विसर्जन यात्रा

**कन्याभोज के बाद भक्तों ने भण्डारे में ग्रहण किया प्रसाद**

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नवरात्रि के समापन अवसर पर नगर के गंगेश्वरनाथ मंदिर सहित अलग-अलग स्थानों से मां भगवती की विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभा यात्रा नगर के मुख्य मार्गो से निकाली गई। जिसमें भक्तों ने माँ के जयकारे लगाकर गुलाल व फूल की होली खेल नृत्य भी किया। जबकि भण्डारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

नगर के पावर हाउस स्थित श्री गंगेश्वरनाथ सेवा समिति, गांधी नगर स्थित प्राचीन शिव मंदिर सेवा समिति व तिर्वा रोड स्थित महाकाली पांडाल से माँ दुर्गा की विशाल शोभा यात्रा नगर से निकाली गई। शोभा यात्रा में मौजूद भक्तों ने भी माँ के जयकारे लगाकर पूरे नगर को भक्तिमय कर दिया। शोभा यात्रा को नगर के मुख्य मार्गो जीटी रोड, तिर्वा रोड, रामगंज, रेलवे रोड सहित अन्य मार्गो पर भ्रमण कराया। भक्तों ने शोभा यात्रा में फूल व गुलाल की न सिर्फहोली खेली बल्कि माता के गीतों पर जमकर नृत्य भी किया। जगह-जगह माता दुर्गा की भव्य झांकी का श्रद्धालुओ ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इससे पूर्व कन्याभोज व भण्डारे का आयोजन किया गया। मॉं भगवती की प्रतिमा की पूजा अर्चना कर विसर्जित कर कर दिया। इस दौरान नीरज मिश्रा, धर्मेन्द्र गुप्ता, जीतू गुप्ता, सुमित सक्सेना, सुगम दुबे, उमाकांत सैनी, चंदन, अनुराग गुप्ता, अरविंद यादव सहित महिला पुरूष मौजूद रहे। इसके बाद विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। नगर के विभिनन देवालयों व घरों में नवरात्र के समापन दिवस पर कन्याभोज व भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें भक्तों ने कन्याओं को भोज कराकर दान पुण्य किया। इसी प्रकार तेराजाकेट चौराहा स्थित प्राचीन शिव मन्दिर में कन्याभोज के बाद भण्डारा का आयोजन किया गया। इसमें आस पास क्षेत्र के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारा सुबह 10 बजे से देर शाम तक चलता रहा।



विसर्जन के दौरान महामाई का आशीर्वाद लेते भक्त।



तालग्राम में शोभायात्रा पर पुष्पवर्षा करते चेयरमैन।

**तालग्राम चेयरमैन ने शोभायात्रा पर की पुष्पवर्षा** गुरसहायगंज। नगर पंचायत तालग्राम में मां दुर्गा सेवा समिति तालग्राम द्वारा मां दुर्गा की शोभायात्रा कस्बा में धूमधाम से निकाली गई। जिसमें चेयरमैन मोहसिन खान (जानू) ने माँ दुर्गा की शोभायात्रा में शामिल होकर पुष्पवर्षा की। उन्होने माथाटेक कर मां दुर्गा का आशीर्वाद भी लिया। शोभायात्रा में शामिल भक्तों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस मौके पर सभासद राजेश शर्मा, पंकज ठाकुर, अनुराग दुबे, विकास द्विवेदी, राजा चौरसिया, तौहीद हुसैन, आरिफखान, संतराम, आदि मौजूद रहे।

# भीषण युद्ध के बाद धराशाई हुआ रावण, हुई सत्य की जीत

**समिति के अध्यक्ष ने की राम की आरती वन्दना**

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के रामगंज स्थित रामलीला मैदान में श्री आदर्श रामलीला समिति पुरानी गल्ला मण्डी के तत्वाधान में शनिवार की देर शाम कलाकारों ने विजय दशमी के पर्व पर राम रावण युद्ध के मंचन के पश्चात बुराई का सर्वनाश किया। भगवान राम के द्वारा दशानन का वध किया गया।

इससे पूर्व रामलीला मंच से राम लक्ष्मण रथ पर सवार हुए और पूरे नगर का भ्रमण कर रामलीला मैदान पहुचे। जहां श्री आदर्श रामलीला समिति के अध्यक्ष उत्कर्ष गुप्ता, आशू वर्मा, मोहित गुप्ता, राजेश गुप्ता आदि ने श्री राम की आरती वन्दना की। इसके पश्चात प्रांगण में कलाकारों के बीच राम रावण युद्ध शुरू हुआ।

युद्ध की रोचकता को देखने के लिए नगर सहित ग्रामीणांचलों से विशाल जनसमूह उमड पड़ा। उत्सुकता से भरी भीड ने राम रावण युद्ध के मंचन को देख भूरि-भूरि प्रसंशा की। तत्पश्चात युद्ध में महानायक मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने रावण को एक के बाद एक तीरों से भेदकर धराशाई कर दिया और लंका नरेश दशानन का वध कर लोगों को असत्य पर सत्य की विजय का संदेश दिया। साथ ही उमड़े विशाल जनसमूह ने महानायक श्रीराम के अतुलनीय गुणों और आदर्शो का जीवन्त मंचन भी देखा। जबकि समिति के संरक्षक इन्द्र कुमार गुप्ता, अध्यक्ष उत्कर्ष गुप्ता ने रावण के पुतले में आग लगा कर दहन किया। वहीं रामलीला परिसर में सुबह से ही लगी दुकानों और बच्चों के खेल खिलौनों से मेले सा माहौल बन गया। रावण वध के उपरान्त लोगों ने दुकानों पर जमकर खरीदारी भी की।

इस दौरान दिलीप गुप्ता, मनोज अग्रवाल, अवधेश गुप्ता, सुशील गुप्ता पिन्टू, लक्ष्य जोशी, अमित गुप्ता आदि मौजूद रहे। तो वही सुरक्षा व्यवस्था में कोतवाल आलोक कुमार दुबे, कस्बा प्रभारी ज्ञानेन्द्र सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।



रावण दहन के बाद श्रीराम व लक्ष्मण स्वरुप के साथ मौजूद पदाधिकारी।

# भाकियू ने चलाया सदस्यता अभियान



मनोनीत पदाधिकारीयों को मनोनयन पत्र देते जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी।

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

**भाकियू टिकैत से जुड़कर मजबूत हो किसान नौजवान**

भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी के नेतृत्व में सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष ने सावित्री सिंह को ब्लॉक अध्यक्ष व सुनीता भदौरिया को जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया।

रविवार को ग्राम झूसी नागर में भारतीय किसान यूनियन टिकैत की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने कहा कि संगठित कार्यकर्ताओं व किसानों के सहयोग से ही संगठन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाए है। संगठन से ही लोगों से ही हम मजबूत होते हैं। कोई भी छोटा बड़ा काम संगठित होकर आसानी से सुलझाया जा सकता है। इससे पहले आयोजक देवेंद्र सिंह, राजू तोमर के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष डॉ. कुसुम चौहान आदि का जोरदार स्वागत किया गया। सदस्यता अभियान के दौरान 24 से अधिक लोगों ने भाकियू टिकैत की सदस्यता ग्रहण की। बैठक में जिलाध्यक्ष ने मो. मोहसिन को गुरसहायगंज नगर महासचिव मनोज कुमार पटेल को नगर उपाध्यक्ष मनोनीत किया। वहीं डॉ. कुसुम चौहान ने राधा सिंह तोमर को तालग्राम ब्लॉक उपाध्यक्ष, राधा सिंह भदोरिया को जिला संगठन मंत्री, देवकी भदोरिया को जिला सचिव, गीता तोमर को ब्लॉक संगठन मंत्री, सुनीता भदोरिया को जिला उपाध्यक्ष, रेखा भदोरिया को तहसील उपाध्यक्ष मनोनीत किया। सभी मनोनीत पदाधिकारी का कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उपेंद्र सिंह राजपूत, प्रमोद तिवारी, राजू तोमर, आजम इरशाद, अमन खान, जीतू यादव, राजा अनमोल सिंह चौहान, ऋषिकेश यादव, सुरेश यादव, सत्यम प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# कस्सावान के भूमि विवाद में मंडल आयुक्त से लगाई गुहार

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

मोहल्ला कस्बान विवादित जमीन का मामला टाल पकड़ता जा रहा है

अब यह मामला मंडल आयोग की अदालत में भी पहुंच गया है

सपा नेताओं ने मंडल आयुक्त को सौंप ज्ञापन में न्याय उचित कार्रवाई की गुहार लगाई है मुस्लिम पक्ष ने विवादित जमीन के आसपास सीसीटीवी कैमरे भी लगाए हैं समाजवादी योगदान सभा के प्रदेश सचिव राशिद फारूकी ने बताया कि मोहल्ला कसवा में वक्त की संपत्ति जिनका वक्त नंबर 318 फर्रुखाबाद अब नए जनपद कन्नौज में है उक्त संपत्ति मौजा असंत नगर परगना तहसील छिबरामऊ जनपद कन्नौज की गाटा संख्या 372 है जिसका रखवाला 40 डिसमिल है इसका पुराना घाटा संख्या 288 था उससे पहले 248 था उक्त संपत्ति नगर की आबादी नगर पालिका छिबरामऊ में आ गई आज आने के कारण उक्त संपत्ति नगर पालिका के अभिलेखों में संपत्ति संख्या 23 बेट 269 हो गया है नगर के वह माफिया और दबंग राजनेता अधिकारियों की मदद से सरकारी संपत्ति बढ़कर उक्त संपत्ति पर ट्रस्टी कारण कराकर मस्जिद कमेटी पर पुलिस व उप जिलाधिकारी द्वारा नाजायज दबाव बनाकर कब्जा करने की कोशिश की जा रही है जिससे शहर का माहौल खराब होने की संभावना है कमेटी ने जमीन पर सीसीटीवी कैमरे भी लगवा दिए हैं।

# अंग्रेजी भाषा में वाद विवाद रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता आयोजित

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

एसएन प्रधान फाउंडेशन के तत्वाधान से सिटी चिल्ड्रन एकेडमी में अंग्रेजी भाषा में वाद विवाद रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जनपद स्त्री इस प्रतियोगिता में कन्नौज से सेंट जेवियर सीनियर सेकेंडरी स्कूल जागरण पब्लिक स्कूल कानपुर पब्लिक स्कूल सरस्वती विद्या मंदिर तिर्वा जवाहर नवोदय विद्यालय अनोखी छिबरामऊ से सरस्वती विद्या मंदिर सेंड पॉल सीनियर सेक्रेटरी स्कूल विरेंद्र पब्लिक स्कूल दयाल पब्लिक स्कूल जेबी नेशनल हायर सेकेंडरी स्कूल सहित जनपद के प्रमुख विद्यालयों ने भाग लिया इस दौरान सीनियर वर्ग कक्षा 11 12 के विद्यार्थियों ने टेक्नोलॉजी इंच मेकिंग ह्यूमंस डिपेंड एंट नोट स्मार्टर विषय पर पांचवा विपक्ष में अपने विचार व्यक्त किए गए इसमें कानपुर पब्लिक स्कूल कन्नौज कि छात्रों का दबदबा रहा प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग कक्षा 9 व 10 में ऑनलाइन शॉपिंग इंच ग्रेड दिन ऑफलाइन शॉपिंग जैसे रोचक विषय पर विद्यार्थियों ने अपने-अपने तर्क दिए सीनियर वर्ग में कानपुर पब्लिक स्कूल कन्नौज की छात्रा निवृत्ति यादव ने प्रथम जागरण पब्लिक स्कूल कन्नौज की शाम भी दीक्षित ने द्वितीय तथा इसी विद्यालय की अनुष्का कटिहार ने तीसरा स्थान प्राप्त किया वहीं जूनियर वर्ग में सेंट पॉल सीनियर सेक्रेटरी स्कूल छिबरामऊ के छात्र आर्यन दीक्षित ने ने तीसरा स्थान प्राप्त किया रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता कक्षा 6 से 8 में द डे ए बेकेम इन बकल विषय अपने-अपने विचारों को लेखन के माध्यम से व्यक्त किया रचनात्मक लेखन प्रतियोगिता का परिणाम 26 अक्टूबर 2024 को घोषित किया जाएगा इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए संस्था केप्रबंधक प्रदीप प्रधान ने कहा कि शिक्षा के माध्यम से व्यक्त की सोच का विकास होता है उसकी ज्ञान की क्षमता एवं बौद्धिक क्षमता में भी वृद्धि होती है पशासिका सुधा प्रधान ने बच्चों का उत्साह गार्डन करते हुए उन्हें प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया सीईओ विश्वास प्रधान ने अपने संबोधन में कहा कि शब्दों की ताकत से हम समझ में बहुत बड़ा सकारात्मक परिवर्तन कर सकते हैं प्रतियोगिताओं से बच्चों का बौद्धिक विकास होता है तथा उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होता है मधु प्रधान ने प्रतियोगिता का उत्साह वर्धन किया अंत में शौक्षिणक प्रमुख प्रेमचंद नायक सामनायक राम यादव सलाहकार बीड़ी दीक्षित ने भी अपने विचार व्यक्त किया।



# बुराई पर अच्छाई की जीत होते ही जय श्री राम की गूंज

**छिबरामऊ कन्नौज।** विजय दशहरा के पाव पर पर वी पर्व तालग्राम चौराहा से राम रावण का युद्ध होते हुए रामलीला मैदान तक हुआ अंत में असत्य पर सत्य की जीत हुई।

विजयदशमी के पावन पर्व पर तालग्राम चौराहा से राम रावण रथ पर सवार होकर सेना के मध्य युद्ध होते हुए मुख मार्ग से रामलीला मैदान तक रथ और सेना पहुंची और रामलीला मैदान में घमासान युद्ध हुआ शहर के बीचो-बीच स्थित पोस्ट ऑफिस तिराए पर पूर्व अध्यक्ष राजीव दुबे प्रदीप कुमार मिश्रा देवकीनंदन मुन्ना विनोद कुमार दुबे सहित कई लोगों ने रावण की आरती कर रावण की पूजा अर्चना की असत्य पर सत्य की जीत होते ही रामलीला मैदान जय श्री राम के नारों से गूंज उठा राम की आरती करते रामलीला कामेटी के अध्यक्ष देवकीनंदन मिश्रा व चेयरमैन मनोज दुबे पूर्व चेयरमैन राजीव दुबे प्रबन्धक रामलीला के राजीव नयन त्रिपाठी, रजत त्रिपाठी, अनुराग त्रिपाठी, प्रेममुरारी दुबे विशाल दुबे व अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।





## वाहन से टकराई कार सात लोग घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** हाथरस थाना हसायन निवासी जितेंद्र पुत्र गिरिराज अपनी टैक्सी कार लेकर नोएडा से बिहार जा रहा था। कार में भोजपुर थाना नवादा मझौवा मौला बाग निवासी अमितेश सिंह, उनकी मां लीलावती, पुत्री रोशनी, रिंकी, रुपाली, ऋषभ व जीपी सिंह सवार थे। शनिवार की शाम कार तालग्राम के आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे के किमी. संख्या 162 के करीब पहुंची। तभी कार चालक जितेंद्र कुमार को नींद की झपकी आ गई। इससे कार बेकाबू होकर आगे चल रहे अज्ञात वाहन से टकरा गई। हादसे में लीलावती, रिंकी, रोशनी, रुपाली, अमितेश सिंह, जीपी सिंह, ऋषभ घायल हो गए। सहायक सुरक्षा अधिकारी आरपी कनौजिया ने सभी घायलों को कार से निकालकर यूपीडा एम्बुलेंस से मेडिकल कॉलेज तिर्वा भर्ती कराया।

# मां दुर्गा की भव्य शोभायात्रा शहर में निकाली गई, उमड़ा जन सैलाब

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नवरात्रि की नवमी की रात में मां दुर्गा की भव्य शोभा यात्रा पश्चिमी बाईपास से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्ग होते हुए मां कालका देवी मंदिर पहुंची

मां दुर्गा शोभायात्रा नवरात्रि की नौंवी की देर रात्रि मां दुर्गा की भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ पूर्व राज्य मंत्री विधायक श्रीमती अर्चना पांडे मां दुर्गा सेवा समिति के अध्यक्ष रमाकांत त्रिपाठी महामंत्री संदीप दुबे चेयरमैन मनोज दुबे विवेक दुबे ने आरती कर भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ किया शहर के मुख्य मार्ग होते हुए मां कालका देवी मंदिर सौरिख रोड पहुंची मुख मार्ग पर श्रद्धालुओं द्वारा प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया गया कानून व्यवस्था के लिए उप जिलाधिकारी पुलिस क्षेत्राधिकार प्रभारी निरीक्षक सहित भारी मात्रा में पुलिस बल मौजूद रहा। शहर में स्थापित की गई मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन ककरी तालाब पर श्रद्धालुओं द्वारा किया गया।



## खबरें एक नजर में

### घर लौट रहे बाइक सवार को ट्रैक्टर ने मारी टक्कर मौत

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** थाना इंदरगढ़ के ग्राम जिनौठा निवासी संजय कुमार उर्फनंदलाल संखवार (32) पुत्र झब्बूलाल शनिवार देर शाम तालग्राम क्षेत्र के गदनापुर से अपने साढ़ू से मिलकर घर लौट रहा था। तभी ताहपुर चौराहे के पास ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे बाइक सवार संजय कुमार उर्फनंदलाल संखवार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को एम्बुलेंस से मेडिकल कॉलेज तिर्वा भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। रविवार को उप निरीक्षक कामत प्रसाद पाल ने पंचनामा भरकर शव को पोस्मार्टम के लिए भेज दिया। मृतक बड़े भाई केशव कुमार से छोटा था। उसके दो पुत्र कृष्ण और कार्तिक है। पत्नी माधुरी पति की मौत से बेसुध है। मृतक मजदूरी कर घर का भरण पोषण करता था।

### मार्ग दुर्घटना में महिला सहित चार घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** थाना तालग्राम के ग्राम निकवा निवासी राजा (25) पुत्र बंटी गिहार रविवार की सुबह अपने दो अन्य साथियों के साथ बाइक से छिबरामऊ से घर लौट रहा था। तभी ग्राम पलिया निवासी शांति देवी पत्नी (38) राजीव कुमार को गांव समीप सड़क क्रॉस करते समय टक्कर मार दी। जिससे शांति देवी व बाइक चालक राजा घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने दोनों को एम्बुलेंस से सीएचसी तालग्राम भर्ती कराया। जहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर कर दिया गया। जबकि थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलाबाद निवासी पप्पू सविता (35) गांव के सत्यवीर (45) शनिवार की देर शाम सलेमपुर का मेला देखकर बाइक से घर लौट रहे थे। तभी तालग्राम-इंदरगढ़ मार्ग के रसूलाबाद तिराहा के पास अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी। इससे दोनों बाइक सवार घायल हो गए। दोनों घायलों को सीएचसी तालग्राम भर्ती कराया। जहां से मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर कर दिया गया।

### भूमि को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष में आठ घायल

**पूर्व प्रधान प्रतिनिधि ने छह के विरूद्ध दर्ज कराई रिपोर्ट**

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** भूमि विवाद को लेकर शनिवार की शाम ग्राम भवानीपुर में दो पक्षों के बीच गाली गलौज के बाद जमकर मारपीट हुई। इसके बाद दोनों पक्षों ने धारदार हथियार से एक दूसरे पर हमला कर दिया। मामले का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। मारपीट में दोनों पक्षों से लगभग आठ लोग घायल हो गए। घायलों को नगर के सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां चार गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पूर्व प्रधान प्रतिनिधि ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अनौगी के मजरा भवानीपुर स्थित 16 बीघा भूमि पर स्वामित्व को लेकर शनिवार की शाम लगभग 04 बजे पूर्व प्रधान प्रतिनिधि महेन्द्र सिंह बघेल व अपेक्षा सिंह की ओर से पहुंचे तमाम लोगों के बीच गाली गलौज हुई। इसके बाद दोनों पक्षों के लोग एक दूसरे पर हमलावर हो गए। लाठी, डंडे, खुरपी आदि से मारपीट हुई और दोनों पक्षों से कई लोग लहूलुहान हो गए। घटना को देख स्थानीय लोगों में भय व्याप्त हो गया। आनन फानन सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को कोतवाली ले आई। जहां पुलिस ने घायलों महेन्द्र सिंह बघेल, भूपेन्द्र प्रताप सिंह, रविन्द्र प्रताप, रघुराज सिंह, आशा देवी, अपेक्षा सिंह, ओमपाल सहित एक अन्य को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार के लिए भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने चार गंभीर घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। मामले में पूर्व प्रधान प्रतिनिधि महेन्द्र सिंह बघेल ने अपेक्षा सिंह, गुड्डी देवी, गीता देवी, सत्यम, सुंदरम, रामजी उर्फहर्ष के विरूद्ध मारपीट करने, धारदार हथियार से हमला करने व धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कोतवाल आलोक कुमार दुबे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# जिस घर में होता नारी का सम्मान सुख समृद्धि वहीं आती : पं. जगमोहन

**बिजवाहा के बाबा आश्रम पर हो रहा श्रीमद् भागवत का आयोजन**

**कुठौंद (जालौन), समृद्धि न्यूज।** ग्राम विजवाहा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के दौरान भागवताचार्य पंडित जगमोहन त्रिपाठी ने माता अनुसुइया के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए प्रत्येक घर में सुख समृद्धि नारी का सम्मान नारी सशक्तिकरण उत्तम संस्कारों पर बल देकर लोगों को सद मार्ग पर चलने की शिक्षा प्रदान की। ग्राम विजवाहा में बलवान बाबा के द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा पुराण के दिन भागवत आचार्य ने कहा माता अनुसूइया ने अपने तपोवल के प्रभाव से छोटे-छोटे ललना बना करके पलना में झुला दिया था यह उनके त्याग तपस्या का परिणाम था। आज के दौर में माताएं बहने अपने धर्म से विमुख, होकर पाश्चात्य संस्कृति की ओर बढ़ रही है जिससे वर्तमान में संस्कारों का अभाव देखा जा रहा है। जहां संस्कारों का अभाव होता है वहां पर अशांति कलह, क्लेश मेंबढ़ोतरी होती है। और जहां पर संस्कार हैं वहां पर ऋद्धियां सिद्धियां आकर के उस परिवार की उन्नति में सहायक बनती हैं। आज के बच्चों को संस्कार देना परम आवश्यक हो गया है संस्कारों के अभाव में आज का नौनिहाल अपना भविष्य बर्बाद कर रहा है बच्चों के हाथों में जहां मां सरस्वती की कृपा अर्थात पुस्तक होनी चाहिए वहां पर आज मोबाइल ही मोबाइल दिखाई देते हैं जिससे स्वस्थ समाज की कल्पना करना पूरी तरह से निरर्थक है। उन्होंने नारी समाज नारी उत्थान पर विशेष बल देकर लोगों को कई प्रकार से समझाया कथा श्रवण के दौरान भक्तजन भक्ति गंगा मेंझूमते हुए नजर आए।

# बैंडबाजों की धुनों के साथ देवी प्रतिमाओं का भक्तों ने किया विसर्जन

**समाजसेवियों ने जगह-जगह शर्बत पिलाकर किया स्वागत**

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

नगर तथा क्षेत्र में स्थापित सभी देवी प्रतिमाओं को द्वारिकाधीश मंदिर के प्रांगण में एकत्रित कर नगर के विभिन्न रास्तों से निकाला गया। जिससे पूरा नगर जय माता दी के जयकारों से गूंज रहा था।

महिलाऐं और नवयुवक बैंड बाजों की धुनों पर सड़कों पर थिरकते हुए निकल रहे थे। समाजसेवीजनों ने जगह-जगह पानी, शर्बत पिलाकर शोभा यात्रा में चल रहे भक्तों का गला तर किया। इसके अलावा भंडारे का भी आयोजन किया गया। इसके बाद देवी विसर्जन का जुलूस ग्राम नारायणपुरा के पास स्थित तालाब में विसर्जन के लिए रवाना हुआ।

नगर तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित सभी मूर्तियों को सर्वप्रथम नगर के बीचों बीच स्थित द्वारिकाधीश मंदिर के प्रांगण में एकत्रित किया गया। जहां नवदुर्गा समिति द्वारा प्रत्येक को क्रमांक वितरित कर उसी क्रम में चलने को भी कहा गया। देवीजी शोभायात्रा द्वारिकाधीश मंदिर से प्रारंभ हुई जो झंडा चौराहा, बस स्टैंड, तहसील रोड से कोतवाली रोड होते हुए देवनगर चौराहे से डाकघर, कांजी हाउस, पानी की टंकी, सब्जी मंडी, छोटी माता मंदिर होते हुए सहावनाका से सीधे ग्राम लौना के पास स्थित तालाब में विसर्जन के लिए रवाना हुई। पूरे नगर में शोभा यात्रा के दौरान अबीर, गुलाल एवं प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर जयमाता दी के जयकारों से पूरा नगर गूंज रहा था। कई देवीभक्त डीजे पर बज रहे देवी गीतों पर जमकर ठुमके लगा रहे थे। तो वहीं नवदुर्गा समिति के कार्यकर्ताओं ने शोभा-यात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था व शांति व्यवस्था बनाए रखने में पूर्ण सहयोग किया। एसडीएम विनय मौर्य, सीओ शैलेंद्र बाजपेई, कोतवाल वीरेंद्र पटेल, इंस्पेक्टर क्राइम जगदंबा प्रसाद दुबे शांति व्यवस्था की कमान संभाले हुए थे। देवी प्रतिमाओं के विसर्जन में ब्लॉक प्रमुख रामराजा निरंजन, जालौन सेवा समिति के अध्यक्ष रामशरण विश्वकर्मा, पुनीत मित्तल, पुष्पेंद्र सिंह यादव, सोनू चौहान, महेंद्र पाटकर, लालन ताम्रकार आदि मौजूद रहे।



# राम-रावण युद्ध का रामलीला महोत्सव में कलाकारों ने किया जीवंत अभिनय

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

श्रीरामलीला महोत्सव 2024 में रावण वध की लीला का मंचन किया गया। कुंभकर्ण, मेघनाथ एवं अहिरावण के वध के बाद रावण के वंश के लगभग सभी योद्धा समाप्त हो चुके थे, जिससे रावण ने स्वयं युद्ध में जाने की घोषणा की, लेकिन राज दरबार के लोगों ने बताया कि वर्षों पहले रावण का एक पुत्र मूल नक्षत्र में हुआ था, उसे नदी में बहा दिया गया था। जिसे सभी नारांतक के नाम से जानते हैं।

रावण ने जब नारांतक को संदेश भिजवाया तो नारांतक पूरी सेना लेकर लंका पहुंचा और अपने पिता रावण से कहा कि हे पिताश्री आपने भले ही मूल में पैदा होने से मुझे त्याग दिया था, लेकिन वंश की रक्षा के लिए वह राम-लक्ष्मण से युद्ध करेगा। भले ही उसे अपने प्राण क्यों न न्योछावर करना पड़े। इसके बाद नारांतक युद्ध में पहुंचा तथा राम-लक्ष्मण से घमासान युद्ध किया, लेकिन वरदान प्राप्त होने से राम-लक्ष्मण नारांतक का वध नहीं कर सके। तब श्रीराम की सेना में शामिल दधिबल ने नारांतक का वध किया। नारांतक के वध की खबर मिलते ही मानो रावण पर वज्राघात हुआ और क्रोध से तमतमाए रावण ने पूरी सेना के साथ राम लक्ष्मण के साथ युद्ध की घोषणा कर दी। रण क्षेत्र में श्रीराम एवं रावण का घमासान युद्ध हुआ तथा रावण द्वारा शिवभक्ति एवं घोर तपस्या से प्राप्त एक से बढ़कर एक मारक शस्त्रों का प्रयोग किया। जब श्रीराम एवं लक्ष्मण के तमाम प्रयासों के बावजूद रावण का वध नहीं हो सका तो श्रीराम निराश हो गए। ऐसे कठिन समय में रावण के भ्राता विभीषण ने श्रीराम को गोपनीय जानकारी दी कि रावण की नाभि में अमृत होने से वह मारा नहीं जा सकता। यदि बाण से नाभि पर प्रहार किया जाएगा तभी रावण का वध होगा। यह सुनकर श्रीराम ने रावण की नाभि पर बाण से प्रहार किया, जिससे रावण का वध हुआ।

लीला में श्रीराम संतोष दुबे, लक्ष्मण गणेश दुबे, हनुमान जी संतोष गुसाई, विभीषण उमेश दुबे, रावण प्रह्लाद, अहिरावण रमेश दुवे, मकरध्वज श्याम जादौन, अंगद प्रिंस चतुर्वेदी, जामवंत विजय पोल ने कुशल अभिनव किया। नृत्यकार तितली रानी ने नृत्य के माध्यम से मनोरंजन किया तो बबलू दीवाना ने हास्य के माध्यम से लोगों को हंसाया।



## मजदूर दंपति को बाइक ने मारी टक्कर हुये घायल

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** मजदूरी करने जा रहे दंपति की बाइक में अनियंत्रित कार चालक ने टक्कर मारी। हादसे में दंपति गंभीर रूप से हुये घायल। राहगीरों की मदद से उन्हें सीएचसी पहुंचाया गया। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुरा निवासी दिनेश परिहार खेतों में मजदूरी का काम करता है। वह बाइक से एक किसान के खेत में तिल की फसल काटने पत्नी मोहिनी व आठ वर्षीय पुत्र दीक्षांत को बैठाकर खेत पर जा रहे थे। गांव से जैसे ही वह मुख्य सड़क पर आया तभी तेज रफ्तार से आ रहे कार के चालक ने अनियंत्रित होकर उनकी बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में जहां दंपति गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि उनका पुत्र दीक्षांत बाल बाल बच गया।

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी. आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़

# रावण का वध होते ही बुराई पर अच्छाई की हुई जीत

▸ आतिशबाजी के साथ रावण, कुंभकरण, मेघनाथ के पुतलों का हुआ दहन

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**


धूं-धूं कर जलते रावण, कुंभकरण व मेघनाथ के पुतले

ऐतिहासिक एवं पौराणिक धर्मस्थली कंपिल की रामलीला में अहंकार और बुराई का प्रतीक रावण मारा गया। अनाचार पर सदाचार की बुराई पर अच्छाई की जीत हुई। रावण वध के पहले लक्ष्मण को शक्ति लगने, लक्ष्मण मेघनाद युद्ध, कुंभकर्ण और मेघनाद वध के बाद राम रावण युद्ध और अंत में रावण वध का मंचन किया गया।

नगर के बाईपास मार्ग पर गौशाला के निकट रामलीला कमेटी कंपिल की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शनिवार को राम-रावण युद्ध का मंचन हुआ। कुंभकर्ण और मेघनाद वध के बाद रावण युद्ध के लिए आता है। राम और रावण के बीच घोर युद्ध होता है। राम के बाण से रावण के सिर और भुजाएं कट जाती हैं, लेकिन तुरंत ही दूसरे निकल आती हैं। तब विभीषण राम को रावण वध का उपाय बताते हैं। विभीषण बताते हैं कि रावण की नाभि में अमृत है। इस दौरान कपटी रावण के कई रूप देखने को मिले। लंबे चले युद्ध में भगवान राम ने आखिरकार रावण का वध कर डाला। इसके बाद आतिशबाजी के साथ रावण एवं कुंभकरण के विशाल पुतलों का दहन किया गया। तत्पश्चात विभीषण का राज्यभिषेक और भगवान रामए लक्ष्मण और सीता के अयोध्या वापसी दृश्य का मंचन हुआ। रामलीला तथा रावण का पुतला दहन देखने के लिए दर्शकों की खूब भीड़ जुटी। इस दौरान सीओ जय सिंह परिहार, थाना प्रभारी विश्वनाथ आर्या, पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। कमेटी अध्यक्ष बबलू शुक्ला, नन्हें मिश्रा, राजन मिश्रा, मोनू मिश्रा, महावीर यादव, नन्हे राठौर, सुरेन्द्र सैनी, ओमशक्ति सैनी, महेश शाक्य, सुधीर शाक्य ने सहयोग किया।

**रावण के पुतले की लकड़िया लेने के लिए रही अफरा-तफरी**

पौराणिक किवदंतियों के अनुसार श्रीराम सेना विजय के प्रतीक के रूप में लंका की राख अपने साथ लाई थीं। यही कारण है कि आज भी रावण के पुतले की अस्थियों (लकड़ियों) को घर लाया जाता है। साथ ही यह मान्यता भी प्रचलित है कि धनपति कुबेर ने जिस स्वर्ण लंका का निर्माण किया था उसका राख को घर की तिजोरी में रखने से स्वयं कुबेर का वास होता है। इसलिए घर में सुख्-समृद्धि के लिए आज तक रावण का पुतला जलने के बाद लकड़ियों को घर लाया जाता है। माना जाता है कि ऐसा करने से नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव कम हो जाता है।

# मारपीट में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**


मृतक का फाइल फोटो

रंजिश में युवक के साथ मारपीट कर दी। आरोपित युवक के घायल होने पर उसे रास्ते में छोड़कर भाग गए। स्वजनों ने फायरिंग की सूचना थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पीड़ति की तहरीर पर एक आरोपित के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया था। दस दिन बाद इलाज के दौरान युवक मौत हो गई। तहरीर के आधार पर सभी के खिलाफहत्या में मुकदमा तरमीम किया गया।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव चमननगरिया शादनगर निवासी छविराम बीते गुरुवार शाम बाजार करने सिवारा गया था। देर शाम वह बाइक से वापस घर लौट रहा था। उसी समय रास्ते में गांव निवासी कैलाश पहले से घात लगाए बैठा था। उसने लाठी डंडों से युवक पर हमला कर दिया। जिससे वह बाइक से उछलकर सड़क पर जा गिरा। आरोपित ने युवक को लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। युवक का सिर फट जाने से बेहोश हो गया। आरोपित मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने मामले की सूचना स्वजनों को दी। स्वजनों ने फायरिंग कर युवक को घायल कर देने की सूचना पुलिस को दी। आनन-फानन में मौके पर पहुंची पुलिस को मामला मारपीट का मिला। पुलिस ने घायल को सीएचसी कायमगंज भेज दिया। हालत गंभीर होने पर स्वजन युवक को सैफई ले गए। बारह दिन बाद इलाज के दौरान आगरा में युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार शाम मृतक का पीएम कराया। मौके पर पहुंचे सीओ जय सिंह परिहार ने गांव पहुंचकर स्वजनों से घटना के संबंध में जानकारी जुटाई। मृतक के पिता रामसेवक की तहरीर पर कैलाश, अरविंद, मृतक की पत्नी रीना निवासी चमन नगरिया, लाल सिंह, ज्ञान सिंह, नरपाल थाना सिकंदरपुर वैश्य जनपद कासगंज, मेवाराम निवासी अटैना थाना उसहैत जनपद बदायूं, मुनीश, धारा सिंह, अनार सिंह निवासी चमन नगरिया के खिलाफ मुकदमे को हत्या की धारा में तरमीम किया गया। थाना प्रभारी विश्वनाथ आर्या ने बताया पीड़ित की तहरीर पर मारपीट के मुकदमे को हत्या में तरमीम कर दिया गया है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# डांडिया व गरबा नाइट कार्यक्रम धूमधाम से सम्पन्न

▸ फिल्मी गीतों पर युवतियां व युवाओं ने खेला गरबा, पुलिस की रही कड़ी सुरक्षा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


डांडिया नृत्य करतीं युवतियां

वाईजेकेवीएस क्लब द्वारा सांस्कृतिक इवेंट डांडिया गरबा नाइट का आयोजन बढ़पुर स्थित मथुर मिलन गेस्ट हाउस में रंगारंग कार्यक्रम के साथ धूमधाम से सम्पन्न हुआ। सुरक्षा की दृष्टि से बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स लगाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायक मेजर सनीलदत्त व उनकी पत्नी अनीता द्विवेदी के अलावा नगर पालिकाध्यक्ष वत्सला अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोगों ने शिरकत की। देर रात तक पांडाल में गुजराती थीम सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ रंग बिरंगी लाइटों के बीच डांडिया व गरबा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मुख्य आयोजक संजीव बाथम ने बताया कि मिस एवं मिस्टर डांडिया, मिस डांडिया, बेस्ट ड्रेस के अलावा विभिन्न परिधानों के लिए प्रतियोगिता में भाग लेने वाले युवक व युवतियों को सम्मानित किया गया। बेस्ट डांडिया डांसर, बेस्ड गरबा डांस एवं डांसर व बेस्ट जोड़ी डांडिया व बेस्ट डांसर जोड़ी को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। परिवारिक माहौल में नवरात्रि के समापन अवसर पर डांडिया गरबा नाइट सीज-5 का आयोजन हुआ। संचालन वैभव सोमवंशी व शिवम सोमवंशी ने संभाली। आये हुए युवा व युवतियों को हाथ में स्टीकर व माथे पर तिलक लगाकर प्रवेश कराया गया। इस मौके पर जितेन्द्र सिंह, विमलेश मिश्रा के अलावा आयोजन समिति के सदस्य ऋषभ राजपूत, गौरव कश्यप, अर्पित गुप्ता, अतिश साध, लकी कनौजिया, काव्य साध, सुरजीत कुमार, सौरभ शुक्ला, मनीष वर्मा, आकाश चौधरी, राहुल दीक्षित, आशीष श्रीवास्तव, राहुल वर्मा, प्रदीप जायसवाल, विशाल राजपूत, अनिकेत बाथम, नीलेश बाथम, निर्दोष शुक्ला, विशाल कश्यप आदि लोगों ने व्यवस्था देखी। गरबा नाइट के दौरान कादरीगेट थानाध्यक्ष आमोद सिंह के अलावा बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स एवं महिला पुलिसकर्मी तैनात रहीं।

## चारा काटते समय किशोर के कटे दोनों हाथ


सीएचसी में भर्ती घायल किशोर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** चारा काटते समय मशीन से किशोर के दोनों हाथ कट गये। परिजन उसे सीएचसी में लेकर पहुंचे। जहां हालत गम्भीर होने पर उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव रानीपुर गौर निवासी आयुष कुमार उम्र 13 वर्षीय पुत्र ब्रजेश कुमार मवेशियों के लिए चारा वाली मशीन से चारा काट रहा था था, तभी अचानक उसके दोनों हाथ चारा काटने वाली मशीन में चले गये और दोनों हाथ कट गये। चीखने चिल्लाने पर आनन्द-फानन में परिजन 108 एम्बुलेन्स से कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया। जहाँ डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गम्भीर होने पर लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

# रावण का वध होते ही श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा मिलेट्री ग्राउंड

▸ आसमान में सतरंगी आतिशबाजी का नजारा देखते ही बना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


आतिशबाजी चलाते सदर विधायक, डॉ0 रजनी सरीन व सैन्य अधिकारी आदि

फतेहगढ़ रामलीला परिषद द्वारा विजय दशमी पर्व पर असत्य पर सत्य की जीत मनाते हुए दशानन के पुतला धूं-धूंकर जले। रावण, मेघनाथ, कुम्भकर्ण के पुतलों पर जैसे ही राम-लक्ष्मण के वाणों का प्रहार हुआ और पुतले धूं-धूंकर जलने लगे। मिलेट्री ग्राउंड पर श्रीराम जयकारों से मैदान गुंजायमान हो गया। राम-रावण युद्ध को देखते ही बन रहा था। मैदान में हजारों की संख्या में लोगों ने रामलीला देखी। सेना के अधिकारी व विभागीय अधिकारियों के अलावा विभिन्न दलों नेताओं एवं समाजसेवी व रामलीला परिषद के पदाधिकारियों से मिलेट्री ग्राउंड भरा रहा। आतिशबाजियों का नजारा देखकर दर्शक प्रशन्न हुए। सुरक्षा की दृष्टि से बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। इस मौके पर रामलीला परिषद के अध्यक्ष रवीश द्विवेदी, सदर विधायक मेजर सुनीलदत्त द्विवेदी, महामंत्री पंकज अग्रवाल, चमन टण्डन, विजय यादव, मुन्नालाल वर्ष्णेय, रवीन्द्र वैश्य, राजीव बाजपेयी, निशीत सक्सेना ने व्यवस्था संभाली। वहीं बीते दिन क्रिश्चियन ग्राउंड पर रावण के पुतलों का दहन हुआ। पुलिस अधीक्षक ने जैसे ही पुतलों पर बाण चलाया, पुतले जलने लगे। सरस्वती भवन से राम-रावण युद्ध होते हुए मुख्य मार्ग से क्रिश्चियन ग्राउंड पहुंचा। रास्ते में राधा-कृष्ण की झांकी के साथ डीजे की धुन पर नाचते-गाते हुए स्वरुप मेला परिसर पहुंचे। इस मौके पर जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह, एसपी आलोक प्रियदर्शी, सांसद मुकेश राजपूत, विधायक मेजर सुनीलदत्त द्विवेदी, जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता, सीओ सिटी एश्वर्या उपाध्याय, श्रीराम लीला मंडल की संरक्षक डॉ0 रजनी सरीन, अध्यक्ष लालजी टंडन, मंत्री दीपक सक्सेना, अनु शुक्ला, श्रीराम विविध कला केंद्र के निर्देशक मटर लाल दुबे, भइयन मिश्रा, प्रिंस शुक्ला, आदि मौजूद रहे।

## स्टेट लेविल की खो-खो प्रतियोगिता के लिए शिक्षक राजीव का हुआ चयन


स्टेट लेविल पर चयनित शिक्षक

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश परिषदीय विद्यालय की खो-खो प्रतियोगिता की निर्णायक चयन कमेटी में स्टेट लेविल पर नवाबगंज के शिक्षक का चयन हुआ। जिससे शिक्षा जगत में खुशी की लहर दौड़ गयी। नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज उम्मरपुर रोड निवासी शिक्षक राजीव राजपूत नवाबगंज विकास खंड की ही नगला कुम्हारी में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। जिनका चयन डॉक्टर भीमराव अंबेडकर राजकीय विद्यालय क्रीड़ा संस्थान अयोध्या के लिए किया गया जिसमें। अंडर 17, 18, 19 की बालक-बालिकाओं की खो-खो प्रतियोगिता में शिक्षक राजीव राजपूत का चयन होने से शिक्षा जगत से लेकर उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। पूरे जिले में इकलौते शिक्षक का खो-खो प्रतियोगिता में चयन होने पर शिक्षक के आवास पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। जिससे शिक्षकों में भी खुशी की लहर दौड़ गई। वहीं खंड शिक्षा अधिकारी ने भी फोन द्वारा शिक्षक को बधाई संदेश भेजा।

## वाहन को बचाने में ट्रैक्टर ट्राली बिजली के पोल से टकराकर पलटी

**पोल टूटने से कई गांवों की बिजली व्यवस्था हुई ध्वस्त**

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** वाहन को बचाने के चक्कर में अनियत्रित ट्रैक्टर ट्राली बिजली के पोल से टकराकर पलट गयी। जिससे बिजली व्यवस्था ठप हो गयी। जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र के मोहल्ला इमली दरवाजा निवासी चालक अनस ट्रैक्टर ट्राली में माल भरकर शमसाबाद जा रहा था। फैजबाग-शमसाबाद मार्ग पर स्थित एक एक गैस एजेंसी के निकट गुजरते समय अचानक सामने आए एक अन्य वाहन को बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर ट्रॉली अनियंत्रित हो गई और बिजली के पोल से टकराकर पलट गई। इस दुर्घटना में जहा ट्रैक्टर ट्राली पलट गई, वहीं दूसरी ओर हाइटेंशन विद्युत लाइन का पोल भी टूट गया। बिजली का पोल टूटने से कई गांव अंधेरे में डूब गये। घटना की सूचना के बाद मौके पर तमाम लोगों की भीड़ लग गई, हालांकि इस घटना में ट्रैक्टर चालक अनस सुरक्षित बच गया। बताते हैं शमशाबाद नगर के मोहल्ला ब्लॉक रोड निवासी अनमोल की लकड़ी मंडी में दुकान है। वहीं चालक अनस सामान लेकर जा रहा था। बताते हैं ट्रैक्टर ट्राली में चूना, पेंट, पुट्टी आदि सामान था। अचानक गुजरते समय सामने आए एक वाहन को बचाने के चक्कर में ट्रैक्टर ट्राली पलट गई। दुर्घटना की सूचना बिजली विभाग के कर्मचारियों को भी दे दी गई। वहीं दूसरी तरफ पुलिस को भी अवगत करा दिया गया था। समाचार लिखे जाने तक कार्यवाई जारी थी।

# किसान यूनियन नेताओं ने महापंचायत को लेकर किया बैठक का आयोजन

▸ भाकियू लोक शक्ति के प्रदेश अध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने मनाया जन्मदिन

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**


केक काटते भाकियू लोक शक्ति के पदाधिकारी

भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति की बैठक का आयोजन नवीन मंडी समिति कायमगंज में किया गया। इस दौरान 21 अक्टूबर को कानपुर में होने वाली महापंचायत को लेकर किसान नेताओं ने रणनीति बनाई व महा पंचायत को सफल बनाने हेतु अपने-अपने विचार व्यक्त किए। किसान नेता अजीत पटेल ने कहा कि किसी किसान को कोई समस्या उत्पन्न हो रही हो तो वह उनसे संपर्क कर लें। उसकी समस्या का तत्काल प्रभाव से समाधान कराया जाएगा।

जिलाध्यक्ष दीपू राठौर ने कहा कि किसी भी किसान का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। वहीं किसान नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष अनुराग गुप्ता (लाल बेटा) का जन्म दिन भी मनाया।

किसान नेताओं ने केक काटकर प्रदेश अध्यक्ष के दीर्घायु होने की कामना कर मिष्ठान वितरण कर एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। कार्यक्रमम की अध्यक्षता दीपू राठौर ने की ब संचालन धर्मेंद्र मिश्र ने किया। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष अजीत पटेल, ज्ञानेश, कायम अली, नितिन गंगवार, अंकित गंगवार, युग अवस्थी, संजय कुमार, शिवकांत, रविकांत, ओम प्रकाश, राजकुमार, रवि जाटव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# यू.पी. बोर्ड की परीक्षा में उत्तर पुस्तिकाओं की प्रिटिंग, रंग और डिजायन में किया गया बदलाव

**फर्रुखाबाद/लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**




▸ परीक्षा में नकल माफिया के मंसूबों को ध्वस्त करने को यू.पी. बोर्ड ने कसी कमर

उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद ने वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षा मे नकल माफियाओं के मंसूबों पर नकेल कसने की तैयारी शुरु कर दी है। नकल माफिया बाहर से लिखकर कॉपी जमा न कर पायें इसके लिए बोर्ड ने उत्तर पुस्तिकाओं की डिजायन को लेकर बड़ा बदलाव किया है। इससे पुरानी उत्तर पुस्तिकाओं का उपयोग नहीं हो सकेगा।

शिक्षा विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक बोर्ड परीक्षा में उत्तर पुस्तिकाओं के कवर पेज पर छात्र-छात्राएं अपना अनुक्रमांक वर्गाकार गोले में लिखेंगे। पिछले वर्षों की परीक्षा में परीक्षार्थी अनुक्रमांक सादे स्थान पर लिखते थे। बार कोड और मोनोग्राम का स्थान बदलने के साथ ही कॉपियों के कवर पेज पर अंकित विवरणों के रंग को भी बदल दिया गया है। फरवरी 2025 में होने वाली यू.पी.बोर्ड की परीक्षा की सामान्य तैयारी यूं तो फार्म भरने के बाद से शुरु हो जाती है और पूरे सत्र भर चलती रहती है। परन्तु इस वर्ष बोर्ड ने नकल माफियाओं के मंसूबों पर पानी फेरने के लिए अभी से कमर कस ली है। इसी क्रम में बोर्ड ने उत्तर पुस्तिकाओं की डिजायन और प्रिंटिंग ही बदल दी है। उत्तर पुस्तिकाओं का कलेवर ही बदल जाने से पुराने पैटर्न का कॉपियां इस्तेमाल नहीं हो सकेंगी। जो नकल माफियाओं के लिए सबसे बड़ा हथियार थीं। हाईस्कूल की परीक्षा में 27,51,140 तथा इन्टर में 26,98,446 छात्र-छात्रायें पंजीकृत हैं। परीक्षा के मुताबिक यू0पी0 बोर्ड के सचिव भगवती सिंह जहां केंद्र निर्धारण, कड़े मानकों पर परीक्षण कराने के साथ करने जा रहे हैं, वहीं परीक्षा की अवधि की व्यवस्थायें भी चाक चौबंद की जा रही हैं।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की प्रदेश कार्य समिति के वरिष्ठ सदस्य लालाराम दुबे एवं नरेंद्र पाल सिंह सोलंकी ने बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं की प्रिंटिंग के संबंध में उठाये गये नये कदमों की सराहना की है। शिक्षक नेताओं ने उम्मीद जाहिर की कि इससे नकल माफियाओं के मंसूबों पर पानी फिर जायेगा तथा नकल की दुष्प्रवृत्ति पर भी अंकुश लगेगा।

# गैस प्लांट के कर्मचारी को बोलेरो ने मारी टक्कर, मौत

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**


मृतक का फाइल फोटो

गैस प्लांट से ड्यूटी करके घर जा रहे कर्मचारी की साइकिल में बुलेरो ने टक्कर मार दी। जिससे कर्मचारी की मौत हो गयी।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव सकवाई निवासी संदीप दुबे गैस प्लांट पर नौकरी करता है। वह रविवार को साइकिल से गैस प्लांट में ड्यूटी करने जा रहा था। डियूटी कर वापस लौटते समय नगला बीच जूनियर हाईस्कूल के सामने फतेहगढ़ की तरफसे आ रही बोलेरो चालक ने साइकिल में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे संदीप दुबे गंभीर रूप से घायल हो गया। संदीप को परिजन आनन-फानन में लोहिया अस्पताल ले गए। जहां डाक्टर ने संदीप को मृत घोषित कर दिया। बोलोरो दुर्घटना के बाद रोहिला चौराहे से नवाबगंज रोड की तरफ भाग रही थी, तभी गैस सिलेंडर ले जा रहे ट्रक चालक तथा बुलेरों चालक से मारपीट हो गई तथा ट्रक चालक की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। रोहिला अंडर पास के निकट पुलिस ने बुलेरो को अपने कब्जे में ले लिया। बुलेरो सवार चार व्यक्ति पुलिस हिरासत में है। जिसमें दो नाबालिग हैं। चालक शराब के नशे मे था। बोलेरो के अंदर पानी, सिगरेट, नमकीन, गिलास पड़े थे। मृतक के दो पुत्री हैं। काशी और कीर्ति। मृतक की पत्नी हेमा एवं मां विमला का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक चार भाइयों में तीसरे नंबर का था। एसआई आशू यादव ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# जयपुर में भट्टे पर मजदूरी कर रहे मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**


मृतक का फाइल फोटो

राजस्थान प्रांत के जयपुर भट्टे पर नौकरी करने वाले मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। शव घर आने पर कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव कांधेमई निवासी प्रेम सिंह पुत्र मनोहर लाल शाक्य राजस्थान के जिला जयपुर के हनुमानगढ़ भट्टे पर अपने ससुरालीजनों के साथ मजदूरी का कार्य करता था। जिसकी बीते दिन वहां मौत हो गई। मौत की सूचना पाकर परिजन घटनास्थल के लिए रवाना हुए, लेकिन तब तक शव को ससुरालजनी मृतक की पत्नी मृतक के शव को लेकर घर पर आ गए। मृतक पुत्र के शव को देखकर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी मधु तथा दो पुत्री व दो पुत्रों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं मृतक के छोटे भाई ने मृतक के शव पर चोटों के निशान देखकर बताया कि मृतक की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है। जिसके संबंध में तहरीर थाना पुलिस को दी गयी। तहरीर के आधार पर थाना अध्यक्ष बलराज भाटी के निर्देश पर हलका इंचार्ज इंद्रजीत सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच पड़ताल की तथा शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई की। वहीं परिजनों ने किसी व्यक्ति के ऊपर अभी कोई आरोप नहीं लगाया है। थाना पुलिस ने बताया की फौती तहरीर दी गई है जिस पर पंचनामा की कार्रवाई की गई है। यदि परिजन किसी के विरुद्ध तहरीर देते हैं तो मामले की जांच पड़ताल कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल घटनास्थल थाना क्षेत्र का न होकर राजस्थान के जिला जयपुर का है। मृतक की मां रेखा देवी का भी रो-रोकर बुरा हाल हो रहा है।

# भैंस व्यापारी से हुई एक लाख पांच सौ रुपए की लूट, पुलिस मान रही संदिग्ध

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**


घटनास्थल पर मौजूद पुलिस व पीड़ित

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कटैया निवासी राम नरेश नट का पुत्र अशोक नट भैंसों की खरीद फरोख्त करता है। 12 अक्टूबर को छिबरामऊ में उसने एक लाख पांच हजार की दो भैंसें तथा दो पड्डा बेचे थे। जिसमें वह अपनी पत्नी को 4500 रुपए देकर बाजार आया था। बकरी मंडी में उसने बिरयानी खाई तथा वह सिरोली भैंस खरीदने जा रहा था। रोहिला अंडर पास के पश्चिमी गेट पर दो अज्ञात व्यक्ति बिना नंबर की काली अपाचे बाइक से आए और छिबरामऊ जाने का रास्ता पूछने लगे।

पीड़ित ने उन्हें पीछे जाने को कहा कि आप आगे निकल आये हैं। फिर उसमें से एक अज्ञात व्यक्ति ने नवाबगंज का रास्ता पूछा। पीड़ित ने सामने की तरफ इशारा करके बताया, तभी एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे पीछे से पकड़ लिया और उसकी कनपटी पर तमंचा लगाकर जेब से एक लाख पांच सौ रुपए निकाल लिए तथा पीड़ित की गाड़ी की चाबी तथा मोबाइल छीनकर दूर फेंक दिया। पीड़ित ने दौड़कर वहां मवेशी चरा रहे चरवाहों को घटना की सूचना दी। इसके बाद पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

घटनास्थल से कुछ दूरी पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ल तथा एसओजी की टीम ने खंगाला तथा जांच पड़ताल की। कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार शुक्ल ने बताया पिकअप चालक ने बताया की वह एक भैंस तथा दो पड्डे लेकर गया था। उसमें उसके भाई के जानवर थे तथा भाई मौके से फरार है। मामला संदिग्ध लग रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना सही पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

# अनियंत्रित ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर

▸ दुर्घटना के बाद चालक ट्रैक्टर छोड़ मौके से फरार

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कायमगंज-फर्रुखाबाद मार्ग पर शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम दलेलगंज के निकट एक ट्रैक्टर तथा बाइक सवार की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के संबंध में बताया गया है बाइक चालक पंकज कुमार उम्र 20 वर्ष बहन रंगोली की दवा देने के लिए फर्रुखाबाद गया था। वहां से वापस लौटते समय ग्राम दलेलगंज के निकट कायमगंज से फर्रुखाबाद की ओर जा रहे एक अनियंत्रित ट्रैक्टर के चालक ने लापरवाही से चलाकर बाइक में टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना की सूचना के बाद जब तक ग्रामीण मौके पर पहुंचे तब तक ट्रैक्टर चालक ट्रैक्टर छोड़ मौके से फरार हो गया था। दुर्घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनीत यादव ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी। जिस पर चौकी प्रभारी फैजबाग जितेंद्र कुमार पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे तथा दुर्घटना की जांच पड़ताल करते हुए क्षतिग्रस्त बाइक तथा ट्रैक्टर आदि को कब्जे में ले लिया। बताते हैं ग्रामीणों ने डायल 108 नंबर पर कॉल कर एंबुलेंस को आने की सूचना दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची एंबुलेंस जिसके सहारे गंभीर रूप से घायल बाइक सवार युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शमशाबाद भेजा गया। जहां चिकित्सक द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल युवक को गंभीर अवस्था में लोहिया अस्पताल रफर कर दिया गया। दुर्घटना की सूचना पर बहन रंगोली लोहिया अस्पताल पहुंची। यहां से भी गम्भीर रूप रुप से घायल युवक को उपचार हेतु कानपुर रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष शमशाबाद तरुण सिंह भदौरिया ने बताया दुर्घटना की सूचना मिली थी। पुलिस को भेजा गया था। दुर्घटना को अंजाम देने वाले वाहन ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया गया। उन्होंने बताया दुर्घटना की तहरीर नहीं दी गई। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## नवदुर्गा के अंतिम दिन जगह-जगह हुए भंडारे


प्रसाद वितरण करते भक्तगण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवदुर्गा के आखिरी दिन कस्बे में जगह-जगह भंडारे का आयोजन किया गया। साथ ही प्रसाद का वितरण किया गया।

कस्बा नवाबगंज में नवदुर्गा के आखिरी दिन कई जगह भंडारों का आयोजन किया गया। भक्तों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही नवदुर्गा महोत्सव विराम को प्राप्त हो गया। जिन्होंने पांडाल लगाकर मां दुर्गा की मूर्ति स्थापित की थी, उस मूर्ति को पूरे श्रद्धाभाव से भक्तों ने गंगा घाट पहुंचकर भूविसर्जित किया। इस दौरान भक्तों ने जमकर अबीर गुलाल उड़ाया। जिनसे सड़कें लाल हो गयीं। कस्बे के अलग-अलग मंदिरों से अलग-अलग शोभायात्राएं निकाली गयीं। वहीं अलग-अलग जगह पर भंडारों का आयोजन किया गया। कस्बे के अचरा रोड पर पूर्व प्रधान प्रदीप, सतीश पाठक, बिल्डर रोहित यादव, पिंटू विनय शर्मा, नाजिम अल्वी कबाड़ी वाले, नीरज शर्मा तथा दर्जनों की संख्या में भक्तगणों मौजूद रहे।

# युवा क्षत्रियों को अग्निवीर योजना से जुड़ना चाहिए : सहकारिता मंत्री

**क्षत्रिय महासभा द्वारा शस्त्र पूजन, मेधावी एवं सजातीय बंधुओं का हुआ सम्मान**



सहकारिता मंत्री को सम्मानित करते संगठन के पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

क्षत्रिय महासभा के बैनर तले विजयदशमी पर्व, शस्त्र पूजन व सम्मान समारोह बघार स्थित क्षत्रिय भवन राजपूताना पब्लिक स्कूल के निकट मनाया गया। कार्यक्रम में एक दर्जन मेधावियों और एक दर्जन वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया गया। अध्यक्षता श्रीपाल सिंह सोमवंशी ने की। संचालन वैभव सोमवंशी ने किया।

मुख्य अतिथि प्रदेश के सहकारिता राज्य मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि विजयदशमी असत्य पर सत्य की जीत है। समाज के युवा दस चीजों काम, क्रोध, मद, लोभ, मोह, हिंसा को छोड़ दे तो युवा समाज के लिए बहुत बड़ी भूमिका अदा कर सकते हैं। युवा विद्या के साथ विवेक, बुद्धि का प्रयोग कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने ऐसी कई योजनाएं चलाई हैं, जिससे हम उद्योग स्थापित करके लोगो को नौकरी दे सकते हैं। युवा क्षत्रियों को अग्निवीर योजना से जुड़ना चाहिए, क्योंकि क्षत्रियों ने हमेशा देश रक्षा का काम किया है। महासभा के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राठौर ने कहा कि क्षत्रिय सभा भवन के लिए यह भूमि मैने दान में दी, तब क्षत्रिय भवन बन सका। हरवर्ष सामूहिक विवाह भी कराता हूं। मेधावी बच्चों को सम्मानित किया जाता है। लोकतंत्र में संख्या बल ही मुख्य माना जाता है, हमे एकजुट रहना होगा। 2016, 17 में महाराणा प्रताप की शोभायात्रा भी निकालना शुरू किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय विधायक समाज के लिए बिल्कुल भी सहयोग नहीं कर रहे हैं। समाज का एक युवा 20 करोड़ का लोन लेकर ई-रिक्शा बनाकर लोगों को रोजगार दे रहा है।

कार्यक्रम को राष्ट्रीय संगठन मंत्री डीएस राठौर, प्रदेश महामंत्री यशपाल सिंह राठौर, रणवीर सिंह परिहार, बदले सिंह चौहान, सत्यपाल सिंह, श्रीपाल सिंह सोमवंशी व प्रदेश सचिव अनिल सिंह राठौर, संयोजक उदय प्रताप सिंह ने भी संबोधित किया। हाईस्कूल, इंटर मीडियट, स्नातक के दो दर्जन मेधावियों को सम्मानित किया गया। लगभग एक दर्जन शिक्षक, उद्यमी, कृषक सहित एक दर्जन वरिष्ठ नागरिकों को मंत्री ने सम्मानित किया। जिसमें क्षत्रिय गौरव सम्मान से ब्लाक प्रमुख डा0 पल्लव सोमवंशी, केपी सिंह, श्रीपाल सिंह, सुखदेव सिंह मुन्ना, दुर्गेश सिंह, अरुण सिंह परिहार, महेश पाल सिंह उपकारी, अमित राठौर, प्रशांत सिंह, सत्यपाल सिंह प्रगल्भ, रामवीर सिंह गौर सम्मानित हुए। इस मौके पर जिला अध्यक्ष राम बहादुर सिंह राठौर, महामंत्री ब्रजेश सिंह परिहार, भाजपा जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता, युवा क्षत्रिय जिलाध्यक्ष आशुतोष सिंह, करणी सेना के जिलाध्यक्ष मंथन ठाकुर, सुमन राठौर, देवेन्द्र सिंह, रविन्द भदौरिया, भूपेन्द्र प्रताप सिंह आदि लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# इंजाज अहमद सिद्दीकी बने राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

राज्य स्तरीय 68वीं माध्यमिक विद्यालय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए, आदर्श जनता इंटर कालिज रानूखेड़ा के शारीरिक शिक्षक इंजाज अहमद सिद्दीकी को मुख्य निर्णायक के रूप में नियुक्त किया गया है।

डॉ0 भीमराव अंबेडकर राज्य विद्यालय क्रीड़ा संस्थान अयोध्या के प्राचार्य हरवंश सिंह ने आदेश जारी किया है। जिसमें बताया गया है कि 15 से 19 अक्टूबर तक बरेली के राजकीय इंटर कॉलेज में राज्य स्तरीय अंडर-14, 17 व 19 बालक/बालिका वर्ग की वॉलीबॉल प्रतियोगिता होनी है।

प्रतियोगिता में आदर्श जनता इंटर कॉलेज रानूखेड़ा के शिक्षक इंजाज अहमद सिद्दीकी मुख्य निर्णायक की भूमिका का निर्वहन करेंगे। इससे पूर्व में भी वह विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में निर्णायक की भूमिका अदा कर चुके हैं।



इंजाज अहमद सिद्दीकी

जिला क्रीड़ा समिति ने हर्ष व्यक्त किया है। जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह, प्रबंधक उदय राज वर्मा, प्रधानाचार्य राकेश कुमार राजपूत, जिला क्रीड़ा सचिव अतुल दास, देवेंद्र कुमार, प्रवेश शाक्य, केशव गंगवार, सत्येंद्र सिंह, सुनील पाल, सुब्रत शाक्य, अर्जुन प्रताप सिंह, राहुल यादव, अनुराग पटेल, राकेश कुमार, अभिषेक अवस्थी, शुभम मौर्य, रजनीश शिवा, आरती यादव रितु मिश्रा, नेहा भारद्वाज, धनंजय सिंह, देवेश यादव, कुलदीप सिंह, प्रशुभ कुमार गुप्ता, अनिकेत कुमार आदि ने बधाई दी है।

## तमंचे के बल पर बाबा से लूट, दी नामदर्ज तहरीर

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** तमंचे के बल पर बाबा के साथ लूट के मामले में पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर नामदर्ज युवक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम निसाई निवासी बाबा रामगिरि ने पुलिस को तहरीर दर्शाया कि बीते 9 अक्टूबर की दोपहर वह अपनी बाइक से फर्रुखाबाद कुछ सामान खरीदने जा रहा था। गैसिंगपुर प्रेट्रोल पम्प पर अपनी बाइक में पैट्रोल डलवा कर थोड़ी दूर चला, तभी एक अज्ञात बाइक सवार जो पेट्रोल पम्प पर खड़ा था, उसने अपनी बाइक मेरी बाइक के आगे लगा दी और गोट से तमंचा निकालकर 15500 रुपये मेरे लूट लिये और धमकी देकर भाग गया। जब मैने इसकी जानकारी की तो पता चला कि रुपये लुटने वाले युवक का नाम रवि पुत्र रक्षपाल निवासी पट्टी खुर्द है। पीड़ित ने बताया कि वह पंचमुखी आश्रम में पूजापाठ करता है। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।

## 16 अक्टूबर को शपथ ग्रहण समारोह में दिल्ली जायेंगे यूथ कांग्रेस के पदाधिकारी



बैठक को सम्बोधित करते प्रभारी निर्भान सिंह

**फर्रुखाबाद/कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

यूथ कांग्रेस जनपद प्रभारी निर्भान सिंह ने सभी युवाओं से 16 अक्टूबर को नई दिल्ली में भारतीय युवा कांग्रेस के नवनियुक्त राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानू चिब के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में चलने का आवाह्न किया है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के शपथ ग्रहण में जनपद के यूथ कांग्रेस के पदाधिकारी दिल्ली जायेगें। दिल्ली में होने वाले कार्यक्रम में भीड़ जुटाने के लिए प्रभारी निर्भान सिंह ने युवाओं से कहा कि शपथ ग्रहण समारोह में बढ़-चढ़क युवा पहुंचे और प्रतिभाग करें। प्रदेश सचिव प्रभात यादव व यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अम्मार अली ने नगला दीना स्थित पार्टी कार्यालय पर कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए 16 अक्टूबर को दिल्ली चलने का आवाह्न किया। कार्यकर्ताओं ने निर्भान सिंह का फूल मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर शिवाशिष तिवारी, घनश्याम तिवारी, अर्जुन शर्मा, फैसल खान, आदिल खान, मेहराजुद्दीन, हर्षित कश्यप, इलियास खान, सत्य प्रकाश तिवारी, विपिन प्रजापति, शिवम मिश्रा आदि उपस्थित रहे। वहीं कायमगंज पहुंचकर जनपद प्रभारी निर्भान सिंह ने युवाओं को शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचने के लिए आवाह्न किया।

# हमारे भारत का सबसे मजबूत लोकतंत्र है : कुंअर हरिवंश सिंह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रतापगढ़ के पूर्व सांसद कुंअर हरिवंश सिंह ने कहा कि चीन ने उत्पाद के हर क्षेत्र में तरक्की की लेकिन वहा लोकतंत्र नहीं है और हमारे भारत में सबसे मजबूत लोकतंत्र हैं। अड़ानी द्वारा अच्छी टेक्नोलॉजी के लिए प्रशिक्षण पाने के लिए चीन भेजे गए इंजीनियरों के प्रश्न पर पूर्व सांसद हरिवंश सिंह ने कहा कि जहां अच्छे गुरु मिले, ज्ञान लेने के लिए वहां हमें पहुंचना चाहिए।

चीन की टेक्नोलॉजी शिक्षा बेहतर है और आज चीन ने हर उत्पाद क्षेत्र में तरक्की की है। उन्होंने बताया कि देश के विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग जातियां में रहने वाले करीब 17 करोड़ क्षत्रिय समाज के लोग हैं। विजयदशमी के परंपरागत त्योहार पर राम रावण युद्ध में रावण वध, बुराई पर अच्छाई सत्य की जीत से उनके आदर्शो पर चलने की प्रेरणा लेने का है। अपने आपको राम का वंशज बताते हुए पूर्व सांसद ने कहा कि आप सभी राजनीतिक दल किसी मामले को लेकर हमारे मां-बाप को गाली न दे।



वार्ता करते ठा0 हरिवंश सिंह व मौजूद अन्य

उन्होंने दावा किया कि आज भारत देश राम के आदर्शों पर चल रहा है, इसके अलावा विदेशों में भी राम के आदर्शो की पूजा होती है। उन्होंने कहा कि देश के सम्मान की रक्षा करना क्षत्रियों का काम है, लेकिन आज तलवार से नहीं बल्कि कलम से अच्छी शिक्षा पाकर डॉक्टर, इंजीनियर, अधिकारी बनकर ही देश के सम्मान को आगे बढ़ने से होगी।

इस अवसर पर सर्वेंद् कुमार अवस्थी, वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह राठौर, राष्ट्रीय महामंत्री राघवेंद्र सिंह उर्फ राजू, प्रदेश सचिव अनिल प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष रामबहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।



मरीजों का परीक्षण करते डा0 नवनीत गुप्ता व ज्योति गुप्ता

## सत्य सांई सेवा समिति के शिविर में 101 मरीजों का हुआ परीक्षण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सत्य सांई सेवा समिति के तत्वाधान में १०१ लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। ९५ मरीजों का बीएडी हड्डियों की मजबूती की जांच की गई। ६५ मरीजों का रक्त में शर्करा की जांच हुई। ज्यादातर मरीजों में कमजोर हड्डियों की पहचान हुई। डा0 नवनीत गुप्ता द्वारा ऐसे मेरीजों को आहार में दूध, दही, गोभी, साबुत चना, साबुत कुलथी, राजमा और सोयाबीन तथा अखरोट, बादाम, सूखा नारियल, तिल के बीज आदि को सम्मलित करने की सलाह दी गई। कार्यक्रम का शुभारम्भ धनवंतरी के पूजन के साथ महेश चन्द्र गुप्ता ने किया। डा0 ज्योति गुप्ता ने नेत्र परीक्षण कर दृष्टि दोष को दूर करने के लिए पोषक तत्वों से भरपूर आहार सेवन करने की सलाह दी। अध्यक्ष महेन्द्र गुप्ता द्वारा शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर महेश पाल सिंह, तेजस गुप्ता, अरुणा गुप्ता, अटल शुक्ला, मोहन शुक्ला, दीपक रंजन आदि लोग मौजूद रहे।

# रेलवे रोड का निर्माण जल्द न हुआ तो विकास मंच करेगा आंदोलन

**बैठक में बनी रणनीति, व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष रहे मौजूद**



बैठक को सम्बोधित करते आशीष मिश्रा भईयन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रविवार को रेलवे रोड निर्माण संबंधी बैठक का आयोजन स्वामी रामानंद बालिका इंटर कॉलेज रेलवे रोड पर आयोजित हुई। शहर के जागरूक नागरिक एवं युवाओं ने पहुंचकर फर्रुखाबाद के विकास के लिए हुंकार भरी। फर्रुखाबाद विकास मचं के जिलाध्यक्ष भईयन मिश्रा ने कहा कि पिछले ढाई वर्षो से रेलवे रोड टूटा पड़ा है, पर इसकी सुधि लेने वाला कोई नहीं है।

बड़ा दुर्भाग्य है कि सब जिम्मेदार लोग इस तरफसे उदासीन हैं। सारा रेलवे रोड का व्यापार चौपट हो गया है, व्यापारी परेशान है, रेलवे रोड के व्यापारियों का प्रतिष्ठान टूट गए। जिसमें कि उनकों करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ और नगर पालिकाध्यक्ष के द्वारा रेलवे रोड का निर्माण होना करना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है, पिछले कई दिनों से जागरूक लोगों के द्वारा और फर्रुखाबाद विकास मंच के द्वारा रेलवे निर्माण के लिए जोरदारी से आवाज उठाई जा रही है। जिलाधिकारी डा0 वीके सिंह के द्वारा रेलवे रोड निर्माण में रुचि ली गई और शासन से रेलवे रोड के लिए 6 करोड़ 20 लख रुपए स्वीकृत कर दिए हैं। जिससे कि रेलवे रोड का निर्माण होगा। इसी प्रकार से यदि हम सब लोग पूरी दमदारी से विकास के लिए एकजुट होकर आवाज उठाएंगे तो कोई भी कार्य असंभव नहीं है। विनीत अग्निहोत्री ने कहा कि रेलवे रोड के साथ जो सौतेला व्यवहार नगर पालिकाध्यक्ष के द्वारा किया गया वो बहुत गलत था। डीएम ने रेलवे रोड को बनवाने में व्यक्तिगत रुचि दिखाई, तभी शासन से पैसा स्वीकृत हुआ।

व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष संजीव मिश्रा बॉबी ने कहा की रेलवे रोड का निर्माण ईमानदारी के साथ हो, जिसमें कोई भी गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभासद अतुल शंकर दुबे ने कहा कि शहर के विकास के लिए हम हर संघर्ष और साथ देने के लिए तैयार है, मेरा लक्ष्य फर्रुखाबाद का विकास कराना है। सभासद कृष्ण कुमार शर्मा उर्फ नन्हे पंडित ने कहा शहर का विकास न हो पाना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है, नगर पालिकाध्यक्ष सिर्फ और सिर्फ पैसा बनाने में व्यस्त है शहर को नर्क बना दिया गया। इस अवसर पर अनुपम पुरवार, राजू गौतम, सुनील मिश्रा, विशाल दुबे, पंकज राठौर, कोमल पाण्डे, आकाश गुप्ता, हेमत सक्सेना, बृजेश राठौर, अश्विनी शुक्ला, पिंटू दुबे, राहुल जैन, सौरभ शुक्ला, अमन जैन, दीपक कटियार, मिथुन सिंह राठौर, हारुन खान, हाजी शादाब, विजय कुमार, संजू तिवारी, राम मिश्रा, अनिल द्विवेदी, मनोज दीक्षित, अशोक शाक्य, विवेक शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।



लीला का मंचन करते पात्र

## कुम्भकरण का वध होते ही लगे श्रीराम के जयकारे

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर में चल रही रामलीला के मंचन में रविवार को कुम्भकरण वध आयोजन कलाकारों ने किया। लीला में कुम्भकरण को नींद से जगाने के लिए राक्षसों को निरंन्तर प्रयास करना, लक्ष्मण के साथ मेघनाथ का भयंकर युद्ध होते देखकर दर्शकगण आश्चर्य में पड़ गए। वहीं राम के साथ कुम्भकरण का भयंकर हुआ। विभीषण के समझाने के बाद भी युद्ध के लिये कुम्भकरण युद्ध के मैदान में आया। उसके बाद भगवान राम ने ने युद्ध करते हुए कुंभकरण को स्वर्ग धाम पहुंचा दिया। दर्शकों ने जय श्रीराम के नारे लगाए। कलाकार कलाकारों द्वारा अद्भुत लीला का आयोजन किया गया। वहीं रात्रि में रामलीला कार्यक्रम के अंतर्गत कमालगंज चौराहे पर ऐतिहासिक आरती का आयोजन किया जाता है। जिसमें हनुमान अंगद छल-उछलकर, श्रीराम-लक्ष्मण, भरत शत्रुघ्न और सीता जी की आरती करते हुए दिखाए जाते हैं। आरती का आयोजन लगभग 40 से 50 मिनट तक किया जाता है। जिससे दोनों तरफआने जाने वाले वाहनों को रोक दिया जाता है। यह प्रथा लगभग डेढ़ सौ वर्ष पूर्व आरंभ हुई थी जो कि आज तक चलती आ रही है।

# धारमपुर में शस्त्र पूजन के साथ धूमधाम से मनाया गया दशहरा पर्व

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भाईचारा एकता संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठा0 सर्वेन्द्र सिंह के निवास पर असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक विजय दशहरा शस्त्र पूजन के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ठा0 सर्वेन्द्र सिंह ने की। संयोजक कुलदीप सिंह की देखरेख में धारमपुर में शस्त्र पूजन का आयोजन हुआ।



शस्त्र पूजन करते सर्वेन्द्र सिंह व अन्य

महेश पाल सिंह उपकारी ने विधि विधान से शस्त्र पूजन कराया। बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज के अलावा अन्य लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। शस्त्रों को रोली चंदन का तिलक लगाकर पूजन किया गया। भगवान श्रीराम की आरती उतारकर प्रसाद वितरित किया गया। ठा0 सर्वेन्द्र सिंह ने जय श्रीराम उद्घोष के साथ कहा कि भगवान राम की तरह हमें सत्य का साथ देना चाहिए और अपने मन में लोगों के प्रति श्रद्धाभाव रखना चाहिए। धैर्य और संयम से कार्य करें। गरीब और असहायों की मदद करें। महेश पाल सिंह उपकारी ने पूजन के साथ भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम संयोजक ठा0 कुलदीप सिंह ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर ठा0 रमेश सिंह, श्रीकृष्ण सिंह, सुधीर सिंह, सुनील सिंह, प्रदीप सिंह, अशोक सिंह, आनंद सिंह, गोविन्द सिंह, रमन सिंह, संदीप सिंह, सिद्धार्थ सिंह, अतुल प्रताप सिंह, प्रांजुल, अभिषेक सिंह, अभिनव, रिन्कू सिंह, हरिभान सिंह गहरवार, अरविन्द सिंह चौहान, अखिलेश त्रिवेदी, राजपूत करणी सेना के जिलाध्यक्ष मंथन ठाकुर, प्रदीप सिंह राठौर, वैभव सोमवंशी, शिवदेश, शिवम, उत्कर्ष, मनोज सिंह, जितेन्द्र सिंह चौहान, राहुल चौहान, राहुल परिहार, मनीष सिंह आदि लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# आर्म्स रेसलिंग पंजा लड़ाओ प्रतियोगिता में मुहाफिज व फरदीन आदिल रहे अब्बल

**इस्लामिया स्कूल में प्रतियोगिता का हुआ आयोजन**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रविवार को इस्लामिया स्कूल फतेहगढ़ में आर्म्स रेसलिंग पंजा लड़ाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ श्रम विभाग के नोडल अधिकारी सैय्यद रिज़वान अली ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता के आयोजक मुहाफिज़ सिद्दीकी व मोहम्मद फरदीन ने बताया कि प्रतियोगिता 50, 55, 60 व 70 किलो भार वर्ग में आयोजित की गयी। प्रतियोगिता में 40 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। आयोजन मंडल के फरदीन ने बताया कि 50 किलोग्राम में मुहाफिज़ व फरदीन 55 किलोग्राम में मोहम्मद आदिल प्रथम व वैभव सिंह द्वितीय, तृतीय मोहम्मद फरहान रहे। 60 से 70 किलो भार वर्ग में सत्यम प्रथम व द्वितीय समीर रहे। इस अवसर पर श्रम विभाग के नोडल अधिकारी सैय्यद रिज़वान अली ने कहा कि हमें इन पारम्परिक खेलों को बढ़ावा देना चाहिए और प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करना चाहिए। भविष्य में ऐसी प्रतियोगिता और बड़े स्तर पर आयोजित किए जाने की आवश्यकता है। इस मौके पर शोहेल अहमद फारूकी, खुर्शीद आलम, तौसीफ अली, हाफज़ि सलमान, फराज तारिक आदि लोग मौजूद रहे।




पंजा लड़ाते खिलाड़ी

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नदौरा निवासी 21 वर्षीय सचिन यादव पुत्र सुनील यादव रविवार सुबह खाटू श्याम मंदिर में दर्शन करने जा रहा था। रास्ते में एक ढाबे के पास इटावा-बरेली हाइवे पर फर्रुखाबाद की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे सचिन यादव गंभीर रुप से घायल हो गया। मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ लग गयी। सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को सीएचसी में भर्ती कराया। डा0 सनी मिश्रा ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल सचिन को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंचे परिजन घायल को लोहिया लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने उपचार शुरु कर दिया। इस दौरान पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया। एसआई सुरेश सिंह चाहर ने बताया कि ट्रक चालक मौके से भाग गया है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।



अस्पताल में भर्ती घायल सचिन

# राष्ट्रीय कवि संगम द्वारा काव्य गोष्ठी के साथ कार्यकारिणी का हुआ गठन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**
अखिल भारतीय साहित्यिक संस्था राष्ट्रीय कवि संगम के तत्वावधान में आचार्य ओम प्रकाश मिश्र कंचन जयंती व राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मित्तल के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में काव्य गोष्ठी व जिला कार्यकारणी गठन समारोह का आयोजन किया गया।
रविवार को नगर के महादेव प्रसाद स्ट्रीट नटराज भवन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ इटावा से आए प्रवासी अधिकारी प्रांतीय अध्यक्ष राष्ट्रीय कवि रोहित चौधरी, राष्ट्रीय कवि डा0 शिवओम अम्बर, डा0 संतोष पाण्डेय, राम अवतार शर्मा इन्दु, उमाशंकर वर्मा, साहिल आदि ने सरस्वती के समक्ष प्रज्वलित कर किया। इटावा से आए राष्ट्रीय कवि प्रांतीय अध्यक्ष रोहित चौधरी ने फर्रुखाबाद कन्नौज इकाई का गठन किया। जिसमें राम मोहन शुक्ल को अध्यक्ष, राष्ट्रसेवक रोहित दीक्षित को महामंत्री बनाया गया। इसी के साथ अमित त्रिवेदी, अनुराग दीक्षित, स्मृति अग्निहोत्री को उपाध्यक्ष, विशाल श्रीवास्तव, प्रियांशु पाण्डेय, दिनेश अवस्थी, मंत्री व डाक्टर शिवओम अम्बर, संतोष पाण्डेय, अनिल प्रताप सिंह, महेश पाल सिंह उपकारी, प्रमोद दीक्षित संरक्षक, राम शंकर अवस्थी, राम अवतार शर्मा इन्दु, रविन्द्र भदौरिया, सुरेन्द्र पाण्डेय मार्गदर्शक, ओम प्रकाश दुबे, वीरेंद्र बाथम, विधि सलाहकार, अनुराग पाण्डेय रिंकू मीडिया प्रभारी चुने गए। इसी के साथ कन्नौज इकाई में अरविंद बाजपेई अध्यक्ष, कुमार विवेक, महामंत्री पुष्पेन्द्र शर्मा को उपाध्यक्ष बनाया गया। कवि रोहित ने कहा की राष्ट्रीय कवि संगम पूरे देश में कविता के माध्यम से राष्ट्र जागरण करने का कार्य करती है। संगठन का उद्देश्य भारतीय संस्कृति का संरक्षण और राष्ट्रीय चिंतन प्रमुख उद्देश्य है। राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मित्तल के 75वें जन्म दिवस पर पूरे देश में साहित्यिक आयोजन किए जा रहे है। नम्बर माह में दिल्ली में पूरे देश के सभी राज्यों जिलों के कवि पहुचेंगे। अध्यक्षता कर रहे राष्ट्रीय कवि डा0 शिवओम ने नव गठित कार्यकारणी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने आचार्य कंचन को नमन करते हुए कहा आचार्य कंचन जनपद का एक अनमोल रतन थे, वह आज भी हम सब की स्मृतियों में जीवित है। कुमार विवेक ने कहा राग रागिनी की बरसती फुहार हो। क्रूरता पे संगठित होके प्रहार हो। कोई भी अधर्म हमें तोड़ न सके, भारतीयता का ऐसा संस्कार हो। संस्कार भारती के प्रांतीय महामंत्री व भारतेंदु नाट्य अकादमी के सदस्य सुरेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि कंचन साधारण जीवन जीने वाले व्यक्ति थे। उन्होंने कला और साहित्य के लिए जीवन भर कार्य किया। काव्य गोष्ठी में कवियों ने काव्य पाठ किया। अनुराग पाण्डेय, उमाशंकर वर्मा, साहिल, डॉ0 संतोष पाण्डेय, राम अवतार शर्मा इन्दु, राम शंकर अवस्थी, संभाग अध्यक्ष दिलीप कश्यप, निहारिका पटेल, दिनेश अवस्थी, संजीव अगिनहोत्री, आदेश दीक्षित, गुड्डू अग्रवाल, प्रसून अग्रवाल, मंटू मिश्रा आदि मौजूद रहे। संचालन राम मोहन शुक्ल ने किया।
फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।



कार्यक्रम में मौजूद कवि व साहित्यकार

# रामलीला कमेटी के बैनर तले विराट दंगल का हुआ आयोजन

**पहली कुश्ती फर्रुखाबाद के भोले ने शमशाबाद के ब्रजकिशोर को पटकनी देकर जीती**

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।**

रामलीला कमेटी की तरफसे रविवार दोपहर को नगर स्थित केएसआर इंटर कॉलेज के मैदान में वर्षो से चले आ रहे परम्परागत तरीके से विराट दंगल का आयोजन कराया गया। दंगल का शुभारंभ मुख्य अतिथि कायमगंज विधायक पति अजीत गंगवार व कमेटी अध्यक्ष बबलू शुक्ला के द्वारा हाथ मिलवाकर किया गया। दंगल की पहली कुश्ती शमशाबाद के ब्रजकिशोर व भोले फर्रुखाबाद के बीच हुई। भोले ने बाजी मारी। उसके बाद फर्रुखाबाद के संजय व अलीगढ़ के सविर के बीच हुई। सविर ने संजय को पटखनी दी। एटा पहलवान आकाश व अलीगढ़ के राहुल के बीच कुश्ती हुई। आकाश ने राहुल पहलवान को हराया। दंगल की रोमांचकारी कुश्ती अयोध्या के बाबा लाठी व हाथरस के सूरज के बीच हुई। बाबा ने कुछ मिनटों में ही अचानक सूरज को पटखनी दे डाली। दर्शकों की तालियों से मैदान गड़गड़ा उठा। बताते चले कि पहलवान बाबा लाठी कई वर्षो से लगातार दंगल जीतते चले आ रहे है। तीसरे सेले की कुश्ती आगरा के सुरेश व राजस्थान के विनोद के बीच हुई। बड़े ही रोमांचक अंदाज में कुश्ती चली। पलक झपकते ही सुरेश ने विनोद को चित कर दिया। दूसरे सेले की कुश्ती आगरा के राजेश व हाथरस के अरविंद पहलवान के बीच हुई। दोनों की कुश्ती बराबर पर छूटी। अंतिम सेले की कुश्ती हाथरस के रामेश्वर पहलवान व मथुरा के हरिओम बीच हुई। अंतिम चरन में कुश्ती पहुंचने के बाद बराबर पर छुटी। कार्यक्रम का संचालन पहलवान सौरभ मिश्रा व सुरेंद्र सैनी ने किया। कार्यक्रम के दौरान निशांत गुप्ता, राघव यादव, प्रेम सिंह, राजन मिश्रा, मोनू मिश्रा, रामानंद मिश्रा, महेश शाक्य, खुच्चू खलीफा, मुकेश यादव, आलोक राजपूत, मनोज सैनी, ओमशक्ति सैनी आदि लोग मौजूद रहे।



दंगल करते पहलवान

# उत्तराखंड सरकार चलाएगी 'आओ अपने गांव, वापस आओ' अभियान

समृद्धि न्यूज

**चंपावत/नैनीताल।** उत्तराखंड सरकार प्रवासियों को वापस अपने गांव बुलाने और प्रदेश के विकास में सहयोग करने के लिये 'आओ अपने गांव वापस आओ' अभियान चलायेगी। यह बात मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को चंपावत के तामली तल्लादेश में दशहरा महोत्सव के मौके पर कही।



उन्होंने कहा कि इस अभियान की शुरूआत राज्य स्थापना दिवस नौ नवंबर से दो दिन पहले आयोजित किया जायेगा। सम्मेलन के माध्यम से प्रवासी उत्तराखंडियों को वापस उत्तराखंड बुलाने और प्रदेश के विकास में सहयोग के लिये अपील की जायेगी। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी सरकार पलायन के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर री है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करेगी। इसी के साथ यूसीसी लागू करने वाला उत्तराखंड पहला राज्य बन जायेगा।

उन्होंने बाहरी अपराधियों को भी सख्त संदेश देते हुए कहा कि उत्तराखंड अपराधियों के लिये भूमि नहीं है। उन्होंने सख्त कार्रवाई के संकेत दिये। उन्होंने आगे कहा कि लैंड जिहाद, लव जिहाद एवं धर्मांतरण के मामले में राज्य हित में कठोर निर्णय लेने पड़े तो वह पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को देश में श्रेष्ठ राज्य बनाने के लिये उनकी सरकार प्रतिबद्ध है और इसके लिये जो भी कदम उठाने होंगे तो वह लेंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि दशहरा का पर्व भी हमें यही सिखाता है कि अधर्म और अन्याय करने वाला कितना भी बलवान क्यों न हो अंत में उसकी पराजय सुनिश्चित है। हमेशा सत्य की विजय होती है। उन्होंने दशहरा के मौके पर क्षेत्र के विकास के लिये महत्वपूर्ण घोषणायें भी कीं। जिनमें तामली मेला स्थल का सौन्दर्यीकरण, रणकोची मंदिर में बाढ़ सुरक्षा कार्य, तामली क्षेत्र में पेयजल समाधान, तामली-रूपालीगाढ़ मोटर मार्ग का निर्माण एवं सतकुला पुल का निर्माण शामिल हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री ने किच्छा में एम्स सेटेलाइट सेंटर के निरीक्षण के बाद जनसभा को भी संबोधित करते हुए सख्त तेवर दिखाते हुए कहा कि प्रदेश में थूक जिहाद नहीं चलेगा और ऐसे लोगों को बख्शा नही जायेगा।

उन्होंने इसके खिलाफ समाज को भी आगे आने को कहा। उन्होंने पंतनगर अंबेडकर पार्क में डा. भीमराव अंबेडकर की आमदकद मूर्ति लगाने, अटरिया रोड का शेष निर्माण कार्य पूरा करने, बड़िया में आपदा के दौरान बहे पुल का निर्माण और दरऊ में पार्क और तालाब के सौंदर्यीकरण की घोषणा की।

## हार की हताशा में प हाहाकारी तमाशा में जुटी कांग्रेस : नकवी

**नयी दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने रविवार को कहा कि 'हार की हताशा में हाहाकारी तमाशा' में जुटी कांग्रेस, 'नफ़रती रंजिश में नकारात्मक बंदिश की बंधक' बन गई है। श्री नक़वी ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि कांग्रेस, राष्ट्रवादियों को आतंकवादी और राष्ट्र विरोधियों को राष्ट्रवादी के सर्टिफिकेट का 'मल्टीनेशनल वितरण सेंटर' बन गई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी से कुनबे की सनकी नफ़रत, कांग्रेस की सियासी मुसीबत बनती जा रही है। श्री नक़वी ने कहा कि अपने आंगन के कंटक को अखाड़े का संकट साबित करने मे लगी कांग्रेस का अपने आंगन की कलह का अखाड़े पर कोप और अंधाधुंध आक्रमण की आत्मसंतुष्टि की कोशिश अक्लमंदी नहीं अंहकार है। कांग्रेस अपने घर के घमासान का ठीकरा ईवीएम के व्यवधान पर फोड़कर आज भी आत्मचिंतन के बजाय आत्मसंतुष्टि में खुश है।

# सिद्दीकी हत्या मामले में शिंदे और देवेन्द्र फडणवीस दें इस्तीफा : इमरान प्रतापगढ़ी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि महाराष्ट्र में कड़ी सुरक्षा से लैस पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी अजित गुट के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या गंभीर मुद्दा है और इस मामले में राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे तथा उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को इस्तीफा देना चाहिए।

कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी तथा पार्टी प्रवक्ता रागिनी नायक ने रविवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बाबा सिद्दीकी को वाई श्रेणी की सुरक्षा हासिल थी, इसके बावजूद सुरक्षा में सेंध लगाकर उनकी हत्या की गई है, जो अत्यंत गंभीर है। उन्होंने कहा, बाबा सिद्दीकी को सरेआम मौत के घाट उतार दिया गया। ये वारदात किसी सुनसान बीहड़ की नहीं बल्कि मुंबई के बांद्रा की है। बाबा सिद्दीकी तीन बार के विधायक और



पूर्व मंत्री थे। उन्हें वाई लेवल की सिक्योरिटी मिली हुई थी इसके बावजूद उनकी हत्या कर दी गई। सवाल है कि यदि वाई लेवल की सिक्योरिटी से लैस व्यक्ति के साथ ऐसा हो सकता है तो आम आदमी का क्या होगा। कांग्रेस नेताओं ने कहा, ÷आज महाराष्ट्र की महायुति सरकार में हर व्यक्ति डर के साए में जी रहा है। डबल इंजन सरकार का दावा करने वाले गृह मंत्री खामोश हैं। देश में कल विजयदशमी का त्योहार था, जो बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है, लेकिन महाराष्ट्र में कल जो हुआ वो सबने देखा। गोस्वामी तुलसीदास जी ने बताया था कि राम राज्य कैसा होना चाहिए लेकिन शायद स्वघोषित धर्म के ठेकेदारों को राम राज्य के बारे में याद नहीं है। आज महाराष्ट्र में रावणराज है जिसका अंत करने के लिए जनता तैयार बैठी है और इसीलिए शायद ये चुनाव की तारीखों को टालने का काम कर रहे हैं। जब सरकार खुद अपराधियों की सरपरस्त बन जाए, तो गुनाहगारों का हौसला बुलंद रहता है। उन्होने कहा, डबल इंजन सरकार की जिम्मेदारी भी डबल हो जाती है। इस मामले में अगर सरकार की थोड़ी सी भी नैतिकता बची है तो श्री शिंदे, श्री फडणवीस और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को इस्तीफा देना चाहिए। अगर ऐसा नहीं होता है, जो जनता आपको सत्ता से हटाने के लिए तैयार बैठी है। बाबा सिद्दीकी की हत्या बहुत ही दुखद है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने इस घटना पर संवेदना प्रकट की है।

# जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र में पेयजल परियोजनाओं पर व्यय हो रहे 300 करोड़ रुपए : उप मुख्यमंत्री

एजेंसी

**धर्मशाला।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र में लगभग 300 करोड़ रुपए पेयजल की विभिन्न परियोजनाओं पर खर्च कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अभी पिछले दिनों पंचरुखी में पानी की योजना के लिए 36 करोड रुपए दिए हैं। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने यह बात कांगड़ा जिला के जयसिंहपुर में राज्य स्तरीय दशहरा उत्सव के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि कही।



उन्होंने कहा कि इसके अलावा सिंचाई की दो नई योजनाओं के लिए लगभग 8-8 करोड रुपए भी स्वीकृत किया है ताकि किसानों को खेतीबाड़ी के लिए प्रचुर मात्रा में पानी उपलब्ध हो सके। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि जयसिंहपुर में जल शक्ति विभाग का विश्राम गृह भी निर्मित किया जाएगा इस के लिए भी विभागीय अधिकारियों को औपचारिकताएं पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

**जयसिंहपुर में बनेगा नया बस अड्डा**

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जयसिंहपुर में नया बस अड्डा का निर्माण किया जाएगा ताकि इस के लिए दो करोड़ की राशि व्यय की जाएगी तथा बस अड्डे निर्माण तीव्र गति से किया जाएगा ताकि यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सके। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि जयसिंहपुर से वोल्वो बस सेवा भी आरंभ की जाएगी। उपमुख्यमंत्री अग्निहोत्री ने कहा कि हिमाचल में कला तथा संस्कृति के संवर्धन तथा संरक्षण के लिए कारगर कदम उठाए जा रहे हैं तथा हिमाचली कलाकारों को उत्सवों के माध्यम से प्राथमिकता के आधार पर मंच उपलब्ध करवाया जाएगा इस के लिए साथ पुरातन कला को संरक्षित करने के लिए भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## दिल्ली में 1,300 किग्रा से अधिक अवैध पटाखे जब्त, तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी के कई इलाकों से 1,300 किलोग्राम से अधिक अवैध पटाखे जब्त करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों की पहचान मनोज कुमार, संजय अत्री और विपिन कुमार के रूप में हुई है। उन्होंने कहा कि मनोज कुमार प्रतिबंधित पटाखे बेचने में शामिल था और अत्री पटाखों की आपूर्ति करता था। पुलिस उपायुक्त (अपराध) सतीश कुमार ने कहा, ÷दो गोदामों से कुल 1,323 किलोग्राम प्रतिबंधित पटाखे जब्त किए गए। दोनों गोदामों के मालिक और पटाखे की आपूर्ति करने वाले वाहन चालक को पकड़ लिया गया है। उन्होंने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार को बाहरी दिल्ली के बापरोला गांव में छापेमारी की और अवैध पटाखे जब्त किए।

# नक्सलियों ने जारी किया थुलथुली मुठभेड़ का वीडियो, हुआ वायरल

एजेंसी

**दंतेवाड़ा।** दंतेवाड़ा-नारायणपुर जिले की सरहद पर 4 अक्टूबर को हुई थुलथुली मुठभेड़ के बाद नक्सलियों द्वारा जारी तीन मिनट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

वीडियो में मुठभेड़ स्थल की तस्वीर के साथ गोंडी बोली के गीत के साथ वीडियो बनाया गया है। अमूमन नक्सली मुठभेड़ के बाद अपने साथी नक्सलियों के मनोबल को बनाये रखने के लिए इस तरह के प्रपोगेंड़ा वीडियो बनाकर जारी करते हैं, और यह प्रर्दशित करने का प्रयास किया जाता है कि बड़ी संख्या में बड़े नक्सली लीडरों के मारे जाने के बाद भी नक्सली संगठन आज भी मजबूत है। इसके साथ ही नक्सली वस्तुस्थिति की जानकारी मुठभेड़ के कुछ ही दिनों के भीतर पत्र के माध्यम से मारे गए नक्सलियों की जानकारी सार्वजनिक करते हैं। लेकिन इस बार मुठभेड़ के सप्ताह भर बाद भी नक्सलियों ने कोई पत्र जारी नहीं किया गया है। इससे यह आशंका बढ़ गई है कि मुठभेड़ में 31 नक्सलियों से कहीं अधिक नक्सली मारे गये हैं, वहीं घायल हैं, जिसे नक्सली बताना नही चाहते हैं।पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वीडियो की जांच की जा रही है। इस वीडियो में घटना स्थल में पड़े नक्सलियों के शव, शवों को जवान कांधे पर ढोकर ला रहे हैं वह तस्वीर, हथियारों की और मुठभेड़ में मारे गए अन्य नक्सलियों की तस्वीर है। नक्सली गोंडी में वीडियो में कह रहे हैं कि पटवारी-नाकेदारों को मारकर भगाया, साहूकारों की जमीन गरीबों में उन्होंने बांटी है। वे जल-जंगल-जमीन को बचाने लड़ाई लड़ रहे हैं।

## खबरें एक नजर में

### कोरोना काल में पैरोल पर छूटे कैदियों का मामला गर्माया

**हरिद्वार।** जेल में चल रही रामलीला का फायदा उठाकर हरिद्वार जेल से फरार हुए दो कैदियों के प्रकरण के बाद कोरोना काल में पैरोल पर छोड़े गए 581 कैदियों का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। पिछले सप्ताह ही खुलासा हुआ था कि प्रदेशभर की जेलों में बंद करीब 580 बंदी-कैदियों को कोरोना काल में पेरोल पर छोड़ा गया था। कोरोना काल के दौरान छोड़े गए कैदियों की वापसी नहीं होने के बाद पुलिस की सिरदर्दी बढ़नी शुरू हो गई है। पुलिस महानिरीक्षक डॉ. नीलेश आनंद भरणे के मीडिया को दिए गए एक इंटरव्यू के मुताबिक प्रदेशभर की जेलों से करीब 81 दोषसिद्ध कैदियों को कोरोना काल में पेरोल पर छोड़ा गया था, जबकि करीब 500 विचाराधीन बंदियों को भी छोड़ा गया था। इनमें से अब तक किसी ने भी सरेंडर नहीं किया है और फरार चल रहे हैं। इस मामले में सभी पर इनाम घोषित करते हुए गिरफ्तारी की तैयारी में पुलिस जुटी हुई है। इसी बीच हरिद्वार जेल से दो कैदी-बंदियों के फरार होने का मामला सामने आते ही प्रदेशभर से फरार चल रहे बंदियों का मामला तूल पकड़ रहा है।

### राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था चिंता का विषय : पवार

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार समूह) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार ने रविवार को कहा कि राज्य की ध्वस्त कानून व्यवस्था चिंता का विषय है। श्री पवार ने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा कि देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में पूर्व राज्य मंत्री बाबा सिद्दीकी की गोली मारकर हत्या करना फ्रदुखदफ्र है। उन्होंने लिखा कि अगर गृह मंत्री और शासक राज्य की गाड़ी को इतनी हल्के ढंग से आगे बढ़ाएंगे, तो यह आम लोगों के लिए खतरे की घंटी हो सकती है। इसकी न केवल जांच करने की जरूरत है, बल्कि जिम्मेदारी स्वीकार करने और सत्ता में बैठे लोगों के पदों से हटने की भी जरूरत है। बाबा सिद्दीकी को भावभीनी श्रद्धांजलि। उन्होंने कहा कि उनके परिवार के प्रति संवेदना।

### बाबा सिद्दीक़ी की हत्या से देशभर के लोग खौफ़जदा : केजरीवाल

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित गुट)के नेता एवं राज्य के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की मुंबई में जिस प्रकार सरेआम हत्या कर दी गई, उससे ना केवल महाराष्ट्, र बल्कि देशभर के लोग ख़ौफ़ज़दा हैं। श्री केजरीवाल ने एक्स पर कहा, फ्रमुम्बई में सरेआम राकांपा नेता की गोली मारकर हत्या की इस वारदात से ना केवल महाराष्ट्, र बल्कि देशभर के लोग ख़ौफ़ज़दा हैं। दिल्ली में भी कमोबेश यही माहौल बना दिया है इन्होंने। ये लोग पूरे देश में गैंगस्टर राज लाना चाहते हैं। जनता को अब इनके ख़िलाफ़ खड़ा होना ही पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि मुंबई के बांद्रा इलाक़े में शनिवार देर रात हमलावरों ने श्री सिद्दिकी की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

### दुर्गा प्रतिमा विसर्जन कर वापस लौट रहा ट्रेक्टर पलटा, मौत

**कवर्धा/रायपुर।** कवर्धा जिले के बोडला थानांतर्गत ग्राम भोंदा में रविवार को दुर्गा प्रतिमा विसर्जन कर वापस लौट रहा ट्रेक्टर हादसे का शिकार हो गया, ज?िसमें ट्रेक्टर चालक की मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिसस ने शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार ग्राम भोंदा में विराजित दुर्गा मां की प्रतिमा को तालाब में विसर्जन करने के बाद ट्रैक्टर वापस आ रहा था। इसी दौरान ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खाई में उतर गया, इस दौरान चक्के के नीचे दबने से ट्रेक्टर चला रहे चालक की मौत हो गई। मृतक का नाम संजू मरावी है जो कि ग्राम भोंदा का निवासी है।

### मुंबई सेंट्रल स्टेशन के पास लोकल ट्रेन के दो डिब्बे बेपटरी

**मुंबई।** महाराष्ट्र में मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन के पास रविवार दोपहर लोकल ट्रेन के दो डिब्बे पटरी से उतर गए। इस ट्रेन में कोई यात्री नहीं था और यह कारशेड की ओर जा रही थी, इसलिए इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। पश्चिम रेलवे के प्रवक्ता ने बताया कि दोपहर करीब 12.10 बजे एक लोकल ट्रेन प्लेटफार्म एक से कारशेड की ओर जा रही थी। लोकल के पीछे के दो डिब्बे अचानक पटरी से उतर गए। इससे रेलवे डिब्बों के साथ रेलवे पटरी भी क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की सूचना मिलते ही मेंटेनेंस टीम मौके पर पहुंची। टीम का मरम्मत कार्य जारी है। इस घटना से प्लेटफार्म एक से जाने वाली लोकल सेवा प्रभावित हुई है। पश्चिमी रेलवे के अधिकारी इस हादसे के कारणों की जांच कर रहे हैं और यथाशीघ्र सामान्य रेल परिचालन बहाल करने के प्रयास किए जा रहे हैं।


### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु तीन अफ्रीकी देशों की यात्रा पर रवाना

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु तीन अफ्रीकी देशों-अल्जीरिया, मॉरिटानिया और मलावी की राजकीय यात्रा पर रविवार को रवाना हुईं। राष्ट्रपति मुर्मू 13 से 19 अक्तूबर तक इन देशों की यात्रा पर हैं। यह किसी भारतीय राष्ट्राध्यक्ष की इन तीन अफ्रीकी देशों की पहली यात्रा है। राष्ट्रपति मुर्मु की यात्रा का पहला चरण अल्जीरिया से शुरू होगा, फिर मॉरिटानिया और मलावी में खत्म होगा। यह भारत के राष्ट्रपति की अल्जीरिया की पहली यात्रा होगी और 39 वर्षों के बाद किसी राष्ट्राध्यक्ष स्तर की यात्रा होगी। उनकी यात्रा का अगला चरण मॉरिटानिया होगा। 1960 में अपनी स्वतंत्रता के बाद से भारत से इतने उच्च स्तर के किसी व्यक्ति के इस अफ्रीकी राष्ट्र का दौरा करने का यह पहला अवसर है। इसके बाद राष्ट्रपति मुर्मू, मलावी के राष्ट्रपति के निमंत्रण पर 17 अक्टूबर को मलावी पहुंचेंगी। 19 अक्टूबर को वे मलावी से भारत के लिए रवाना होंगी।

### असम व भूटान के कई हिस्से में 4.6 तीव्रता का भूकंप

**गुवाहाटी।** रविवार सुबह 7:47 बजे असम और पड़ोसी देश भूटान के कई हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी 4.6 तीव्रता मापी गई। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार, भूकंप का केंद्र असम के उदालगुरी के पास जमीन के 15 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। भूकंप के निर्देशांक 26.73ए उत्तरी अक्षांश और 92.31ए पूर्वी देशांतर थे। भूकंप के झटके ढेकियाजुली, तवांग, बरपेटा, ग्वालपाड़ा, उत्तर लखीमपुर, इटानगर, जोरहाट, तेजपुर, गोलाघाट, गुवाहाटी, नगांव और डिमापुर सहित कई क्षेत्रों में महसूस किए गए। इसमें किसी के हताहत होने या बड़ी क्षति की सूचना नहीं है।

### बांद्रा से लालकुंआ के बीच उद्घाटन स्पेशल ट्रेन को झंडी



**कोटा/श्रीगंगानगर,समृद्धि न्यूज।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु बांद्रा टर्मिनल से लालकुंआ स्टेशन के मध्य साप्ताहिक स्पेशल सुपरफास्ट ट्रेन दिनांक 13 अक्टूबर को गाड़ी संख्या 09015 उद्घाटन स्पेशल चलाकर शुभारंभ किया गया। पश्चिम मध्य रेलवे के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कोटा श्री रोहित मालवीय के अनुसार यह उद्घाटन स्पेशल ट्रेन बांद्रा टर्मिनल से प्रस्थान कर कोटा, सवाई माधोपुर एवं भरतपुर स्टेशन होकर लालकुंआ पहुँचेगी ।यह गाड़ी बांद्रा टर्मिनल-लालकुंआ के बीच बोरीवली, वापी, सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा, सवाई माधोपुर, भरतपुर, मथुरा, हजरत निजामुद्दीन, गाजियाबाद, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर एवं रुद्रपुर स्टेशनों पर रूकेगी। यात्रियों की सुविधा के लिए बांद्रा टर्मिनल से लालकुंआ के बीच जल्द ही नियमित गाड़ी संख्या 22543/22544 से साप्ताहिक नई सुपरफास्ट ट्रेन चलेगी।

# महंत दिव्या गिरि ने किया सहयोग चैरिटेबल ट्रस्ट की चौथी सनातन यात्रा का शुभारंभ

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** सहयोग चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित चतुर्थ त्रिदिवसीय सनातन यात्रा का शुभारंभ रविवार को महंत दिव्या गिरि जी के कर कमलों द्वारा मनकामेश्वर मंदिर से हुआ। इस आध्यात्मिक यात्रा में 151 श्रद्धालु 2 बसों द्वारा वृन्दावन, बरसाना, और गोकुल धाम जैसे पवित्र धार्मिक स्थलों के दर्शन के लिए रवाना हुए हैं। यात्रा का आरंभ रात्रि 8 बजे हुआ, जिसमें श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण के धामों में जाकर धार्मिक और आध्यात्मिक अनुभवों का लाभ उठाएंगे। ट्रस्ट के संरक्षक बाबा अशोक दास, महंत शरणदास मंदिर के निर्देशन में यह यात्रा संपन्न होगी।




इस अवसर पर महंत दिव्या गिरि जी ने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद देते हुए कहा कि यह यात्रा न केवल धार्मिक स्थल भ्रमण तक सीमित है, बल्कि सनातन धर्म की महान परंपराओं और संस्कृति को जन-जन तक पहुँचाने का एक महत्वपूर्ण साधन भी है। उन्होंने बताया कि यात्रा के माध्यम से श्रद्धालु अपने धार्मिक मूल्यों को और अधिक गहराई से अनुभव कर सकेंगे। सहयोग चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक और अध्यक्ष पंडित लक्ष्मी प्रकाश दीक्षित (दीपू भैया) ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य श्रद्धालुओं को धार्मिक जागरूकता प्रदान करना और सनातन धर्म के सिद्धांतों का प्रचार-प्रसार करना है। यात्रा के मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा उपस्थित थे। उनके साथ अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार विजयकांत मिश्रा, अनुपम त्रिपाठी, दुर्गेश दीक्षित, धर्मेंद्र दीक्षित और रंजन महेश्वरी भी यात्रा में सम्मिलित हुए।

## सर्राफा बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी, सोना और चांदी के भाव चढ़े

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में आज लगातार दूसरे दिन तेजी का रुख नजर आ रहा है। सोने के भाव में आज आए उछाल के कारण देश के अधिकांश सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 77,820 रुपये से लेकर 77,670 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 71,350 से लेकर 71,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी की कीमत में तेजी आने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 97,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 77,820 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 71,350 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं मुंबई में 24 कैरेट सोना 77,670 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 71,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान का आयोजन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** बुद्धेश्वर चौराहे पर माण्डवी फाउंडेशन द्वारा सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से आज सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में स्थानीय पुलिस ने भी पूरा सहयोग दिया। कार्यक्रम के दौरान आने जाने वाले राहगीरों को पम्प्लेट बांटकर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया।



संस्था के अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह ने यातायात नियमों की अनदेखी के कारण हो रही दुर्घटनाओं पर गहरी चिंता जताई और सभी से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपने और दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखे। सड़क सुरक्षा अभियान के तहत आने वाले दिनों में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में और भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा, जीवन रक्षा और यातायात नियमों का पालन करें जैसे नारों के साथ शहर के मुख्य मार्गों पर जन जागरूकता फैलाई गई।

कार्यक्रम के अंतर्गत स्थानीय पुलिस ने भी संस्था के साथ मिलकर लोगों को सुरक्षित वाहन चलाने, हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट का उपयोग करने और नशे की हालत में वाहन न चलाने जैसी महत्वपूर्ण जानकारियाँ दीं। कार्यक्रम समापन के बाद जागरूकता अभियान में सहयोग करने के लिए माण्डवी फाउंडेशन द्वारा सुधीर सिंह-सब इंस्पेक्टर थाना-पारा, बुद्धेश्वर चौकी इंचार्ज और जय राज-टीएसआई थाना-पारा, बुद्धेश्वर चौकी को माल्यार्पण व शील्ड दे कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में माण्डवी फाउंडेशन के अन्य सदस्यगण सुधा शर्मा, चाँदनी पांडेय, साक्षी सिंह, जेसिका सिंह, मीनाक्षी देवल (मीना), सोनी रावत, सेनू गुप्ता, आलोक त्रिपाठी, आर.के. चौरसिया, वीर राठौर, अंकित पाण्डेय, सचिन देवल, अमरेन्द्र सिंह, जय सिंह, आलोक कश्यप आदि ने कार्यक्रम में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

# उत्तराखंड में भारत-कजाकिस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास काजिंद संपन्न

एजेंसी

**देहरादून/जोशीमठ।** भारत-कजाकिस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास काजिंद-2024 का आठवां संस्करण रविवार को सूर्या विदेश प्रशिक्षण नोड, औली में संपन्न हुआ। इस दौरान संयुक्त अभियान चलाने की रणनीति, तकनीक और प्रक्रियाओं में अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा और आतंकवाद विरोधी अभियान चलाने के लिए दोनों पक्षों की संयुक्त सैन्य क्षमता को बढ़ाना को लेकर अभ्यास किया गया।



यह अभ्यास 30 सितंबर से 13 अक्टूबर तक आयोजित किया गया था। काजिंद अभ्यास भारत और कजाकिस्तान में वैकल्पिक रूप से आयोजित एक वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम है। पिछला संस्करण जुलाई, 2023 में कजाकिस्तान में आयोजित किया गया था। कुल 120 कर्मियों वाली भारतीय टुकड़ी का प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से कुमाऊं रेजिमेंट की एक बटालियन और भारतीय वायु सेना के अलावा अन्य सेवाओं के कर्मियों की ओर से किया गया था जबकि 60 कर्मियों वाली कजाकिस्तान टुकड़ी का प्रतिनिधित्व मुख्य रूप से सैन्य बल, वायु रक्षा बल और एयरबोर्न असॉल्ट सैन्य कर्मियों की ओर से किया गया था। अभ्यास काजिंद का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र जनादेश के अध्याय आठ के तहत एक उप पारंपरिक परिदृश्य में आतंकवाद विरोधी अभियान चलाने के लिए दोनों पक्षों की संयुक्त सैन्य क्षमता को बढ़ाना था।

संयुक्त अभ्यास अर्ध-शहरी और पहाड़ी इलाकों में संचालन पर केंद्रित था। संयुक्त प्रशिक्षण से जो उद्देश्य प्राप्त हुए उनमें उच्च स्तर की शारीरिक योग्यता, सामरिक स्तर पर संचालन के लिए अभ्यास और परिष्कृत अभ्यास और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना शामिल है।

अभ्यास के दौरान किए गए सामरिक अभ्यास में एक परिभाषित क्षेत्र पर कब्जा करने की कार्रवाई, आतंकवादी कार्रवाई का जवाब देना, एक संयुक्त आदेश चौकी की स्थापना, एक खुफिया और निगरानी केंद्र की स्थापना, एक हेलीपैड/लैंडिंग साइट की सुरक्षा, फ्री फॉल और विशेष हेलिबोर्न ऑपरेशन शामिल थे। अभ्यास में घेराबंदी और तलाशी अभियान के अलावा ड्रोन का इस्तेमाल और ड्रोन विरोधी प्रणाली का उपयोग भी शामिल रहा।

## आज से शुरू होगा टीएसएच थर्ड स्टैग ग्लोबल यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट

**कानपुर।** द स्पोर्ट्स हब और कानपुर टेबल टेनिस एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में टीएसएच थर्ड स्टैग ग्लोबल यूपी स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट का आगाज सोमवार 14 अक्टूबर से होगा। 16 अक्टूबर तक 'द स्पोर्ट्स हब' आर्यनगर में होने वाले इस टूर्नामेंट में प्रदेश के विभिन्न जनपदों के लगभग 600 खिलाड़ी भाग लेंगे, जिनमें कई नेशनल-इंटरनेशनल खिलाड़ी भी शामिल हैं। टूर्नामेंट का उद्घाटन अपराह्न 12 बजे आरएसएस के प्रांत प्रचारक श्रीराम सिंह बतौर मुख्य अतिथि करेंगे। यह जानकारी रविवार को उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव पाठक 'बॉबी', 'द स्पोर्ट्स हब' के डायरेक्टर ऑपरेशंस पी.के. श्रीवास्तव तथा डायरेक्टर स्पोर्ट्स आर.पी.सिंह ने दी। संजीव पाठक ने बताया कि प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में लखनऊ के दिव्यांश श्रीवास्तव और महिला वर्ग में गाजियाबाद की अनिका गुप्ता को प्रथम वरीयता दी गई है। इसी क्रम में कानपुर अद्वित गुप्ता को पांचवीं तथा सत्यम गिरी गुप्ता को आठवीं वरीयता मिली है।

# लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों पर हमले का भारत ने किया विरोध

एजेंसी

**बेरुत।** लेबनान में संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल (यूएनआईएफआईएल) में अपने सैनिक भेजने वाले 34 देशों ने शांति सैनिकों पर इजरायली हमलों की निंदा करते हुए शनिवार को संयुक्त बयान जारी किया। भारत ने इस संयुक्त बयान को पूरा समर्थन देते हुए कहा है कि वह पूरी तरह इसके साथ है। भारत के 903 सैनिक यूएनआईएफआईएल के तहत लेबनान में तैनात हैं।

इसराइल-लेबनान सीमा पर बिगड़ते हालात को लेकर भारत ने चिंता जाहिर करते हुए इसराइली कार्रवाई के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र के बयान पर अपनी सहमति जताई है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन ने एक्स पोस्ट में लिखा कि ÷एक प्रमुख सैनिक योगदान देने वाले देश के तौर पर भारत, 34 सैन्य योगदान देने वाले देशों की तरफ से जारी संयुक्त बयान से पूरी तरह से सहमत है।÷ शांति सैनिकों की सुरक्षा को सबसे अहम मानते हुए भारत ने कहा है कि इसे मौजूदा यूएनएससी प्रस्तावों के हिसाब से सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उल्लेखनीय है कि दक्षिणी लेबनान में इजरायल-हिजबुल्लाह बीच चल रही जमीनी संघर्ष में नकौरा स्थित यूएनआईएफआईएल मुख्यालय पर भी हमले हुए।

इन हमलों में कम से कम पांच शांति सैनिक घायल हुए हैं। इजरायली ने भी स्वीकार किया है कि उसके हमले में शांति सैनिक घायल हुए हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इजरायल से लेबनान में शांति सैनिकों पर गोलीबारी बंद करने की अपील की है। शांति सैनिकों के बल में दर्जनों देशों के करीब 10 हजार सैनिक हैं जिनमें दूसरी सर्वाधिक संख्या भारतीय सैनिकों की है। इसमें करीब 900 भारतीय सैनिक शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले एक साल में हमास व हिज्बुल्लाह के खिलाफ इजराइल की कार्रवाइयों को लेकर भारत ने बेहद संतुलित रूप से फैसला लिया है लेकिन शांति सैनिकों पर हमले के बाद भारत का स्टैंड अलग दिख रहा है।